वर्ष- 12 अंक - 292
लखनऊ, शनिवार 14 जून, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बरसात के मौसम में भी सैलानियों को मिलेगा जंगल सफारी का आनंद : जयवीर 03

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में आरकेएस की अहम भूमिका 04


## बम की धमकी के बाद एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** थाईलैंड के फुकेट से भारत की राजधानी नई दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान एआई-379 में शुक्रवार को बम की धमकी मिली, जिसके बाद विमान को आपातकालीन लैंडिंग करानी पड़ी। इस विमान में सवार सभी यात्री सुरक्षित हैं।

विदेशी मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, बम की धमकी मिलने के बाद एअर इंडिया के विमान की थाईलैंड में आपात लैंडिंग हुई है। थाईलैंड एयरपोर्ट के एक अधिकारी के मुताबिक आपातकालीन योजना के अनुरूप एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 379 के सभी 156 यात्रियों को विमान से बाहर निकाल लिया गया है। प्रारंभिक तलाशी के बाद अधिकारियों को संबंधित एअर इंडिया के विमान के अंदर कोई बम नहीं मिला है।

### पठानकोट एयर फोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग

**चंडीगढ़।** पंजाब के पठानकोट में शुक्रवार को एयरफोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग हुई है। पायलट व अन्य जवान सुरक्षित हैं। पुलिस ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। एयर फोर्स के अपाचे हेलीकॉप्टर ने शुक्रवार को पठानकोट एयरबेस से उड़ान भरी थी। हलेड़ा गांव के पास पहुंचने पर तकनीकी खराबी आ गई।

## पश्चिमी यूपी के कई जिलों में हुई झमाझम बारिश, 15 तक पूरे राज्य में बदलेगा मौसम

▸ 18 से यूपी में मानसून देने लगेगा दस्तक, 20 से होगी तेज बारिश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्री मानसून की गतिविधियां शुरु हो चुकी हैं और शुक्रवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई।

मौसम विभाग के अनुसार प्री मानसून की यह गतिविधियां 15 जून तक पूरे राज्य में सक्रिय हो जाएंगी। इससे पश्चिमी यूपी से लेकर बुन्देलखण्ड और पूर्वी उत्तर प्रदेश तक बारिश होगी, जिससे लोगों को काफी हद तक राहत मिल सकती है और पूरे राज्य का मौसम बदल जाएगा। इसके साथ ही 18 जून से उत्तर प्रदेश में मानसून दस्तक देना शुरु कर देगा और 20 से झमाझम मानसून बारिश होने लगेगी।

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में प्री-मानसूनी गतिविधियां तेज़ हो गई हैं। पश्चिमी जिलों बिजनौर (21 मिमी.), लखीमपुर खीरी (14.4), पीलीभीत (12), सहारनपुर (10.6),बरेली (5.2), बिजनौर (3 मिमी.) बारिश हुई है। इसके साथ ही मुज़फ्फरनगर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर जैसे जिलों में रुक-रुक कर हल्की से मध्यम वर्षा रिकॉर्ड की गई है, कुछ जगह बरसात अभी तक जारी है। आगामी तीन दिनों यानी 15 जून तक प्री मानसून की गतिविधियां धीरे-धीरे पूरे राज्य में अपना असर दिखाएंगी और पश्चिमी यूपी से लेकर पूर्वांचल और बुंदेलखंड तक बादलों की गर्जना और भारी बारिश की बौछारें दिखने लगेंगी। यह गतिविधियां 18 जून तक सक्रिय रहेंगी जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की काफी हद तक संभावना है।

### चक्रवाती परिसंचरण बनने से राज्यों में होगी भारी बारिश

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 14 जून को उत्तरी बंगाल की खाड़ी में एक और चक्रवाती परिसंचरण बनने की संभावना है। यह सिस्टम ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के रास्ते आगे बढ़ेगा। इस सिस्टम के सक्रिय होने से इन राज्यों में भारी बारिश होगी और मानसून तेजी से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा जिससे उत्तर प्रदेश में मानसून 18 जून को दस्तक देगा। इससे यूपी के सभी इलाकों यानी पश्चिम यूपी, अवध, पूर्वांचल और बुंदेलखंड के इलाकों में 20 जून के बाद झमाझम बारिश देखने को मिलेगी।

### 16 जून तक पूर्वानुमान

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि 14 जून को भी सहारनपुर से लेकर पीलीभीत, लखीमपुर खीरी तक के तराई जिलों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश संभव है। 14 जून को सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, गोण्डा, अयोध्या, अमेठी, सुलतानपुर आदि जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। कही कही तेज बारिश भी संभव है। 15-16 जून से लखनऊ, उन्नाव, हरदोई और बाराबंकी सहित पूरे अवध क्षेत्र में जिलों में प्री मानसून की हल्की से मध्यम बारिश की गतिविधियां सक्रिय हो जाएगी। आज गोरखपुर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, देवरिया, कुशीनगर, बलिया और संत कबीर नगर में हल्के बरसाती बादलों की उपस्थिति बनी हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### लखमा व बेटे की संपत्ति, कांग्रेस कार्यालय की इमारत अटैच

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ के चर्चित आबकारी घोटाला मामले में पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा की संपत्ति को अटैच कर दिया है। अटैच की गई संपत्ति में सुकमा स्थित कांग्रेस जिला कार्यालय की इमारत भी है। यह पहली बार है जब किसी राजनीतिक पार्टी के कार्यालय को अटैच किया गया है। ईडी ने यह कार्रवाई 11 जून को की थी, लेकिन इसकी आधिकारिक जानकारी शुक्रवार को दी गई। ईडी के अनुसार जांच में सामने आया है कि हरीश लखमा ने आबकारी घोटाले से अर्जित कालेधन का निवेश अचल संपत्तियों में किया था। अटैच की गई संपत्तियों में सुकमा स्थित बहुमूल्य भूमि, भवन और बैंक खातों में जमा राशि भी शामिल है। इस कार्रवाई में सुकमा स्थित जिस कांग्रेस कार्यालय को अटैच किया गया है, वह संपत्ति हरीश लखमा के नाम पर दर्ज है। यह भवन लंबे समय से कांग्रेस का जिला कार्यालय रहा है। भवन की खरीद-फरोख्त में शराब घोटाले की रकम का इस्तेमाल किया गया। ईडी ने इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कार्रवाई करते हुए इसे अपराध से अर्जित संपत्ति मानते हुए जब्त किया है।

### मणिपुर में इंटरनेट सेवाएं फिर से की गईं बहाल

**इंफाल।** मणिपुर में राजधानी सहित पांच जिलों में शुक्रवार सुबह छह बजे इंटरनेट सेवाएं बहाल कर दी गईं। इंटरनेट पर बार-बार प्रतिबंध से सामान्य सरकारी और निजी तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर गंभीर असर पड़ा एवं शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन अरामबाई टेंगोल (एटी) के नेता की गिरफ्तारी के बाद सात जून की रात 11.45 बजे से राज्य की राजधानी समेत पांच जिलों में इंटरनेट पर फिर से प्रतिबंध लगा दिया गया था। राज्य सरकार ने प्रतिबंध के बाद अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। एटी ने अपने नेता की गिरफ्तारी के विरोध में दस दिन बंद की घोषणा की लेकिन तीसरे दिन इसे वापस ले लिया।

### ईरान पर इजरायली हमलों के बारे में पहले से थी जानकारी

**मॉस्को।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें ईरान में इजरायली हमलों की पहले से ही जानकारी थी। एक साक्षात्कार में श्री ट्रंप ने कहा कि यह हमला उनके लिए हैरानी का सबब नहीं था।

## पीएम मोदी ने विमान हादसा स्थल का किया निरीक्षण व घायलों का जाना हाल

▸ एएआईबी ने क्षतिग्रस्त हॉस्टल की छत से ब्लैक बॉक्स को खोजा

एजेंसी





प्रधानमंत्री ने विमान हादसे में बचे इकलौते यात्री रमेश विश्वास कुमार से भी मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को एअर इंडिया के विमान हादसा स्थल पर पहुंच कर वहां चलाए जा रहे राहत कार्यों का जायजा लिया और अस्पताल जाकर घायलों से मिले। उन्होंने विमान हादसे में जिंदा बचे इकलौते यात्री से भी बातचीत की। दुर्घटनास्थल पर आज भी बड़े स्तर पर राहत और बचाव कार्य जारी है। काफी संख्या में राहतकर्मियों की टीमें लगाई गई हैं। हादसे में मृतकों की पुख्ता पहचान के लिए आज बड़ी संख्या में परिजनों के डीएनए सैंपल लिए गए। आज एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने क्षतिग्रस्त हॉस्टल की छत से ब्लैक बॉक्स को खोज निकाला है। जिससे हादसे के बारे में खास जानकारी हासिल हो सकेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने आज सुबह विमान हादसा स्थल पर पहुंचकर विमान हादसे के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मेडिकल हॉस्टल और मेस बिल्डिंग का निरीक्षण किया। वे अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती घायलों से मिलने गए और करीब 10 पीड़ितों व उनके परिवार के सदस्यों से बातचीत की। विमान हादसे के शिकार हुए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। प्रधानमंत्री के साथ राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और गृहराज्य मंत्री हर्ष संघवी भी रहे।

प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में उच्चस्तरीय बैठक कर हादसे के बाद की परिस्थितियों और राहत कार्यों को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उधर, हादसा स्थल पर व्यापक रूप से राहत कार्य जारी है। इसके साथ ही हादसे में जान गंवाने वाले यात्रियों की पुख्ता पहचान के लिए बड़े स्तर पर परिजनों के डीएनए सैंपल लिए जा रहे हैं। विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले यात्रियों के अबतक 219 परिजनों के डीएनए टेस्टिंग और ब्लड सैंपल लिए गए हैं। बाकी परिजनों से भी संपर्क किया जा रहा है।

### अहमदाबाद दुर्घटनास्थल से 270 लोगों के शव बरामद

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गये 270 लोगों के शव अब तक बरामद किये गये हैं जबकि 47 घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक वरिष्ठ पुसिस अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना स्थल से अब तक 265 शव बरामद कर लिये गये हैं और उनकी पहचान का काम जारी है। उन्होंने बताया कि अब तक मृतकों 219 रिश्तेदार डीएनए जांच और रक्त के नमूने देने के लिए आ चुके हैं और उनके नमूने लिए जा चुके हैं। बाकी के परिवारों से इस संबंध में संपर्क किया जा चुका है। नमूने लेने के लिए फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (एफएसएल) की 10 टीमों के 36 विशेषज्ञ चौबीस घंटे ड्यूटी पर हैं। दुर्घटना में घायल 47 लोगों को सिविल अस्पताल लाया गया था। इनमें से 16 का उपचार बाह्य रोगी के रूप में और 31 का उपचार अस्पताल में रख कर किया जा रहा है।

### यह दुर्घटना समूह के इतिहास का सबसे काला दिन : चंद्रशेखरन

**नयी दिल्ली/मुंबई।** टाटा समूह के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन ने अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरने वाले विमान के तत्काल दुर्घटनाग्रस्त होने को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शुक्रवार को कहा है कि यह कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन है और भविष्य में ऐसी घटनाएं नहीं हों इसके लिए सुरक्षा पर ही सबसे ज्यादा फोकस करने की जरूरत है। श्री चंद्रशेखरन ने अपने सहकर्मियों को लिखे पत्र में कहा कल जो हुआ, वह समझ से परे है और समझ नहीं आ रहा है कियह सब कैसे हो गया। हम जानते हैं कि एक व्यक्ति को खो देना भी एक बड़ी त्रासदी है लेकिन यहां तो एक साथ इतने लोगों की जान चली गयी है। जिन लोगों ने इस दुर्घटना में अपने परिजनों को खोया है उन्हें इस हालात में शब्दों से सांत्वना नहीं मिल सकती लेकिन हमारी संवेदनाएँ दुर्घटना में मारे गए और घायल हुए लोगों के परिवारों और उनके प्रियजनों के साथ है।

## भाजपा नेता पशुपति हत्याकांड में 16 आरोपियों को उम्रकैद की सजा

▸ फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) कुलदीप सिंह की अदालत के फैसले को परिजनों ने सराहा

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता पशुपति नाथ सिंह हत्याकांड में शुक्रवार को फास्ट ट्रैक कोर्ट (प्रथम) कुलदीप सिंह की अदालत ने 16 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके पहले आरोपितों को अदालत ने गुरुवार को दोषी करार दिया था। अदालत ने आरोपितों को हत्या, बलवा, जानलेवा हमला और साजिश की धाराओं में दोषी माना। आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा मिलने के बाद मारे गए भाजपा नेता के परिजनों ने खुशी जताई और न्यायालय के प्रति आभार जताया।

भाजपा नेता के पुत्र राजकुमार सिंह ने अदालत से हत्यारों को फांसी देने की मांग की। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी मनोज गुप्ता, विनय कुमार सिंह, बिंदु सिंह ने केस में पैरवी की। 12 अक्टूबर 2022 को सिगरा स्थित जय प्रकाश नगर कॉलोनी के देसी शराब के ठेके पर इलाकाई शातिर बदमाश मंटू सरोज व राहुल सरोज अपने दो साथियों के साथ शराब पीने के बाद रास्ते में हंगामा कर रहे थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे भाजपा नेता पशुपतिनाथ सिंह के पुत्र राजकुमार सिंह ने यह देखा तो उन्होंने बदमाशों को डांटा- फटकारा। चारों कुछ देर राजकुमार सिंह से तीखी बहस करने के बाद वहां से चले गए। राजकुमार सिंह भी अपने घर के लिए लौट ही रहे थे कि अचानक मंटू सरोज, राहुल सरोज अपने साथियों को लेकर वहां पहुंचा और उन्हें घेर कर लोहे की रॉड से पीटने लगा। राजकुमार की चीख-पुकार सुन कर पिता पशुपति नाथ सिंह बेटे को बचाने के लिए दौड़ कर वहां पहुंचे तो हमलावरों ने उन पर भी जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से पशुपतिनाथ सिंह को अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। तब तक मोहल्ले के लोग भी वहां जुट गए। यह देख बदमाश वहां से लोगों को धमकाते हुए भाग निकले। परिजन गंभीर रूप से घायल पशुपतिनाथ सिंह और राजकुमार सिंह को लेकर बीएचयू ट्रॉमा सेंटर ले गए। जहां चिकित्सकों ने भाजपा नेता को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पशुपतिनाथ सिंह के पुत्र रुद्रेश कुमार सिंह की तहरीर पर 17 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था। इस मामले में दो दरोगा सहित 9 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड किया गया था। भाजपा नेता की हत्या की जानकारी पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शोक संवेदना जताने के लिए आवास पर पहुंचे थे।

### फिल्म ठग लाइफ विवाद पर सुप्रीम कोर्ट का कर्नाटक सरकार को नोटिस

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मशहूर फिल्म अभिनेता कमल हासन की मुख्य भूमिका वाली फिल्म ठग लाइफ को कर्नाटक के सिनेमाघरों में प्रदर्शित करने पर प्रतिबंध के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका पर शुक्रवार को राज्य सरकार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने ठग लाइफ पर प्रतिबंध के खिलाफ महेश रेड्डी की याचिका पर कर्नाटक सरकार को नोटिस जारी करके अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया। याचिका में आरोप लगाया गया है कर्नाटक सरकार ने आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं के पालन किए बगैर राज्य मे फिल्म के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया।

## माफिया सुधीर सिंह ने लखनऊ की कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

▸ खजनी क्षेत्र में व्यापारी पर जानलेवा हमले के मामले में है आरोपी

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** माफिया सुधीर सिंह खजनी क्षेत्र में व्यापारी पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी है। 27 मई की रात माफिया सुधीर सिंह ने बेलीपार के भौवापार निवासी अंकुर शाही पर एक दावत के जानलेवा हमला दौरान किया था। माफिया सुधीर सिंह ने आर्म्स एक्ट मामले में लखनऊ न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उसे जेल भेज दिया गया है।

माफिया सुधीर सिंह खजनी क्षेत्र में व्यापारी पर जानलेवा हमले के मामले में आरोपी है। 27 मई की रात माफिया सुधीर सिंह ने बेलीपार के भौवापार निवासी अंकुर शाही पर एक दावत के दौरान जानलेवा हमला किया था। खजनी थाने में केस दर्ज कर पुलिस उसकी धर पकड़ में जुटी थी। जानकारी के अनुसार, 27 मई की रात खजनी क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमले के बाद भागे फिर रहे सुधीर के न्यायालय में समर्पण करने की अटकलें तेज थी। पूर्व में वह कई बार चकमा देकर न्यायालय में समर्पण कर चुका है। गोरखपुर जिले के खजनी थाना क्षेत्र में 27 मई की रात को दावत में माफिया सुधीर ने बेलीपार के रहने वाले अपने पूर्व सहयोगी अंकुर शाही पर रॉड से जानलेवा हमला कर दिया था।

### कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7131

**नयी दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमण के सक्रिय मामलों में कमी आने से सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 7131 रह गयी। आज सुबह आठ बजे तक कोरोना संक्रमण के 23 नये सक्रिय सामने आये और एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गयी है। गुरुवार को सक्रिय मामलों की संख्या 7154 तक पहुंच गयी थी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से आज जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण से केरल में एक मरीज की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 78 हो गयी है। यह वायरस हालांकि अब आपातकालीन स्तर का खतरा नहीं है, लेकिन स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि कोरोना इन्फ्लूएंजा की तरह मौसमी रूप से फैलता रहता है।

## इजराइल की ईरान पर एयर स्ट्राइक में 78 की मौत

▸ 329 लोग घायल, छह परमाणु वैज्ञानिक व चार मिलिट्री कमांडर मारे गए

एजेंसी



**तेहरान/तेल अवीव।** इजराइल ने शुक्रवार सुबह 200 फाइटर जेट्स से ईरान के 6 ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। इसमें 78 लोग मारे गए और 329 घायल हो गए। मरने वालों में ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक और टॉप 4 मिलिट्री कमांडर समेत 20 सैन्य अफसर हैं। इजराइली हमले के जवाब में ईरान ने दोपहर में पलटवार किया और 100 से ज्यादा ड्रोन दागे।

इजराइली सेना ने दावा किया है कि उन्होंने सभी ड्रोन मार गिराए। अभी तक एक भी ड्रोन इजराइल की सीमा में नहीं पहुंचा। इस बीच इजराइली पीएम नेतन्याहू ने पीएम मोदी से फोन पर बात कर मिडिल ईस्ट के हालात की जानकारी दी। नेतन्याहू जल्द ट्रम्प और पुतिन से बात करेंगे। इससे पहले सुबह इजराइल ने ईरान पर 200 फाइटर जेट्स से हमला किया था। इजराइली सेना ने तेहरान के आसपास कम से कम 6 सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इन 6 में से 4 जगहों पर परमाणु ठिकाने भी मौजूद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि इजराइली हमले में इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडर हुसैन सलामी की मौत हो गई है। अल-जजीरा के मुताबिक हमले में ईरान के दो प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मोहम्मद मेहदी तेहरांची और फरदून अब्बासी भी मारे गए हैं। इजराइल ने यह दावा किया है कि हमले में ईरान के आर्मी चीफ मोहम्मद बाघेरी, सेना के अन्य बड़े अधिकारी और कुछ वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं।

## एयर इंडिया के सभी बोइंग ड्रीमलाइनर विमानों की होगी सुरक्षा जांच : डीजीसीए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने शुक्रवार को एअर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर बेड़े के सुरक्षा जांच के आदेश दिए हैं। इसमें कहा गया है कि बोइंग के 787-8 और 787-9 हवाई जहाजों की हर उड़ान से पहले जांच होगी। सभी रिपोर्ट्स डीजीसीए को सौंपी जाएंगी। डीजीसीए ने एअर इंडिया को जेनएक्स इंजन वाले बोइंग 787-8 और 787-9 विमानों के अतिरिक्त रखरखाव का निर्देश दिया है। यह आदेश 15 जून से लागू हो जाएगा।

### हर उड़ान से पहले ये 9 जांच जरूरी

1. फ्यूल सिस्टम की जांच यानी ईंधन से जुड़े पैरामीटर सही हैं या नहीं।
2. कैबिन में हवा पहुंचाने वाले सिस्टम की जांच।
3. इंजन कंट्रोल सिस्टम की जांच।
4. इंजन में ईंधन डालने और ऑयल सिस्टम की जांच।
5. हाइड्रोलिक सिस्टम की जांच, जो प्लेन के पहिए, ब्रेक कंट्रोल करता है
6. टेक-ऑफ के आंकड़ों जैसे रफ्तार, वजन की दोबारा समीक्षा।
7. एक नया फ्लाइट कंट्रोल चेक होगा, जो हर स्टॉप पर किया जाएगा।
8. पावर टेस्ट (इंजन ताकत की जांच) अगले 2 हफ्ते में करना अनिवार्य है।
9. पिछले 15 दिन में इन विमानों में जो भी खराबी बार-बार आई है, उसकी जांच पूरी किए बिना कोई मेंटेनेंस बंद नहीं होगा।

खुशखबरी

उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से यह जानकारी धर्मार्थ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने दी

## कैलाश मानसरोवर यात्रा : श्रद्धालुओं को मिलेगा एक लाख का अनुदान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कैलाश मानसरोवर की तीर्थ यात्रा पर जाने वाले उत्तर प्रदेश के मूल निवासियों को राज्य सरकार एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता देगी। इसके लिए श्रद्धालुओं को धर्मार्थ कार्य विभाग की वेबसाइट पर आवेदन करना होगा। यह जानकारी धर्मार्थ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने दी है।

शुक्रवार को धर्मार्थ कार्य विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने बताया कि भारत सरकार की ओर से आयोजित की जाने वाली कैलाश मानसरोवर यात्रा में सम्मिलित होने वाले यात्रियों को एक लाख रुपये की आर्थिक मदद की जाएगी। इसयात्रा पर जाने वाले उप्र का मूल निवासी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त अपने व्यक्तिगत स्रोतों अथवा प्राइवेट ट्रेवल एजेंसी के माध्यम से यात्रा पूर्ण करने वाले यात्रियों को भी अनुदान दिया जायेगा। इसके लिए यात्रा पूर्ण करने वाले यात्रियों को धर्मार्थ कार्य विभाग की वेबसाइटwww.updharmarthkarya.in पर 90 दिवस के भीतर आवेदन करना होगा। इस आवेदन के साथ नवीनतम फोटोग्राफ, आधारकार्ड, पेनकार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट एवं वीजा, बैंक खाते का विवरण, यात्रा पूर्ण करने का प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेख ऑनलाइन अपलोड करना होगा। कोई भी आवेदन पत्र भौतिक रूप से स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रमुख सचिव ने बताया कि यात्रा अनुदान के लिए आवेदन पत्र के साथ अपलोड अभिलेखों का परीक्षण धर्मार्थ कार्य निदेशालय उप्र लखनऊ करेगा। परीक्षण के उपरांत आवेदन सही पाये जाने पर धर्मार्थ निदेशालय अनुदान की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में स्थानान्तरित करेगा।

### अनुदान संबंधी आवेदन पत्र धर्मार्थ कार्य विभाग की वेबसाइट पर समस्त निर्देशों के साथ अपलोड

मुकेश मेश्राम ने बताया कि यात्रियों को सहायता राशि की सम्पूर्ण धनराशि निदेशक धर्मार्थ कार्य निदेशालय उप्र लखनऊ के निवर्तन पर रखी जायेगी। किसी यात्री की मौत होने की दशा में पति या पत्नी या आश्रित के आवेदन पर अनुदान की प्रतिपूर्ति विचारोपरान्त निर्णय लिया जायेगा। उन्होंने बताया कि अनुदान संबंधी आवेदन पत्र धर्मार्थ कार्य विभाग की वेबसाइट पर समस्त निर्देशों के साथ अपलोड है। आवेदक को समस्त निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुसंगत अभिलेखों को स्कैन कर अपलोड कराना होगा। जिस वर्ष में आवेदन किया गया है, उसी वित्तीय वर्ष के बजट प्रावधान से ही अनुदान दिया जायेगा। अगले वित्तीय वर्ष में अनुदान के लिए विचार नहीं किया जाएगा। प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम ने भी बताया कि किसी यात्री के कूटरचित अभिलेखों या अन्य सुसंगत साक्ष्यों को छुपाकर अनुदान लेने के बाद भी उससे अनुदान की धनराशि वसूल कर जायेगी और उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# विकसित भारत प्रदर्शनी का सहकारिता मंत्री ने किया अवलोकन

**प्रोफेशनल मीट में बोले- भारत प्रगति के नए सोपान रच रहा**

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित ÷प्रोफेशनल मीट÷ का आयोजन स्थानीय तथागत लॉन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर रहे, जिन्होंने 'विकसित भारत' की प्रदर्शनी का अवलोकन कर इसे भारत की उपलब्धियों का आईना बताया। मंत्री राठौर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों में भारत ने आर्थिक प्रगति, वैश्विक सम्मान और आतंकवाद पर कठोर कार्रवाई जैसे अनेक क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां अर्जित की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की नीतियों ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त




सुशासन प्रदान किया है, जिससे गरीबों, युवाओं और महिलाओं को सीधा लाभ मिला है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए शौचालय योजना, उज्ज्वला योजना, शिक्षा के अवसर और महिला आरक्षण जैसे अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं निर्भय होकर अपने अधिकारों का उपयोग कर रही हैं। पूर्व गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि भारत आज विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और रक्षा, खाद्यान्न उत्पादन तथा अंतरिक्ष अनुसंधान में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की विकासपरक राजनीति को इसका श्रेय दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला संयोजक राम जी मौर्य ने किया। प्रमुख उपस्थितजनों में विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, मंजू त्यागी, योगेश वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद मिश्रा, राम जी दीक्षित, उमाराज, रमेश चंद्र मिश्र सहित कई डॉक्टर, इंजीनियर एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धियों को दर्शाया गया, जिसका अवलोकन कर मुख्य अतिथि ने उसकी सराहना की।

## संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत, मायके वालों ने जताई शंका

**ईसानगर खीरी।** ईसानगर थाना क्षेत्र के ग्राम बेला मिलिक में एक 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने ईसानगर थाने में दी सूचना। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका के पिता श्री खगई निवासी रायपुर कमना ने थाना ईसानगर पहुंचकर दी गई सूचना में बताया कि उनकी पुत्री घुर्रा उम्र 25 वर्षीय की शादी करीब 6 वर्ष पूर्व अवधेश पुत्र बाकेलाल निवासी बेला मिलिक के साथ हुई थी। उन्होंने बताया कि दिनांक 12 जून 2025 को उन्हें सूचना मिली कि उनकी बेटी घुर्रा की मौत फांसी के फंदे से लटकने के कारण हो गई है। जब वे परिजनों के साथ ससुराल पहुंचे, तो शव छप्पर के कमरे में जमीन पर पड़ा मिला, जबकि मृतका के गले पर निशान भी मौजूद थे। परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताते है।

## गोला के विकास को लगेगा पंख, सीएम से मिले पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

नगर के विकास को एक नई ऊंचाई देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने हाल ही में लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने गोला शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और तीर्थ पर्यटन की संभावनाओं को सामने रखते हुए अनेक विकास योजनाओं की मांग पत्र के माध्यम से प्रस्तुति दी। पालिकाध्यक्ष ने विशेष रूप से सावन मास के दौरान नगर में आने वाले लाखों कांवड़ यात्रियों के लिए अयोध्या मॉडल पर स्वागत की योजना रखी। इसमें हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत करने, नगर की प्रमुख सड़कों को भगवामय सजावट से संवारने और शिवालयों के आसपास विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रस्ताव शामिल था। उनका मानना है कि इससे गोला का धार्मिक महत्व और पर्यटन दोनों को बढ़ावा मिलेगा। विकास योजनाओं में गोला में एक भव्य बारातघर का निर्माण शामिल है, जिससे आमजन को सामाजिक और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए उचित स्थान मिल सके। इसके अलावा शहर की प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थलों को आकर्षक एलईडी लाइटों से सजाने, स्मार्ट सिटी की अवधारणा के तहत सीसीटीवी नेटवर्क, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम और ई-गवर्नेंस सुविधाओं के लिए भी मांग रखी गई। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान में मां मंगला देवी मंदिर, भद्रकुंड, मुक्तिधाम और कान्हा गौशाला जैसे स्थलों पर सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। इन स्थानों को धार्मिक और पर्यटन नक्शे पर स्थापित करने के लिए विशेष रूप से संरचनात्मक बदलाव, मार्ग प्रकाश व्यवस्था और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर विकास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन सभी प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण और अमल में लाने के निर्देश देने का आश्वासन दिया। सीएम ने यह भी कहा कि गोला जैसे धार्मिक नगरों को राज्य सरकार विशेष योजना के अंतर्गत विकसित करना चाहती है ताकि धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ स्थानीय आर्थिक गतिविधियां भी सशक्त हो सकें। नगर के प्रबुद्धजनों और आम नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष के इस प्रयास की सराहना की है। उनका मानना है कि अगर प्रस्तावों को अमलीजामा पहनाया गया तो गोला गोकर्णनाथ न सिर्फ एक आधुनिक नगर के रूप में विकसित होगा, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक गौरव भी राष्ट्रीय स्तर पर पहचाना जाएगा। अगर राज्य सरकार की योजनाएं और निधि स्वीकृत होती हैं, तो गोला आने वाले वर्षों में उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक-पर्यटन नगरों में शुमार हो सकता है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को रोजगार और सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि शहर को एक नई पहचान भी प्राप्त होगी।

## खबरें एक नजर में

### विकलांग महिला पर दबंगों का हमला, पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**संसारपुर खीरी।** मैलानी थाना क्षेत्र की कुकरा चौकी अंतर्गत ग्राम खंजनपुर में एक विकलांग महिला के साथ हुई बर्बर मारपीट के मामले में पुलिस प्रशासन की निष्क्रियता सामने आई है। पीड़िता कृष्णा देवी पत्नी श्रीकृष्ण ने चौकी प्रभारी को दिए प्रार्थना पत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के ही सुधीर कुमार पुत्र अमरजीत, विपिन कुमार पुत्र ज्ञानचंद, ज्ञानचंद पुत्र हरिद्वार वाचर, जागेश्वर पुत्र हरिद्वार वाचर, अमरजीत, गीता देवी पत्नी अमरजीत और शीला देवी पत्नी जागेश्वर ने मामूली विवाद के चलते उसके घर में घुसकर बर्बर तरीके से मारपीट की है। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने विकलांगता का भी कोई लिहाज नहीं किया और उसे गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। घटना के दो दिन बीत जाने के बावजूद अभी तक आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे पीड़िता के परिजनों में आक्रोश है। जब इस संबंध में कुकरा चौकी प्रभारी अवनीश पवार से बात की गई तो उन्होंने मामले को सिर्फ रास्ते का विवाद करार देते हुए कहा, विपक्षियों का रास्ता रुका हुआ है, मैं जाकर खुलवा दूंगा। जहां तक मारपीट की बात है, कोई मारपीट हुई ही नहीं है, तो मैं क्या कार्रवाई करूं? पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### श्रद्धा और उल्लास में डूबी मझगई, माता मंजेश्वरी देवी के जन्मोत्सव पर उमड़ा आस्था का सैलाब



**पलिया कलां (लखीमपुर खीरी)।** मझगई कस्बे में 12 जून गुरुवार को माता मंजेश्वरी देवी का जन्मोत्सव पूरी श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाया गया। कस्बे की गलियों में निकली भव्य झांकियों ने जहां भक्तों को मां के विविध रूपों के दर्शन कराए, वहीं माहौल जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की टोलियां मंदिर परिसर और आयोजन स्थलों पर जुटने लगी थीं। धार्मिक आस्था से ओतप्रोत इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। भंडारे में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की विशेष भागीदारी रही। शाम होते-होते पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया जब माता रानी के दरबार में विशाल दुर्गा जागरण का आयोजन हुआ। जागरण में दूर-दराज से आए प्रसिद्ध कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। भजनों की गूंज और भक्तों की तालियों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की गरिमा तब और बढ़ गई जब पलिया विधायक रोमी साहनी, भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह समेत कई गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर माता रानी का आशीर्वाद लिया। पूरे आयोजन की कमान मंदिर प्रमुख व कार्यक्रम संयोजक अंजू सिंह ने संभाली। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी क्षेत्रीय सदस्यों, समिति सदस्यों व आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

### अज्ञात वाहन के टक्कर मारने से साइकिलसवार गम्भीर रूप से घायल, प्राथमिक उपचार के बाद रेफर



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गूमापातिमाओता (मार्केट) निवासी दिलीप गुप्ता पुत्र राम उजागर गुप्ता, जो प्रतिदिन साइकिल से पान बेचने रामपुर अरना की ओर जाते हैं, ।आज रामपुर अरना से लौट रहे थे कि बरईनडीह गन्ना कांटा के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें लगभग 11बजे टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि दिलीप गुप्ता सड़क पर गिर पड़े और उन्हें सिर में गंभीर चोट आई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने तत्काल घायल को उठाकर सादुल्लानगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। सीएचसी के चिकित्सक डाक्टर विजय भान ने प्राथमिक जांच में बताया कि घायल के सिर में गंभीर चोट है और कान से खून निकल रहा है। स्थिति नाजुक होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गोंडा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जाँच की जा रही है।

### अवैध तमंचा लेकर कबाड़ बीनने वाले गरीब युवक को दी जान से मारने की धमकी

**लखीमपुर-खीरी।** थाना मैगलगंज क्षेत्र के गांव औरंगाबाद में कबाड़ बीन कर पेट पालने वाले एक गरीब युवक को गाँव के ही दबंगों द्वारा नाजायज तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित युवक ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक खीरी से न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित हमीद उर्फ सकटे हमीद पुत्र जलील खाँ निवासी औरंगाबाद, थाना मैगलगंज ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि वह अत्यंत गरीब व असहाय व्यक्ति है तथा कबाड़ बीनकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता है। काम करने में असमर्थ होने के कारण यही उसकी रोजी-रोटी का एकमात्र साधन है। हमीद के अनुसार, बीते 25 मई 2025 को शाम करीब 5 बजे वह गांव में ही कबाड़ बीन रहा था कि तभी गांव के कमरूद्दीन व नजमुद्दीन पुत्र फत्ते हाथों में अवैध तमंचा लेकर मौके पर पहुंचे। उनके साथ सफायत पुत्र हिदायत भी था। तीनों ने मिलकर हमीद को धमकाया कि वह उनकी दुकान के आसपास कबाड़ न बीनें। जब हमीद ने इसका कारण पूछा और कहा कि उससे किसी का क्या नुकसान हो सकता है, तो दबंगों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली।

## विकास योजनाओं पर हुई व्यापक चर्चा, विमान हादसे में मृतकों को दी गई श्रद्धांजलि

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड निघासन के ब्लॉक सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख हरप्रीत कौर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत हाल ही में हुए विमान हादसे में मृत यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट के मौन से की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सरकारी योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और आगामी विकास कार्यों की दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा, स्वच्छता, सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, बाढ़ नियंत्रण, मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास योजनाएं, मनरेगा, महिला



सशक्तिकरण एवं कृषि विकास जैसे अहम विषयों पर गहन चर्चा की गई। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने योजनाओं की वर्तमान स्थिति, लाभार्थियों को प्राप्त हो रही सुविधाएं और क्षेत्र में चल रही गतिविधियों की जानकारी बैठक में साझा की। ब्लॉक प्रमुख हरप्रीत कौर ने सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और क्षेत्रवासियों का आभार जताया और पारदर्शिता के साथ कार्यों को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। पूर्व में कराए गए विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सड़क व नाली निर्माण, विद्यालयों में सुधार एवं चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार जैसे कार्यों की गुणवत्ता और उपयोगिता पर अधिकारियों से फीडबैक लिया गया। बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ने सभी प्रस्तावों को पढ़कर सुनाया और क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का व्याख्यान किया। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी जयेश कुमार सिंह ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमन दीप सिंह, सीएचसी अधीक्षक राजेंद्र कुमार, पूर्ति निरीक्षक रामसेवक यादव, ग्राम विकास अधिकारी पवन द्विवेदी, यशपाल सिंह, वीरपाल सिंह, नवीन राठौर, ग्राम पंचायत अधिकारी आसिफ खान, सुनील, पंकज, ग्राम प्रधान सुखदेव सिंह, प्रधान प्रतिनिधि कुलदीप सिंह केडी, इकराम हुसैन सहित सभी बीडीसी सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, सचिव, एडीओ पंचायत, स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई।

## एयर इंडिया विमान हादसे में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए अधिवक्ता संघ ने की शोकसभा

**लखीमपुर-खीरी।** अहमदाबाद (गुजरात) में एयर इंडिया के विमान हादसे में बड़ी संख्या में यात्रियों की मौत पर शोक व्यक्त करने के लिए शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ, लखीमपुर-खीरी के तत्वावधान में एक शोकसभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला अधिवक्ता संघ के पं. ब्रम्हादीन स्मारक हाल में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष कमला कान्त दीक्षित एड. ने की तथा संचालन संयुक्त मंत्री प्रभाकर ब्रम्ह मिश्र एड द्वारा किया गया। ज्ञात हो कि दिनांक 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें विदेशी यात्रियों सहित कई भारतीय नागरिकों की दुखद मृत्यु हो गई। मृतकों में बड़ी संख्या में मेडिकल कॉलेज के छात्र भी शामिल थे। इस

**विदेशी यात्रियों सहित सैकड़ों भारतीयों की मौत, दो मिनट का मौन रखकर दी श्रद्धांजलि**

हादसे से पूरे देश में शोक की लहर दौड़ गई है। शोकसभा में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने हादसे में मारे गए यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए गहरा शोक व्यक्त किया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं पूरे समाज के लिए पीड़ादायक होती हैं और देश के लिए भी अपूरणीय क्षति का कारण बनती हैं। अधिवक्ताओं ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहने की शक्ति दे। इस अवसर पर अध्यक्ष कमला कान्त दीक्षित एड., वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालस्टर लाल पाण्डेय एड., कोषाध्यक्ष सत्ती सरन गौतम एड., संयुक्त मंत्री प्रभाकर ब्रम्ह मिश्र एड., गवर्निंग कार्उसिल वरिष्ठ सदस्य मो. इजराईल खाॅ एड., अनिल कुमार शर्मा एड. सहित अन्य सम्मानित अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं में हरी शंकर पाण्डेय एड., ओम प्रकाश वर्मा एड., एम.एस. गौरी एड., अखिलेश तिवारी एड. आदि अधिवक्ता मौजूद रहे। सभा में वक्ताओं ने सरकार से मांग की कि विमान हादसे की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। कार्यक्रम का समापन मृतकों की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना के साथ किया गया।

## गोला कुंभी ब्लॉक को मिला नया बीडीओ, शरद कुमार सिंह ने संभाला कार्यभार

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

कुंभी विकासखंड को लंबे इंतजार के बाद नया खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मिल गया है। शुक्रवार को शरद कुमार सिंह ने बतौर नवागत बीडीओ कुंभी ब्लॉक कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। पूर्व में यहां कार्यरत खंड विकास अधिकारी हनुमान प्रसाद मिश्रा अप्रैल माह में सेवानिवृत्त हो गए थे, जिसके बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। अस्थायी रूप से यह जिम्मेदारी बांकेगंज बीडीओ को अतिरिक्त प्रभार के रूप में सौंपी गई थी। अब शरद कुमार सिंह की तैनाती




से कुंभी ब्लॉक को स्थायी प्रशासनिक नेतृत्व प्राप्त हो गया है। बीडीओ शरद कुमार सिंह प्रयागराज जिले के मूल निवासी हैं। इससे पूर्व वे मिर्जापुर जिले के पटेहरा कलां ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। शासन के निर्देशानुसार उनका स्थानांतरण कुंभी विकासखंड में किया गया है। कार्यभार संभालने के बाद बीडीओ शरद कुमार सिंह ने पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में कहा कि, क्षेत्रीय विकास, पारदर्शिता और योजनाओं का सुचारू क्रियान्वयन ही मेरी प्राथमिकता रहेगी। शासन की जो भी योजनाएं व प्राथमिकताएं हैं, उन्हें जमीनी स्तर तक उतारना मेरी जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि क्षेत्र की समस्याओं को समझते हुए ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी की जाएगी। जनता की भागीदारी से ही वास्तविक विकास संभव है। नवागत बीडीओ के कार्यभार ग्रहण के मौके पर ब्लॉक कार्यालय में कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान ब्लॉक के विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक, ग्राम प्रधान संगठन के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

## गौरीफंटा बॉर्डर पर एसएसबी और पुलिस का संयुक्त सघन गश्ती अभियान, संदिग्धों से की गई पूछताछ

**गौरीफंटा (लखीमपुर खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को सशस्त्र सीमा बल और गौरीफंटा पुलिस ने संयुक्त गश्त अभियान चलाया। यह अभियान थाना प्रभारी सतीश चंद्र और जवानों के नेतृत्व में सूंडा बाजार और ढकिया चौराहे के आसपास संचालित हुआ। संयुक्त गश्त के दौरान सुरक्षा बलों ने मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की बारीकी से जांच की और संदिग्ध नजर आने वाले व्यक्तियों से मौके पर ही पूछताछ की गई। टीम ने क्षेत्र में मौजूद दुकानों, चौक-चौराहों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों पर भी विशेष नजर बनाए रखी।

इस दौरान सुरक्षा बलों ने लोगों से बातचीत कर उन्हें सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की। सीमा से सटे इलाकों में सक्रिय तस्करी और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए इस तरह के नियमित अभियान को बेहद अहम माना जा रहा है। गौरीफंटा पुलिस और एस एस बी की यह संयुक्त कार्यवाही सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिससे क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति को और मजबूत करने में मदद मिलेगी।

## बिजली विभाग में बड़ा फेरबदल, कई अधिकारियों का स्थानांतरण

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड सीतापुर क्षेत्र के मुख्य अभियंता विवेक अस्थाना द्वारा विभागीय पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत उपखंड अधिकारियों (एसडीओ), अवर अभियंताओं (जेई) और एक सहायक अभियंता के कार्यक्षेत्र में व्यापक फेरबदल किया गया है। यह कदम विभागीय कार्यों में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही लाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस क्रम में सफरुद्दीन अंसारी को उपखंड अधिकारी द्वितीय, गोला के पद पर तैनात किया गया है। वे इससे पूर्व अन्य उपखंड में कार्यरत थे और अब गोला में बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को दूर करने और वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने की जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, गोला में पूर्व में कार्यरत उपखंड अधिकारी

**सफरुद्दीन अंसारी बने गोला के नए एसडीओ, चार जेई और एक सहायक अभियंता का भी बदला कार्यक्षेत्र**

निलांक्ष मनोष का स्थानांतरण कर उन्हें उपखंड अधिकारी तृतीय, गढ़ी, विद्युत वितरण खंड प्रथम लखीमपुर बनाया गया है। उनके कार्यकाल में गोला क्षेत्र में कई तकनीकी सुधार देखे गए थे। दुर्गेश कुमार चौरसिया, जो अब तक बिसवां सीतापुर के बिजली परीक्षण खंड में सहायक अभियंता मीटर के पद पर तैनात थे, उन्हें स्थानांतरित कर अब उपखंड अधिकारी द्वितीय, वसैगापुर, विद्युत वितरण खंड द्वितीय लखीमपुर नियुक्त किया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, यह तैनाती तकनीकी दक्षता को देखते हुए की गई है। बिजली वितरण व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने की दृष्टि से चार अवर अभियंताओं (जेई) का भी कार्यक्षेत्र बदला गया है। अजीत कुमार को रेहरिया उपकेंद्र से स्थानांतरित कर विद्युत वितरण मंडल, लखीमपुर भेजा गया है। अकमल हुसैन, जो अब तक बरबर ग्रामीण उपकेंद्र पर कार्यरत थे, अब विद्युत वितरण मंडल लखीमपुर में अपनी सेवाएं देंगे। शेर अली, जो पूर्व में बिजली उपकेंद्र गढ़ी, लखीमपुर में कार्यरत थे, को स्थानांतरित कर गोला मंडल भेजा गया है।सत्येंद्र कुमार, जो ओयल उपकेंद्र में तैनात थे, अब विद्युत वितरण मंडल गोला में अपनी सेवाएं देंगे। मुख्य अभियंता विवेक अस्थाना के निर्देशानुसार यह फेरबदल विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने, उपभोक्ता संतुष्टि में सुधार लाने तथा समयबद्ध सेवाएं सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पारदर्शिता के साथ दायित्वों का निर्वहन करें और उपभोक्ता शिकायतों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित करें।

## भीषण गर्मी से निजात पाने को बच्चों ने अपनाया देसी तरीका

**उतरौला (बलरामपुर)।** क्षेत्र में पड़ रही भीषण उमस भरी गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। सूरज की तपिश और वातावरण की तेजी से बढ़ती गर्मी के कारण नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर वर्ग के लोग परेशान हैं। लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हैं, जबकि आवश्यक कार्य से बाहर निकलने वाले लोग छांव और जल स्रोतों की तलाश करते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में उतरौला के ग्रामीण क्षेत्र में लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए एक पारंपरिक तरीका अपनाया-खेतों में लगाई गई मोटर से निकले पानी से नहाना। चित्र में साफ देखा जा सकता है कि बच्चे और बड़े मिलकर खेत की पटरी पर पानी की तेज धार के नीचे खड़े होकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश कर रहे हैं। यह



नज़ारा न सिर्फ तात्कालिक राहत का माध्यम है, बल्कि ग्रामीण जीवन की सामूहिक ऊर्जा और प्राकृतिक साधनों के प्रति विश्वास को भी दर्शाता है। भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती और जल आपूर्ति में बाधा ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई मोहल्लों और गांवों में ट्यूबवेल और हैंडपंपों से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोग खेतों के मोटर या आसपास के पोखरों-नालों की ओर रुख कर रहे हैं। तेज गर्मी के कारण हीट स्ट्रोक, चक्कर आना, सिरदर्द, और डिहाइड्रेशन जैसे मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। स्थानीय चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर में घरों से बाहर निकलने से बचने और अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि गर्मी के मद्देनज़र सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, साथ ही शहर व गांवों में पेयजल आपूर्ति सुचारु की जाए। खेत में नहा रहे एक किशोर ने मुस्कुराते हुए कहा, गर्मी से परेशान थे, घर में पंखा भी काम नहीं कर रहा था। तभी दोस्तों ने खेत में चल रही मोटर के पास चलने को कहा, अब बहुत राहत मिली।

## सूखी नहरें, खाली आसमान, किसानों की नजरें अब बादलों पर

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

उतरौला बाजार सहित क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में मानसून की देरी ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। जहां जून महीने के मध्य तक अच्छी बारिश की अपेक्षा थी, वहीं आधा जून बीत जाने के बाद भी आसमान से बूंदें नहीं बरसीं। खेत सूखे हैं और धान की नर्सरी की तैयारी के लिए किसान अब वैकल्पिक साधनों की ओर रुख करने को मजबूर हैं।

प्राकृतिक सिंचाई के अभाव में किसानों को अब डीजल इंजन से सिंचाई करनी पड़ रही है, जिससे खेती की लागत में जबरदस्त इजाफा हो गया है। प्रति घंटे इंजन चलाने में करीब 100 से 150 रुपये का डीजल खर्च आ रहा है, जबकि नर्सरी की सिंचाई के लिए प्रति बीघा कम से कम 6-8 घंटे इंजन चलाना पड़ता है। ऐसे में नर्सरी तैयार करने की लागत में ही हजारों



रुपये खर्च हो रहे हैं। स्थानीय किसान अल्ताफ ने बताया, हर साल जून के पहले सप्ताह में धान की नर्सरी डाल देते थे, लेकिन इस बार सूखा पड़ा है। मजबूरी में डीजल इंजन से सिंचाई करनी पड़ रही है। खर्च बहुत बढ़ गया है, लेकिन न करें तो पूरी फसल पर संकट आ जाएगा। राम मूरत ने चिंता जताते हुए कहा, न तो नहरों में पानी है, न बारिश हो रही है। बिजली का भी भरोसा नहीं। इंजन से खेत सींच रहे हैं, जिससे नर्सरी की लागत दोगुनी हो गई है। सरकार को किसानों के लिए सिंचाई डीजल पर सब्सिडी देनी चाहिए। सबरोज़ नामक किसान ने कहा, हम गरीब लोग हैं। मानसून की देरी ने हमारी कमर तोड़ दी है। कर्ज लेकर इंजन चला रहे हैं। अगर बारिश और नहीं हुई तो धान की रोपाई कैसे करेंगे, यह सबसे बड़ा सवाल है। वहीं हामिद अली ने बताया, अब तक 3 बार इंजन से खेत सींच चुके हैं। इसके बाद भी बारिश न हुई तो नर्सरी खराब हो जाएगी। ऊपर वाले का ही सहारा है। क्षेत्र के कई हिस्सों में स्थित नहरों में जल आपूर्ति नहीं हो रही है। पोखर और तालाब भी लगभग सूख चुके हैं। ऐसे में केवल निजी साधनों से ही किसान सिंचाई कर पा रहे हैं, जो सभी के लिए संभव नहीं है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार धान की रोपाई के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह तक नर्सरी तैयार हो जानी चाहिए, लेकिन बारिश न होने से न तो नर्सरी की अच्छी बढ़वार हो पा रही है और न ही खेतों की तैयारी ठीक से हो रही है। इससे फसल का समय चूक सकता है, जिससे उपज में भी गिरावट संभव है। किसानों की मांग है कि सरकार तत्काल प्रभाव से सिंचाई डीजल पर सब्सिडी घोषित करे और बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करे, ताकि मानसून की कमी से पैदा हुई स्थिति से निपटा जा सके। वहीं कृषि विभाग को भी किसानों को तकनीकी सहयोग और राहत प्रदान करने की ज़रूरत है। उतरौला क्षेत्र के किसान इन दिनों प्रकृति की बेरुखी से जूझ रहे हैं। एक ओर मानसून की देरी ने खेतों को सूखा कर दिया है, तो दूसरी ओर महंगी सिंचाई व्यवस्था ने उनकी लागत को दुगुना कर दिया है। अब सभी की निगाहें आसमान की ओर टिकी हैं और उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही वर्षा होकर किसानों की मेहनत रंग लाएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में आरकेएस की अहम भूमिका : सीएमओ

▸ रोगी कल्याण समितियों के सशक्तिकरण के लिए प्रशिक्षण आयोजित

समृद्धि न्यूज






**बहराइच।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के प्रयासों के तहत शुक्रवार को सीएमओ सभागार में महत्वपूर्ण प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में मोबियस फाउंडेशन और पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की उम्मीद परियोजना के सहयोग से संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में सीएचसी अधीक्षक, बीसीपीएम, बैम सहित विभिन्न स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने रोगी कल्याण समितियों (आरकेएस) की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, रोगी कल्याण समितियां मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्वास्थ्य केंद्रों के संसाधनों को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इनके फंड का ससमय और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि आम जनता को इसका अधिकतम लाभ मिल सके। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय प्रतिनिधि विजित राय ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए प्रदेश की विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में रोगी कल्याण समितियों के माध्यम से किए जा रहे नवाचारों और सकारात्मक बदलावों को साझा किया। प्रतिभागियों को विषय से संबंधित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई, जिसमें समितियों के कामकाज की झलक पेश की गई।कार्यशाला में राज्य प्रतिनिधि बलबीर सिंह ने समितियों की संरचना, कार्य पद्धति और जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने प्रतिभागियों को समिति संचालन से जुड़े व्यवहारिक पहलुओं से भी अवगत कराया। डीसीपीएम मोहम्मद राशिद ने जनपद में गठित समितियों की गतिविधियों और उनके अब तक के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत किया।इस मौके पर एसीएमओ डॉ संतोष राना, डिप्टी सीएमओ डॉ अनुराग वर्मा, डॉ शैलेन्द्र तिवारी, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से रामबरन यादव और डॉ साफिया जमीर उपस्थित रहीं।

## ठोकनी व पटाखे से हाथियों के दल को भगाने का प्रयास

**बहराइच।** जंगल से सटे गांवों में बीते 15 दिनों से हाथियों का दल गन्ने की फसल को नुकसान पहुंचा रहा है। इससे किसान काफी परेशान हैं। हाथियों के दल को देखते हुए उन्हें ठोकनी व पटाखा दगाकर हाथियों को भगाने का प्रयास किया जा रहा है। सुजौली क्षेत्र के बाढ़ से प्रभावित गांवों में स्थित गन्ने के खेत में हाथियों का मूवमेंट काफी बढ़ गया है। हाथियों का दल शाम होते ही गन्ने के खेतों में घुस जाते है और जमकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। बीते दिनों से अब तक दर्जन भर किसानों की कई एकड़ गन्ने की फसल नष्ट हो चुकी है। इनमें दाड़ागांव, टीलवा, त्रिलोकी गौढ़ी, श्रीरामपुरवा गांव प्रभावित है। सुजौली वन क्षेत्राधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि जंगल से खेत की दूरी लगभग 500 मीटर है और हाथियों का दल रात के अंधेरे का फायदा उठाकर खेतो में घुस जाते है। इसके बाद फसल को खाते है। खेतों के पीछे घर बने होने की वजह ग्रामीण हाथियों के दल को देख नही पाते है और जब जानकारी होती है, तब किसान झुंड को भगाने का प्रयास करते हैं।

# डीएम के आदेश पर सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

▸ डीएम नेहा शर्मा ने 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत सरकारी भूमि हड़पने वालों पर कसा शिकंजा

▸ संपूर्ण समाधान दिवस पर आई शिकायत बनी सख्त कार्रवाई का आधार, दर्ज हुई प्राथमिकी

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा सार्वजनिक एवं ग्रामसभा की भूमि पर अवैध अतिक्रमण की घटनाओं पर जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इसी क्रम में ग्रामसभा मानवनां, चोनपुर में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे के एक गंभीर प्रकरण में प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर थाना धानेपुर में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई है।

यह प्रकरण संपूर्ण समाधान दिवस दिनांक 3 मई 2025 को प्रस्तुत एक शिकायत में सामने आया था, जिसमें श्री शकील अहमद पुत्र सलामत द्वारा यह आरोप लगाया गया था कि ग्रामसभा मानवनां, चोनपुर, गाटा संख्या 1225 (क्षेत्रफल 0.0454 हेक्टेयर), जो राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है, उस पर श्री हजारीलाल पुत्र गिरधारीलाल द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया एवं उक्त भूमि को अन्य व्यक्तियों – हिसामुद्दीन, करीमुद्दीन, अख्तरी बानो, इकरार अहमद, एवं इरशाद हुसैन को विक्रय कर दिया गया। उक्त शिकायत को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी (सदर) अशोक कुमार गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व टीम को जांच के निर्देश दिए।

जांच उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन में आरोपों को सत्य पाया गया। जिसके आधार पर जिलाधिकारी द्वारा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश निर्गत किए गए। उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया कि राजस्व विभाग के लेखपाल हितेश कुमार तिवारी द्वारा थाना धानेपुर में विधिसम्मत शिकायत दर्ज कराई गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तालाब की भूमि सार्वजनिक हित हेतु आरक्षित होती है, जिसे न तो विक्रय किया जा सकता है और न ही उस पर किसी प्रकार का निजी स्वामित्व स्थापित किया जा सकता है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा है कि जनहित में आरक्षित सार्वजनिक एवं ग्रामसभा की भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण, अवैध विक्रय अथवा फर्जी अभिलेखों के आधार पर संपत्ति संबंधी लेन-देन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस प्रकार के प्रकरणों में एफआईआर दर्ज कर दोषियों के विरुद्ध कठोर विधिक एवं न्यायालयीन कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार भूमि की राजस्व अभिलेखों में पुनर्प्राप्ति की कार्रवाई भी की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### दिनदहाड़े अधेड़ पर किया जानलेवा हमला लहूलुहान



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत माधवपुर के मजरा मधुराघाट चौबेपुरवा गांव निवासी अमर सिंह किसी काम बस गोण्डा गया था और लौटे समय विपक्षी विनोद तिवारी व दीनानाथ ने पहले से राहजनी कर रखें थे। पीड़ित जैसे वहां पहुंचा की रॉड व लाठी से अधेड़ पर वार करना शुरू कर दिया जिस हमले में प्रार्थी के सिर व पैर में गहरी घाव होने से लहूलुहान हो गया और हल्ला गुहार पर स्थानीय लोगों ने पीड़ित के घर सूचना दी और प्रार्थी को जिला मेडिकल कॉलेज में इलाज हेतु पहुंचाया गया है। जहां पर कोतवाली देहात पुलिस पहुंच कर मेडिकल जांच कराई हैं। बताया जाता हैं। कि विपक्षियों ने 13 मई 2025 को रस्ते के विवाद को लेकर पीड़ित परिवार को आठ लोग मिलकर मारपीट कर घायल कर दिया था। जिसका मुकदमा अपराध संख्या 0217 कोतवाली देहात में दर्ज किया गया था। जिसकी विवेचना प्रचलित होने के बाद भी विपक्षियों का मनोबल इतना बढ़ा हुआ है। पुरानी रंजिश को लेकर 31 दिन बाद फिर घटना को अंजाम दिया। पूरे प्रकरण में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह से संपर्क किया गया तो उनका सीयूजी नंबर दीवान ने उठाया और बताया कि साहब बेस्ट है। थोड़ी देर बाद बात करेंगे।

### स्नान करते समय किशोर की डूबकर मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मोतीपुर इलाके के पैरुआ गांव निवासी किशोर भीषण गर्मी होने के चलते सोतिया नाले में नहाने गए किशोर की डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद परिवारजन में कोहराम मचा है। मोतीपुर इलाके के ग्राम पैरुआ निवासी 12 वर्षीय सोनू अपने खेत गया था। अधिक गर्मी के चलते वह खेत के पास स्थित सोतिया नाला में नहाने चला गया। काफी देर तक जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिवारजन को अनहोनी की आशंका होने लगी। परिवारजन ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं हो पाई। जानकारी पुलिस को दी गई। स्थानीय गोताखोरों ने जब सोतिया नाले में खोजबीन की तो उसका शव बरामद हुआ। घटना की जानकारी पाकर पहुंचे स्वजन में कोहराम मच गया। जानकारी पाकर पहुंची पुलिस व राजस्व टीम ने शव का अंत्यपरीक्षण कराने की बात कही, लेकिन परिवारजन ने किशोर का अंतिम संस्कार कर दिया।

### अंडरपास में भरा पानी, हल्की बारिश में ही जल भराव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** बहराइच नेपालगंज रेलवे लाइन के अमान परिवर्तन के कारण रिसिया में बन रहे नए अंडरपास में ड्रेनेज की उचित व्यवस्था न होने से समस्या खड़ी हो गई है। हाल ही में हुई मामूली बारिश में ही अंडर पास में पानी भर गया। रिसिया रेलवे स्टेशन का विस्तार होने के बाद पूर्वी रेलवे क्रॉसिंग को बंद करने की योजना है। इसलिए रेलवे प्रशासन क्रॉसिंग के पास अंडरपास का निर्माण कर रहा है। यह अंडर पास अभी चालू नहीं हुआ है। स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है क्योंकि पुरानी बाजार में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान है। इसके अलावा इंटर कॉलेज, डिग्री कॉलेज और कई कान्वेंट स्कूल भी इसी इलाके में स्थित है। लोगों का कहना है कि जब हल्की बारिश में ही अंडर पास में पानी भर जाता है तो मानसून में स्थित और खराब हो सकती है। रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के बाद यह अंडर पास ही एकमात्र रास्ता होगा। ऐसे में खराब ड्रेनेज व्यवस्था से लोगों को आवागमन में भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों ने इस समस्या के समाधान की मांग की है।

### गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट इलाके में एक गर्भवती महिला की शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर पहुंचे मायके के लोगों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। खैरीघाट इलाके के पिपिरया बासुहार निवासी 23 वर्षीय जनक दुलारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला आठ माह की गर्भवती थी। इसकी जानकारी ससुराल के लोगों ने मायके में दी। मायके नरोत्तमपुर गांव निवासी नरेश रोते विलखते गांव पहुंचे। उन्होंने बताया कि बेटी जनक दुलारी का विवाह 5 वर्ष पूर्व पिपरिया बासुहार निवासी मनोज लोध के साथ किया था। सभी ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। वरिष्ठ उप निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्रसव पीड़ा होने पर परिवार वाले इलाज के लिये अस्पताल ले गए थे। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है।

### युवक ने फंदा लगा जान देने का किया प्रयास

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** नानपारा कोतवाली इलाके में शुक्रवार दोपहर में घर में ही युवक ने फंदा लगा कर जान देने का प्रयास किया। गंभीर हालत होने पर उसे नानपारा सीएचसी से बहराइच मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। नानपारा इलाके के राजापुरवा निवासी 40 वर्षीय सोनू का अपनी पत्नी से विवाद हुआ। विवाद के बाद उसने घर के अंदर ही फंदा लगा लिया। आवाज सुनकर परिवारजन दौड़े, उसे फंदे से उतार कर नानपारा सीएचसी लेकर गए।

# लेखपाल को मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी

▸ चकमार्ग पर अतिक्रमण मामले में कार्यशैली पर उठे सवाल

समृद्धि न्यूज




**गोण्डा।** जनपद में पारदर्शी एवं जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा जनशिकायतों की उपेक्षा एवं पदीय दायित्वों के प्रति लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील मनकापुर के लेखपाल श्री अम्बिकेश्वर प्रताप के विरुद्ध शुक्रवार को मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि अंकित करते हुए उन्हें कठोर चेतावनी दी गई है।

ग्राम बन्दरहा, परगना बभनीपायर, तहसील मनकापुर निवासी श्री जगदीश प्रसाद द्वारा चकमार्ग गाटा संख्या-4 एवं गाटा संख्या-11 पर अतिक्रमण हटवाने हेतु प्रस्तुत शिकायती पत्र पर क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा बिना स्थलीय निरीक्षण एवं वादकारी का पक्ष सुने एक भ्रामक, सतही व अपूर्ण आख्या प्रेषित की गई। न तो उक्त रिपोर्ट में स्पॉट मेमो संलग्न किया गया और न ही निष्पक्ष गवाहों के हस्ताक्षर लिये गए। जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण की विस्तृत समीक्षा उपरांत यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि संबंधित लेखपाल द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों का समुचित पालन नहीं किया गया और जनशिकायत के प्रति घोर उपेक्षा का भाव प्रदर्शित किया गया है। यह आचरण न केवल जनहित की उपेक्षा है, बल्कि शासन की मंशा के विपरीत भी है।इस गंभीर लापरवाही के दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा शर्मा द्वारा लेखपाल अम्बिकेश्वर प्रताप के विरुद्ध ÷मध्यावधि विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि÷ दर्ज करने का निर्णय लिया गया है, जो उनकी सेवा पुस्तिका में एक नकारात्मक प्रशासकीय अभिलेख के रूप में स्थायी रूप से अंकित रहेगा। साथ ही, उन्हें सख्त निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाएं एवं भविष्य में सभी मामलों में नियमानुसार निष्पक्ष, सत्यनिष्ठ एवं संवेदनशील ढंग से कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जनशिकायतों के प्रति उपेक्षा की पुनरावृत्ति होने पर संबंधित कार्मिकों के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

## अग्र गौरव सम्मान से सम्मानित हुई भजन गायिका बंकू सिस्टर्स



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को राजस्थान प्रांत के सीकर जिले के खाटू धाम में जनपद की रहने वाली प्रसिद्ध भजन गायिका बंकू सिस्टर्स को अग्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम आयोजन स्थल खाटू धाम के श्याम अर्पण छत्तीसगढ़ धाम में किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय द्वितीय अग्र विभूति अलकरण समारोह-2025 सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में देश और विदेश के अग्रवाल समाज के लोग उपस्थित रहे। इस सम्मान के लिए भजन गायिका बंकू सिस्टर्स ने अग्रवाल समाज का कोटि-कोटि आभार व्यक्ति किया। यह कार्यक्रम अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन पंजीकृत कोलकाता द्वारा आयोजित किया गया। सम्मान मिलने के बाद भजन गायिका ने कहा कि ईश्वर की कृपा है और भक्तजनों प्रेम से यह पुरस्कार मिला है। उन्होंने कहा कि भक्ति गीत से प्रभु का ध्यान करती हैं उनके आशीर्वाद से ही सफलता मिली है। सम्मान मिलने पर उनके समर्थकों, पारिवारिक जनों ने शुभकामनाएं दी है।

# एसपी के निर्देशन में पुलिस ने पांच बाल श्रमिकों का किया सुरक्षित रेस्क्यू



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के आदेशानुसार एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नोडल अधिकारी एएचटीयू के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बालश्रम रेस्क्यू अभियान चलाया गया।

जिसमें थाना एएचटी से उपनिरीक्षक गर्जन प्रसाद मय टीम, श्रम विभाग अधिकारी सूरज तिवारी व एनजीओ के साथ थाना जरवल रोड व थाना कैसरगंज में अभियान चलाकर छोटे बड़े प्रतिष्ठान, कारखाने, उद्योगों, दुकान, निर्माण स्थलों आदि क्षेत्र के निर्माण में बालश्रम/भिक्षावृत्ति, एक युद्ध नशे के विरुद्ध के अंतर्गत संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रमिक रेस्क्यू अभियान चलाकर जरवल रोड कस्बे से 03 व कैसरगंज कस्बे से 02 नाबालिग बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त कराते हुए रेस्क्यू किया एवं नियोक्ताओं के विरुद्ध श्रम विभाग की टीम द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की तथा आम जनमानस को इस संबंध में जागरूक किया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दंडनीय अपराध है तथा इमरजेंसी सहायता हेतु शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098, 108, 112, 1076, 181 आदि के संबंध में जानकारी दी।

## गन्ने की फसल में सिंचाई न होने से घटेगा उत्पादन : संजीव राठी

**बहराइच ।** गर्मी के बढ़ते प्रकोप और बारिश की अनिश्चितता के बीच गन्ना किसानों के सामने सिंचाई की चुनौती खड़ी हो गई है। पारले कंपनी के उप मुख्य प्रबंधक संजीव राठी ने बदरौली और गोडहिया क्षेत्र का दौरा कर गन्ना फसल की स्थिति का जायजा लिया और किसानों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि फसल में पानी की भारी कमी देखने को मिल रही है। ऐसे में किसान बरसात का इंतजार न करते हुए फसल में नियमित सिंचाई करें, जिससे फसल की बढ़वार प्रभावित न हो। उन्होंने खरपतवार नियंत्रण के लिए समय-समय पर जुताई-गुड़ाई करने की सलाह दी। सिंचाई के बाद 15-15 दिन के अंतराल पर 2 बार यूरिया 50 किलो प्रति एकड़ की दर से प्रयोग करें। 2-4 डी 2 लीटर को 400 लीटर पानी में घोलकर खरपतवार पर छिड़काव करें। फसल की बढ़वार के लिए एनपीके 2 किलो व एमिडा 100 मिली को 250 लीटर पानी में घोलकर 15 दिन के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें।

# 15 दिवसीय विकसित कृषि संकल्प अभियान का समापन

समृद्धि न्यूज




**बहराइच ।** प्रदेश में खरीफ मौसम में उगाई जाने वाली प्रमुख फसलों से सम्बन्धित आधुनिक कृषि तकनीकों एवं जलवायु परिवर्तन प्रभावरोधी कृषि पद्धतियों की जानकारी कृषकों को प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर 29 मई से संचालित होने वाले विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 के अन्तिम दिन 09 ग्राम पंचायतों विकास खण्ड चित्तौरा की ग्राम पंचायत बरई विलासा, परसौरा, कल्पीपारा, बहादुरचक, सिसैयाचक, ताजखुदाई तथा रिसिया की ग्राम पंचायत परसाखरगमन, समोखन, परसपुर आयोजित कृषक गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को फसल उत्पादन तकनीक तथा योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

ग्राम पंचायत कल्पीपारा में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने खरीफ फसलों में फसल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया। डॉ. सिंह ने कहा कि भारत सरकार के कृषि मंत्रालय द्वारा कृषि वैज्ञानिक चले गांव की ओर की थीम के तहत विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत पिछले 15 दिवसों में 135 ग्रामों में कृषि तकनीक प्रसार का आयोजन किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ. प्रियन्का सिंह ने मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों के उपयोग की सलाह दी गई। ग्राम पंचायत बहादुरचक, सिसैवाचक एवं ताजखुदाई में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. नन्दन सिंह एवं डॉ. अरुण कुमार राजभर ने कृषकों को प्राकृतिक खेती करने की सलाह दी तथा कृषि तकनीक अपनाकर खेती किसानी से आय वृद्धि करने के तरीके बताये। कृषि विज्ञान केन्द्र नानपारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. उमेश कुमार, डॉ. पी.के. सिंह, सुनील कुमार, डॉ. संदीप गौतम ने विकास खण्ड रिसिया की ग्राम पंचायत परसाखरगमन् समोखन एवं परसपुर में किसानों को कृषि तकनीकी की जानकारी देते हुए प्राकृतिक खेती करने तथा मृदा नमूना के आधार पर ही फसलों में उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। ग्राम पंचायत बरईविलासा में जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने किसानों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी का अधिक से अधिक प्रयोग करने की सलाह दी। उप निदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यही है अनुसंधान से प्रास तकनीक का कृषक उपयोग करके अपनी आय बेहतर करें। श्री वर्मा ने नेचुरल फार्मिंग तथा गौ-आधारित प्राकृतिक खेती के बेहतर विकल्प को अपनाने पर बल दिया। सहायक निदेशक रेशम एम.के. सिंह ने रेशम की खेती से आय वृद्धि के तरीके बताते हुए कहा कि इच्छुक कृषकों रेशम पौध उपलब्ध कराया जायेगा।

# विद्यालय संचालन में शिथिलता स्वीकार्य नहीं

समृद्धि न्यूज़




**गोंडा।** विद्या ददाति विनयम विनयात याति पात्रताम। पात्रत्वात धनाप्नोति,धनात धर्मः ततः सुखम।। विद्वानो के द्वारा इस श्लोक की रचना कर के विद्या द्वारा व्यक्ति के व्यवहार में परिमार्जन अर्थात विद्वता, विनम्रता, सरलता, सहजता जैसे नैसर्गिक गुण की अपेक्षा की जाती है ऐसे मा पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर के प्रथम कुलपति प्रोफेसर रवि शंकर सिंह के व्यक्तित्व में परिलक्षित होता है।

कुलपति ने गोण्डा जनपद के अन्तर्गत आनेवाले सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य या प्रतिनिधियों को प्रवेश प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होने प्राचार्यों को सम्बोधित करते हुए इस बात पर जोर दिया कि विश्वविद्यालय नियम,परिनियम एवं अध्यादेश से ही चलेगा किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता स्वीकार्य नही होगी। विश्ववविद्यालय की साइट पर जाकर समर्थ पोर्टल पर ही प्रवेश पाने के लिये पहले पंजीकरण करना होगा। अभी विश्वविद्यालय ने 30 जून तक पंजीकरण की तिथि निर्धारित की है तथा 1 जुलाई से प्रारम्भ होकर 24 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। कुलपति ने सभी कॉलेज के प्राचार्य जनो से सहयोग देने की बात कही तथा स्वयं भी आश्वासन दिया की महविद्यालयों को भी वे अपने स्तर से पूर्ण सहयोग करेंगे।

शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने की अपील की तथा इस बात पर भी जोर दिया कि कालेजों को अध्यापक छात्र अनुपात और इन्फ्रा स्ट्रक्चर, बाउन्ड्री आदि की सुदृढ व्यवस्था कर लेनी चाहिए,इसकी जांच करने वे स्वयं या अपने द्वारा नामित व्यक्ति को भेज सकते हैं। आज ही महाविद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्ष/ जिलाधिकारी नेहा शर्मा उपाध्यक्ष वर्षा सिंह एवं सचिव प्रबंध समिति उमेश शाह तथा प्राचार्य प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडेय और नैक कोआर्डिनेटर प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह की उपस्थिति में एक प्रैस कॉन्फरेंस हुआ जिसमे कालेज की नैक मूल्यांकन में बी++ की अच्छी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की गयी। इस अवसर पर प्रोफेसर शिव शरण शुक्ल शिक्षा शास्त्र विभाग, प्रोफेसर संदीप कुमार श्रीवास्तव,असिस्टेंट प्रोफेसर मनीष शर्मा, प्रोफेसर बीपी सिंह, डाक्टर अरुण प्रताप सिंह राकेश मिश्र, डाक्टर मनोज मिश्र, डाक्टर रंजन जी डाक्टर भट्ट, राम मोहन सिंह, राज कुमार माथुर, विजय सिंह, श्री सातीश दीक्षित व रोहित सिंह तथा अनेकों पत्रकार व शिक्षक तथा शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे। सैन्य विज्ञान के प्रोफेसर राज बहादुर सिंह बघेल जी ने भी अपने सुझाव दिये। यशश्वी प्राचार्य प्रोफेसर रवींद्र कुमार पांडेय जी ने आए हुए समस्त अतिथियों को धन्यवाद दिया।

# बिना फर्म बनाए ही आयकर ने जारी कर दिया 15 करोड़ 11 लाख 14 हजार 935 का नोटिस

▸ न्यायालय के आदेश पर पांच लोगों पर दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मुकदमा

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** एक दुकान दार के नाम पर फर्जी फॉर्म बना कर करोड़ों का लेने देने करते थे। जब दुकान दार को आयकर विभाग ने 15 करोड़ 11 लाख 14 हजार 935 का नोटिस भेजा तो दुकान दार के होश उड़ गए। उस की कही नहीं सुनी गई तो वह न्यायाल के शरण में जा कर राम कृपाल सिंह पुत्र राम शरण निवासी बिरवा बभानी थाना मोती गंज और राजेश गौड़ सहित तीन अज्ञात के खिलाफ में कोतवाली देहात में मुकदमा दर्ज कराया है।

कोतवाली देहात के इमलिया खोरहसा निवासी राधे श्याम पुत्र राम सुधी ने न्यायालय में एक वाद दायर किया जिस में उस ने कहा कि वह जमुनिया बाग में दुकान करता है। उस को राम कृपाल और राजेश मिले जिस से उनकी दोस्ती हो गई। लोन दिलाने के नाम पर उस से आधार कार्ड पैन कार्ड और कुछ जरूरी कागजात लिया। उस पर उस हस्ताक्षर करा लिया।

बाद में बताया गया कि उस का लोन नहीं हो सका है। बिना उस के जानकारी के ही एक फर्जी फॉर्म का श्री राम ट्रेडिंग कंपनी इमलिया गुरुदयाल । नवीन गल्ला मंडी के नाम।पर वाणिज्य कर विभाग में दर्ज करा दिया। जी एस टी बना कर लेन देन करने लगे। इसी तरह से एक फर्जी श्री राम ट्रेडिंग कंपनी बना कर खोला गया। आयकर विभाग बहराइच ने उस के खिलाफ में मुकदमा धोखाधड़ी का दर्ज कराया था। जिस में उस से भी पूछताछ हुई थी। 3 मार्च 2023 को उस उस के खिलाफ में मंडी समिति कर्नल गंज ने 35लाख 89हजार334 का आर सी तहसील गोंडा को भेजा जिस को वसूलने के लिए अमीन नंदा परसा आने लगे।

नोटिस को वायस करने के लिए अमीन ने उस से 50 हजार रुपए का घूस मांगा। जिस में उस ने उस को काई किस्तों में 35 हजार रुपए दिया इस के बाद भी उस की जमीन की कुर्की हो गई।

13 मार्च 205 को आयकर विभाग ने उस के खिलाफ जी एस टी जमा करने की नोटिस 15 करोड़ 11 लाख 14 हजार 935 का जारी कर दिया जिस का उस से कोई मतलब नहीं है। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली देहात में राम कृपाल राजेश गौड़ सहित पांच लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा लिखा गया।

# तीन साल में पकड़े जा चुके हैं 22 रिश्वतखोर

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। देवीपाटन मंडल के जिलों में गत तीन वर्षों में रिश्वतखोरी के आरोप में 22 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। बृहस्पतिवार को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वतखोरी में पकड़े गए दरोगा अंकित कुमार यादव को गोरखपुर के विशेष न्यायालय में पेश किया है। एसपी ने दरोगा अंकित को निलंबित कर दिया है।

एंटी करप्शन थाने के आंकड़े स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस और पावर कॉर्पोरेशन में भ्रष्टाचार की सच्चाई बयां कर रहे हैं। लोगों ने धन उगाही की शिकायतें कीं। छोटे-छोटे काम के लिए लोगों को परेशान किया गया। परेशान होकर एंटी करप्शन में शिकायत दर्ज कराई। टीम ने कार्रवाई करते हुए देवीपाटन मंडल के गोंडा, बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती से सरकारी कार्यालयों में काम करने वाले 22 लोगों को दबोच लिया। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि धानेपुर से रिश्वतखोरी में गिरफ्तार किए गए दरोगा अंकित यादव को एंटी करप्शन के विशेष न्यायालय गोरखपुर में पेश किया गया है। जहां से आरोपी दरोगा को जेल भेज दिया गया है। जांच की जा रही है। एंटी करप्शन इंस्पेक्टर धनंजय सिंह ने बताया कि अगर कोई लोकसेवक काम के एवज में पैसे की डिमांड करता है तो देवीपाटन मंडल के एंटी करप्शन थाने को सूचना दी जा सकती है। घर बैठे सीयूजी मोबाइल नंबर 9454402492 व 9616002305 पर भी संपर्क कर सकते हैं ।

### रिश्वतखोरी के आरोप में इनकी हो चुकी हैं गिरफ्तारी

एंटी करप्शन टीम के मुताबिक, पेशकार संतोष कुमार रावत, लेखपाल बैकुंठ नाथ तिवारी, दिलीप यादव, मोतीलाल, जेई संतोष कुमार मंडल, जितेंद्र मिश्रा, कपिल देव वर्मा, संतोष कुमार सिंह, एसएसओ रघुनंदन उर्फ विनायक सिंह, अम्बेश श्रीवास्तव, वरिष्ठ सहायक निजाम अहमद खां, धर्मेंद्र कुमार राय, सूबेदार मेजर राम केवल सिंह, लाइनमैन सुनील वर्मा, धर्मेंद्र प्रताप तिवारी, राम प्रकाश, ब्लॉक ऑर्गनाइजर अयोध्या प्रसाद ओझा, राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत अधिकारी विजय कुमार, कनिष्ठ सहायक गणेश शुक्ल, बीसीपीएम रिजवाना के साथ ही रिश्वतखोरी में अंकित कुमार यादव को गिरफ्तार किया है।

# प्रजनन करने वाली मछलियां पकड़ने, बेचने पर रोकः डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा उत्तर प्रदेश मत्स्य अधिनियम 1948 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न निषेधाज्ञा आदेश पारित किये गये है कि कोई भी व्यक्ति प्रतिबन्धित अवधि 15 जून, 2025 से 30 जुलाई, 2025 तक मत्स्य प्रजनन अवधि में जलाशय, मीनाशय तथा नदियों में शिकारमाही नहीं करेगा। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति 15 जुलाई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक की अवधि में जलाशय, मीनाशय तथा नदियों से फ्राई एवं फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने, अथवा बेचने की कार्रवाई नहीं करेगा और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति 15 जून, 2025 से 30 जुलाई 2025 तक मत्स्य प्रजनन अवधि में तथा 15 जुलाई, 2025 से 30 सितम्बर, 2025 तक की अवधि में जलाशय, मीनाशय तथा नदियों से फ्राई एवं फिंगरलिंग को पकड़ने, नष्ट करने, बेचने, बच्चों की निकासी करने तथा ऐसे समस्त उपकरणों जिससे निकारमाही सम्भव हो द्वारा शिकारमाही करने का कार्य नहीं करेगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि मत्स्य अधिनियम की धारा-6 के अन्तर्गत प्राधिकृत मत्स्य विभाग के अधिकारी तथा पुलिस उप निरीक्षक को बिना वारन्ट के उक्त कृत्य करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा। मत्स्य विभाग के अधिकारियों द्वारा उक्त कृत्य करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत एक मुश्त जुर्माना लगाने का भी अधिकारी होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा मत्स्य व्यवसायी उक्त अवधि में किसी भी जलाशय, मीनाशय, तथा नदियों में या उसके किसी भी भाग में मत्स्य स्पॉन, जीरा, अंगुलिका तथा मत्स्याचेट नहीं करेगा। जिलाधिकारी ने कहा है कि उपरोक्त आदेश जनपद रायबरेली की सम्पूर्ण सीमा के अन्तर्गत उपरोक्त वर्णित समयावधि तक प्रभावी रहेगा। उपर्युक्त आदेश का उल्लंघन, उप्र मत्स्य अधिनियम 1948 की धारा-6 तथा धारा-8 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला 22 वर्षीय विवाहिता का शव

**महराजगंज ,रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में इस समय लगातार घटनाएं घटित हो रही हैं। कोतवाली क्षेत्र के पूरे नजर मोहम्मद मजरे बरहुआ गांव में एक 22 वर्षीय विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के सामने पेड़ पर लटका मिला। मृतका की पहचान कुंती के रूप में हुई है, जो श्यामू की पत्नी थी। शुक्रवार सुबह उनका शव घर के सामने स्थित अर्जुन के पेड़ में रस्सी से लटका मिला। पति श्यामू ने बताया कि वह रात को धान की नर्सरी में पानी लगाने गया था। जब सुबह आठ बजे वापस लौटा, तो उसने अपनी पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका पाया। उसने यह भी बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं हुआ था ।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी ।

# संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य केंद्र बना उम्मीद की किरण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिले में नशा मुक्त जीवन की दिशा में एक नई रोशनी बनकर उभरा है। संकल्प नशा मुक्ति एवं स्वास्थ्य केंद्र,जो खसरा नं. 5, महाराजगंज रोड, गोकुलपुर, शिवपुरम, सरवाना, रायबरेली में संचालित हो रहा है। यह केंद्र सोसाइटी फॉर वोलंटरी एक्शन एंड रिसर्च स्वर द्वारा एनटीपीसी लिमिटेड के सीएसआर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत संचालित किया जा रहा है। इस केंद्र ने जनवरी 2025 से अब तक 2500+ मरीजों का उपचार किया है, जिसमें से 125 लोगों ने परामर्श काउंसलिंग सेवाएं ली हैं। विशेष बात यह है कि 41 लोग पूरी तरह नशा छोड़कर एक नया और बेहतर जीवन जी रहे हैं। यह आंकड़ा न केवल केंद्र की सफलता को दर्शाता है, बल्कि समाज में नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरूकता का प्रतीक भी है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के रायबरेली जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने संकल्प केंद्र का दौरा किया। उन्होंने केंद्र की कार्यप्रणाली, इलाज प्रक्रिया और पुनर्वास सेवाओं की सराहना की और कहा कि यह पहल समाज के लिए एक आदर्श उदाहरण है। स्वर संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि उनका उद्देश्य सिर्फ इलाज ही नहीं, बल्कि लोगों को नशे के विरुद्ध मानसिक रूप से तैयार कर एक स्वस्थ समाज की ओर प्रेरित करना है। इस पहल में एनटीपीसी का सहयोग सराहनीय है, जिससे यह केंद्र ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्र के लोगों तक बेहतर सेवाएं पहुँचा पा रहा है।संकल्प केंद्र न केवल नशा छोड़ने का मार्ग दिखा रहा है, बल्कि हजारों परिवारों के जीवन में उम्मीद और बदलाव ला रहा है।

## खबरें एक नजर में

### चोरी के समान के साथ दो वांछित गिरफ्तार

**डलमऊ, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत डलमऊ पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी जिसमें दो वांछित अपराधी पुलिस के हत्थे चढ़ गए पुलिस ने दोनों वंचितों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। गुरुवार को डलमऊ पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर वाहन एवं संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध अवस्था में दिख रहे दो व्यक्ति चित्रसेन पुत्र महारथी चौहान निवासी गुम्दापुर मुजरा भीरा गोविंदपुर लालगंज एवं विश्वनाथ सिंह पुत्र गिरजा शंकर सिंह निवासी बसंत खेड़ा हरचंदपुर को थाना क्षेत्र के सरिस्तापुर नहर पुलिया के पास गिरफ्तार कर लिया गया पकड़े गए अभियुक्तों के पास से लाखों रुपए की कीमत के सोने व चांदी का सामान बरामद किया गया अभियुक्तों के पास से चोरी का सामान बेचने के 9600 रुपए भी बरामद किए गए कोतवाली प्रभारी डलमऊ श्याम कुमार पाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अभियुक्त वांछित अपराधी हैं जिन पर जनपद के विभिन्न स्थानों में दर्जनों अभियोग पंजीकृत हैं पुलिस द्वारा विधि कार्रवाई करते हुए दोनों दोनों अभियुक्तों को न्यायिक अभी परीक्षा में भेजा गया है।

### अतरेहटा प्रधान पति के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर



**महराजगंज, रायबरेली।** गुरुवार देर रात लगभग 10 बजे अतरेहटा प्रधान पति का निधन हो गया। दो माह से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं था जिला अस्पताल से इलाज चल रहा था लेकिन कल उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। बताते चले कि विकासखंड महराजगंज के अतरेहटा ग्राम सभा की प्रधान कृष्णावती के पति विशेषर प्रसाद उम्र 58 वर्ष का गुरुवार की रात निधन हो गया। उनके पुत्र नीरज कुमार ने बताया कि दो माह पहले अचानक उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गई तो उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके बाद उनका इलाज वही से चल रहा था। गुरुवार की रात अचानक से उनका निधन हो गया। विशेषर के निधन की खबर से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनकी सरलता और मिलनसार व्यक्तिव को लेकर लोग दुखी है। इस दौरान बीडीओ वर्षा सिंह,ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सत्येंद्र सिंह, प्रदीप चौधरी, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, ग्राम पंचायत अधिकारी संत शरण, वैभव मिश्रा, अरुण कुमार, सर्वोत्तम सिंह, एपीओ राजीव त्यागी, अभिषेक गुप्ता, प्रधान सुनील मौर्य, प्रदीप कुमार, जुगुन तिवारी, गंगा सागर पांडे सत्रोहन वर्मा सहित दर्जनों प्रधानों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### प्रेमी संग भाग रही मां ने बेटी पर फेंका खौलता पानी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के गाँव राघीपुर में एक महिला का अपनी ही बेटी पर खौलता हुआ पानी फेंकने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार महिला के पांच बच्चे हैं, यह घटना उस समय घटी जब महिला अपने प्रेमी के साथ सभी बच्चों को छोड़कर घर से भागने का प्लान बना रही थी, इस पर घर में मौजूद बेटी ने मां का विरोध कर मां को घर में रोकने का प्रयास किया। इस पर कलयुगी मां ने प्रेमी के साथ मिलकर अपनी ही बेटी के ऊपर खौलता हुआ पानी फेंक दिया जिससे वह बुरी तरह से झुलस गई और मां प्रेमी के साथ फरार होने में कामयाब रही। बुरी तरह से झुलसी हुई किशोरी को मलिक मोहम्मद जायसी जिला संयुक्त चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने किशोरी की हालत को नाज़ुक देखते हुए इलाज के लिए एम्स हॉस्पिटल रायबरेली के लिए भेज दिया है। किशोरी के पिता की शिकायत पर कोतवाली गौरीगंज पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत कर मां और प्रेमी दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

### मुआवजे के लिए दर-दर भटक रहा मृत लाइनमैन का परिवार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र गौरीगंज तथा थाना क्षेत्र मुंशीगंज के अन्तर्गत कसरावां गांव का निवासी मृत संविदा कर्मी लाइन मैन जय प्रकाश सिंह का परिवार आपदा सहायता राशि पाने के लिए दर दर भटक रहा है। मृतक लाइनमैन जयप्रकाश सिंह की मां सीता सिंह पत्नी स्व. चंद्रभान सिंह द्वारा जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि हमारा लड़का जयप्रकाश सिंह बिजली विभाग में पनियार पावर हाउस पर संविदा कर्मी के रूप में कार्य करता था जो की 2 दिसंबर 2023 को बिजली ठीक करने के लिए बिजली बंद करवा कर खंभे पर चढ़ा था तथा विभाग द्वारा पावर हाउस से बिना जयप्रकाश के कहे बिजली की सप्लाई चालू कर दिया गया इससे लाइनमैन जयप्रकाश झुलस कर नीचे गिर गया। जिसके चलते 1 फरवरी 2024 को जयप्रकाश की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुत्र की मृत्यु के तुरन्त बाद 3 फरवरी को जयप्रकाश के पिता चंद्रभान सिंह की हृदय गति रुक जाने से उनकी भी मृत्यु हो गई। आगे सीता सिंह ने बताया कि बिजली विभाग वाले हमको आपदा सहायता राशि नहीं दे रहे हैं तथा विद्युत विभाग के अधिकारी हमारे लड़के के सेवा सम्बन्धी कागजात की फाइल विभाग से गायब कर दिए हैं। विभाग के अधिकारी कह रहे हैं कि मुआवजा दे दिया गया है, जिसमे सीता सिंह का कहना है कि न तो हमें मुआवजा दिया गया है और न मुआवजे की रकम भुगतान सम्बन्धी कोई कागजात ही विभाग के पास नहीं है। सीता सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी ने मदद और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

### कांग्रेस ने शुरू किया विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ अभियान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जनपद में विधान सभा स्तरीय संविधान बचाओ अभियान के तहत विधानसभा अमेठी में संविधान बचाओ अभियान सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी दीपक सिंह एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव फरहान वारसी रहे। संविधान बचाओ सभा को पीसीसी सदस्य नरेंद्र मिश्रा, देवेंद्र सिंह, एआईसीसी सदस्य जीत लाल सरोज, कलावती मौर्य पूर्व जिला पंचायत सदस्य ,ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ला, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शुभम सिंह, जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी , जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरविंद चतुर्वेदी, विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र नरेंद्र मिश्र, अमेठी विधानसभा के चारों ब्लॉकों के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवमणि तिवारी, वीरेंद्र सिंह राजा, अजीत यादव, हीरामणि कनौजिया, कुद्दूस खान, डॉ.संजय सिंह, पवन दूबे, अशोक सिंह हिटलर, हरी लाल यादव, सुरेश शुक्ला, राम मदन शुक्ला, जियालाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख सूर्यभान तिवारी, कृपा शंकर यादव, दयाराम यादव, शिवदयाल शर्मा आदि ने संबोधित किया। सभा में विधान सभा अमेठी की सभी न्याय पंचायत के अध्यक्ष, सभी ग्राम सभा के अध्यक्ष एवं फ्रंटल संगठनों के सभी विधानसभा पदाधिकारी एवं ग्राम सभा के अध्यक्ष उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी आशीष शुक्ला ने की तथा संचालन जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष राजीव सिंह ने किया।

### रोजगार मेला 17 जून को

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के नजरपुर में संचालित युगचेतना महाविद्यालय में आगामी 17 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डाण् अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि रोजगार मेले का आयोजन जिला रोजगार सहायता अधिकारी की ओर से कराया जा रहा है।

### रोड खराब होने से वाहन चालक परेशान

**कुरारा(हमीरपुर)।** विकास खंड झलोखर के बस स्टैंड के सामने हाइवे में सड़क खराब होने से वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के झलोखर गांव के बस स्टैंड के सामने हाइवे में सड़क उखड़ जाने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।तथा वाहन दुर्घटना का आशंका बनी रहती है। हमीरपुर से कालपी हाइवे में सरसई गांव तक कई जगह हाइवे में गड्ढे हो गए है। जिनको भरने का कार्य अभी शुरू नहीं किया गया है। बरसात में इन गड्ढों में जलभराव की समस्या होगी।

# 'बाल श्रम' के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिये रैली व हस्ताक्षर अभियान का हुआ आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के तहत 12 से 17 जून 2025 तक बाल श्रम निषेध सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके क्रम में आज आम जन मानस में बाल श्रम जैसी सामाजिक अभिशाप के प्रति जागरूक करने उनमें इस प्रथा से होने वाले सामाजिक हानि से अवगत कराये जाने हेतु एक रैली का आयोजन जनपद रायबरेली में किया गया। रैली कार्यालय सहायक श्रमायुक्त गांधी नगर रायबरेली से प्रारम्भ होकर विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए कार्यालय सहायक श्रमायुक्त में समाप्त हुई जिसमें स्वयं सेवी संगठनों के पदाधिकारी एवं स्थानीय आम जन सहित कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली में मिलिन्द्र द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार एवं सदस्य बाल कल्याण समिति रायबरेली भी सम्मिलित हुए।

रैली की अगुवाई कर रहे आरएल स्वर्णकार, सहायक श्रमायुक्त रायबरेली द्वारा मार्ग में मिलने वाले दुकानदारों एवं आम राहगीरों को भी बाल श्रम के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए अपने आस-पास 'बाल श्रम' को रोकने के लिए प्रयास करने हेतु प्रेरित किया गया। इस रैली में कार्यालय के कर्मचारी अपने हाथो में प्ले कार्ड लिए रहे जिसमें' बाल मजदूर मुक्त जिला हमारा संकल्प', 'बच्चे काम नहीं, पढ़ाई के लिए बने हैं', 'पढ़ेगा भारत, तभी बढ़ेगा भारत', 'बचपन बचाओ, शिक्षा दिलाओ', 'बाल श्रम अपराध है, समाज के लिए आप है' एवं 'हम सब ने यह ठाना है, बाल मजदूरी हटाना है' जैसे नारों को प्रदर्शित कर 'बाल श्रम' के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर बाल श्रम उन्मूलन हेतु हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसमें उपस्थित अधिकारियो, अगंतुको एवं आम जन मानस द्वारा बाल श्रम को रोकने का प्रयास करने का संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर किये गये।

# जोहवाशर्की गांव में श्रीमद् भागवत कथा संपन्न



**कथा व्यास गोपाल शास्त्री ने कृष्ण-रुक्मिणी विवाह व सुदामा चरित्र का किया मार्मिक वर्णन**

**हरचंदपुर, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय क्षेत्र के जोहवाशर्की गांव में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का भव्य समापन श्री धाम वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित गोपाल शास्त्री जी महाराज के श्रीमुख से हुआ। कथा के अंतिम दिवस पर उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी के विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि रुक्मिणी जी ने भगवान के अद्भुत रूप, सौंदर्य और गुणों का श्रवण करके उन्हें बिना देखे ही पति रूप में स्वीकार कर लिया। यह समर्पण का प्रतीक है और दर्शाता है कि परमात्मा पर अटूट विश्वास से जीवन में सुखद परिणाम मिलते हैं। कथा में उन्होंने सुदामा चरित्र का भी मार्मिक चित्रण किया। उन्होंने बताया कि सुदामा भगवान के बाल सखा और सहपाठी होते हुए भी स्वाभिमानी ब्राह्मण थे, जो अपने मित्र से मदद मांगने नहीं जाते। जब जीवन में संकट गहराते हैं, तब भगवान स्वयं साधु वेश में उनके दरवाजे पर भिक्षा मांगने आते हैं। सुदामा की पत्नी सुशीला भगवान से कहती हैं कि उनके घर में देने को कुछ भी नहीं है, तब भगवान कहते हैं कि जिसका मित्र स्वयं द्वारिकाधीश हो, वह गरीब कैसे हो सकता है।पत्नी के समझाने पर सुदामा द्वारिका जाने को तैयार होते हैं और कहते हैं कि मित्र के पास खाली हाथ नहीं जाना चाहिए। तब सुशीला घर-घर से चावल मांगकर लाती है। मार्ग में भगवान नाविक रूप में आकर सुदामा को नदी पार कराते हैं। द्वारिका का वैभव देखकर सुदामा चावल भेंट करने में संकोच करते हैं, परंतु भगवान उनकी पोटली छीनकर उसमें से दो मुट्ठी चावल ग्रहण करते हैं और बदले में उन्हें दो लोकों की संपत्ति प्रदान करते हैं। कथा के दौरान कृष्ण-रुक्मिणी विवाह और सुदामा चरित्र की भव्य झांकियां निकाली गई, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहीं। यजमान इंद्रेश कुमार चौरसिया एवं उनकी पत्नी गायत्री चौरसिया ने सपत्नीक व्यास पीठ का पूजन कर धर्म लाभ लिया। इस अवसर पर राजकुमार चौरसिया, रामदास चौरसिया, दीपक चौरसिया, हरिओम, प्रेमशंकर, विक्रम चौरसिया, ऊषा, दीपिका, संजना, बिंदन, बिट्टो, सरोज, कोमल, कमला, नीलम, संदीप शर्मा, मुल्ली चौरसिया, अजय साहू, अंजनी पाठक, रमाकांत द्विवेदी, राजाराम चौरसिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सीडीओ ने शाहगढ़ ब्लॉक का किया निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



सीडीओ सूरज पटेल द्वारा शुक्रवार को विकास खंड शाहगढ़ के खंड विकास अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी लक्ष्मण प्रसाद अपने अधीनस्थों के साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कुछ कर्मचारी क्षेत्रीय भ्रमण पर पाए गए। इस पर निर्देशित किया गया कि जो भी अधिकारी, कर्मचारी क्षेत्रीय भ्रमण पर जाए, उसका स्पष्ट अंकन टूर रजिस्टर में अनिवार्य रूप से किया जाए। साथ ही यह भी कहा कि कार्यालय परिसर में सभी कर्मी अनिवार्य रूप से आई.डी. कार्ड धारण करें और अपनी पटल मेज पर नाम पट्टिका लगाएं। इसके पश्चात मनरेगा सॉफ्ट पोर्टल पर दर्ज आंकड़ों के आधार पर खंड क्षेत्र में संचालित मनरेगा कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। जिस पर अवगत कराया गया कि ब्लॉक की कुल 39 ग्राम पंचायतों में से 27 में मनरेगा कार्य वर्तमान में संचालित हैं, शेष ग्राम पंचायतों में शासन के निर्देशानुसार कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के अंतर्गत अनिवार्य रूप से कार्य संचालित कराया जाए। निरीक्षण के अंत में खंड अधिकारी शाहगढ़ को यह भी निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ किया जाए।

## रेलवे ट्रैक पर मिला अर्धविक्षिप्त का शव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यालय कोतवाली गौरीगंज अंतर्गत जिला अस्पताल असैदापुर के पास लखनऊ वाराणसी रेल खण्ड पर शुक्रवार को एक अर्धविक्षिप्त बुजुर्ग का शव मिला है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे गौरीगंज कोतवाल श्याम नारायण पाण्डेय ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा पुलिस मौत के कारणों का पता लगा रही है। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि वृद्ध मानसिक रूप से अर्धविक्षिप्त था आस पास के लोगों से मांग कर अपनी जीविका चलाता था।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक के पैर में आईं चोटें

**लालगंज रायबरेली।** मामला लालगंज रेलवे स्टेशन का है जहां पर आकाश के साथ उनके छह साथी नरेला नौकरी करने के लिए जा रहे थे तभी जैसे ही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन लालगंज स्टेशन पहुंची तो ट्रेन में चढ़ते समय आकाश का पैर फंस गया जिससे उन्हें गंभीर चोटे आ गई वहां मौजूद आरपीएफ ने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज सीएचसी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद रायबरेली जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आकाश 18 वर्ष पुत्र शिव शंकर निवासी प्रयागराज फाफामऊ जो कि अपने 6 साथी के साथ नरेला जा रहे थे तभी यह हादसा हो गया है।

# शिक्षा पाने की राह में जर्जर सड़क बन रही रोड़ा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में से एक उतरौला सिटी मॉन्टेसरी इंटर कॉलेज तक पहुंचने वाला मार्ग जर्जर स्थिति में है, जिससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और शिक्षकों को प्रतिदिन भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल प्रशासन और स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी से इस मार्ग का अविलंब निर्माण कराए जाने की मांग की है।

यह विद्यालय उतरौला से बलरामपुर मुख्य मार्ग पर स्थित है, और रमवापुर एवं बड़हराकोट गांव के बीच स्थित मुख्य हाईवे से कॉलेज तक पहुंचने के लिए करीब 400 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है। यह पूरी दूरी कीचड़, गड्ढों और ऊबड़-खाबड़ रास्तों से भरी है। पक्की सड़क का अभाव यहां के छात्रों और स्टाफ के लिए हर रोज की मुसीबत बन चुका है। स्कूल प्रशासन के अनुसार, खासकर बरसात के मौसम में यह समस्या और गंभीर हो जाती है। रास्ते में पानी भर जाता है, जिससे फिसलन और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। छात्र गीले जूते-जुराबों में स्कूल पहुंचते हैं, कई बार गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं। दोपहिया वाहनों से आने-जाने वाले शिक्षक भी फिसलन और कीचड़ से जूझते हैं। विद्यालय के पास रहने वाले अभिभावक रामकेश ने बताया, हम रोज अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं लेकिन डर लगा रहता है कि कहीं रास्ते में गिर न जाएं या कोई दुर्घटना न हो जाए। वहीं कक्षा 10 की छात्रा अनुष्का ने बताया, हर दिन जूते खराब हो जाते हैं, कपड़े गंदे हो जाते हैं। कई बार तो हमें स्कूल पहुंचने में देरी भी हो जाती है। विद्यालय प्रशासन ने जिलाधिकारी बलरामपुर से मांग की है कि इस जर्जर मार्ग को RCC सड़क के रूप में तत्काल निर्माण कराया जाए जिससे छात्रों , अध्यापकों तथा अभिभावकों को विद्यालय आने में परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रबंधन का कहना है कि यदि समय रहते इस सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले मानसून में विद्यार्थियों की उपस्थिति पर असर पड़ेगा। विद्यालय प्रबंधक ने बताया, हम शिक्षा का मंदिर चला रहे हैं, जहां रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। परंतु जब रास्ता ही ऐसा होगा तो बच्चे कैसे आएंगे? यह केवल स्कूल की नहीं, भविष्य की लड़ाई है। प्रशासन को अविलंब कार्यवाही करनी चाहिए। विद्यालय की ओर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी इस समस्या से अवगत कराया गया है और मार्ग निर्माण के लिए तत्परता से पहल करने की अपेक्षा जताई गई है।

# ग्राम पंचायत देवरिया आदम में नालियां चोक, सफाई व्यवस्था हुई बेहाल

**स्थानीय नागरिक खुद कर रहे नालियों की सफाई, ग्राम प्रधान व सफाईकर्मी पर उठे सवाल**



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** रेहरा बाजार ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरिया आदम की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। गांव की अधिकांश नालियां चोक हो चुकी हैं, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि स्थानीय सफाईकर्मी गांव में नियमित रूप से नही आते हैं।कभी कभार आते है तो ग्राम प्रधान के यंहा हाजिरी लगाकर चले जाते हैं। इस स्थिति से परेशान होकर गांव के नागरिक अब खुद ही नालियों की सफाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। गांव की गलियों में बदबू, कीचड़ और मच्छरों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा भी मंडरा रहा है। ग्रामीण भानुप्रताप, नंदकिशोर, अजय, सुनील, प्रेमचंद, मुनीम, मजहर, राजेश आदि ने बताया कि अगर समय रहते सफाई की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो गांव में संक्रामक रोग फैल सकते हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस लापरवाही की जांच कर दोषी सफाईकर्मी और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए।इस संबंध में एडीओ पंचायत इरफान उल्लाखान ने बताया कि जांच कर आवश्यक कार्रवाई किया जाएगा।

# 15 जून को दिल्ली बनेगी योग साधना के विराट संगम की साक्षी

**लाजपत भवन ऑडिटोरियम में होगा योग महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन**

**लखीमपुर खीरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के उपलक्ष्य में देश की राजधानी दिल्ली एक ऐतिहासिक योग महोत्सव की साक्षी बनने जा रही है। 15 जून को योग महाकुंभ 2025 का आयोजन लाजपत भवन ऑडिटोरियम, नई दिल्ली में किया जाएगा, जो योग को जन-जन तक पहुँचाने का एक विराट प्रयास होगा। यह आयोजन अखिल भारतीय योग शिक्षक महासंघ एवं योगा करो डॉट कॉम के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हो रहा है, जिसका उद्देश्य योग को आत्मिक जागरण, सामाजिक समरसता एवं युवाओं के लिए सम्मानजनक आजीविका का साधन बनाना है।

**लखीमपुर खीरी की बेटियां होंगी सम्मानितः** इस भव्य योग समारोह में लखीमपुर खीरी जनपद का नाम राष्ट्रीय मंच पर रौशन करने वाले कई योग साधकों को आदियोगी योग भूषण सम्मान 2025 से सम्मानित किया जाएगा। बहादुर नगर निवासी एवं योग रंजन फाउंडेशन की सह-संस्थापिका योगाचार्या प्रगति बरनवाल को योग के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु इस सम्मान के लिए नामित किया गया है। प्रगति बरनवाल बीते चार वर्षो से महिला एवं बालिका स्वास्थ्य, छात्रों में योग-जागरूकता तथा विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों और संस्थाओं के साथ मिलकर योग विज्ञान व साधना शिविरों का आयोजन कर रही हैं। उनके इन प्रयासों से समाज के विभिन्न वर्गो को योग से जोड़ने का सराहनीय कार्य हुआ है। इसी क्रम में गणेश नगर निवासी राजदीपिका तिवारी, बहादुर नगर की नूपुर गुप्ता एवं उदयपुर महेवा निवासी प्रतीक तिवारी को भी योग प्रचार-प्रसार एवं समाज सेवा में उनके योगदान के लिए आदियोगी योग भूषण सम्मान हेतु चयनित किया गया है। योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल होंगे विशिष्ट अतिथिः लखीमपुर खीरी से ही जुड़े योग रंजन फाउंडेशन के संस्थापक योग प्रशिक्षक एवं समाजसेवी प्रिंस रंजन बरनवाल को योग महाकुंभ 2025 में गेस्ट ऑफ ऑनर (विशिष्ट अतिथि) के रूप में आमंत्रित किया गया है। प्रिंस बरनवाल वर्षो से योग के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता, सामाजिक सुधार और आत्मविकास के क्षेत्र में सक्रिय हैं।

## हृदय विदारक हादसा

गुजरात स्थित अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास एयर इंडिया के विमान की भयावह दुर्घटना ने पूरे देश को दुख और गम में डुबो दिया। हाल के वर्षों में हुई यह बड़ी दुखद दुर्घटना हवाई यात्रा से जुड़े जोखिमों पर नये सिरे से गंभीर मंथन की जरूरत को बताती है। निश्चित रूप से यह हादसा नागरिक उड्डयन के लिये भी एक बड़ा झटका है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था के सबसे तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में शामिल है। आज भारत दुनिया के अग्रणी विमानन बाजारों में शुमार है। विडंबना यह है कि अभी दो महीने पहले ही नई दिल्ली में विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो यानी एएआईबी में अत्याधुनिक डिजिटल फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया था। करीब नौ करोड़ रुपये की लागत से बनी इस प्रयोगशाला को केंद्र सरकार ने विमानन सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया था। जिसका मकसद हवाई दुर्घटनाओं की पहचान करना और जवाबदेही सुनिश्चित करना था। ताकि सुरक्षा उपायों को लेकर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिये तंत्र में सुधार किया जा सके। अब विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो को गुरुवार को बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के दुर्घटनाग्रस्त होने की जांच का काम सौंपा गया है। एएआईबी के पास अब यह पता लगाने की जिम्मेदारी होगी कि गुरुवार को हुई दुर्घटना के असल कारण क्या थे। बल्कि निकट भविष्य में हवाई यात्राओं को सुरक्षित बनाने के लिए भी सुझाव दिए जा सकेंगे। इसके अंतर्गत ब्यूरो बोइंग के सुरक्षा रिकॉर्ड और परिचालन निरीक्षण की भी गहराई से जांच करेगा। निश्चित रूप से परिचालन प्रक्रिया कड़ी जांच के दायरे में होगी। उल्लेखनीय है कि तकनीकी खामियों के चलते बोइंग के कई अन्य 787 ड्रीमलाइनरों की सुरक्षा प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाये जाते रहे हैं। हाल के वर्षों में कई व्हिसल ब्लोअर्स ने 787 ड्रीमलाइनर के सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर चिंताए जताई थीं। जिसके बाद यूएस फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन यानी एफएए ने ड्रीमलाइनर विमान के उत्पादन और असेंबली प्रक्रियाओं की गहन जांच की थी। उल्लेखनीय है कि बोइंग की सुविधाओं के एफएए द्वारा ऑडिट करने पर निर्माण की प्रक्रिया में अनियमितताओं और कंपनी की सुरक्षा संस्कृति में खामियों का पता चला था। बल्कि व्हिसल ब्लोअर्स ने तो यहां तक भी आरोप लगाए थे कि बोइंग की कार्यप्रणाली में खामियों को उजागर करने के लिए उन्हें बदले की कार्रवाई का सामना भी करना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि रिपब्लिक एयरवेज के सीईओ ब्रायन बेडफोर्ड, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा एफएए का प्रमुख नियुक्त किया गया है, ने बुधवार को कहा था कि वर्ष 2018 और 2019 में दो बोइंग 737 मैक्स दुर्घटनाओं से जुड़ी एक प्रमुख सुरक्षा प्रणाली की विफलता के बारे में कुछ वास्तविक व गंभीर सबक सीखे गए हैं, जिसमें 346 लोगों की मृत्यु हो गई थी। निश्चित रूप से अहमदाबाद विमान हादसे के बाद भारतीय अधिकारियों को अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ गंभीर विमर्श करना चाहिए। उससे मिले इनपुट गुजरात दुर्घटना की गहन जांच करने में सहायक साबित हो सकते हैं। बहरहाल, अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 के हादसे ने सैकड़ों परिवारों को गहरे जख्म दे दिए हैं। हादसे में दो सौ से अधिक लोगों के मरने की पुष्टि हो चुकी है, वहीं एक व्यक्ति के जीवित बचने को कुदरत का करिश्मा माना जा रहा है। दूसरी ओर रिहाइशी इलाके में विमान के गिरने से हुई क्षति भी दुखद है। पुलिस द्वारा चालीस लोगों के अस्पताल में उपचाराधीन होने की बात भी कही जा रही है। कहना कठिन है कि यह कैसी स्थिति है कि एक मेडिकल कालेज के पास हुई इस दुर्घटना में घायलों को तुरंत उपचार देना संभव हो पाया है। उल्लेखनीय है कि विमान मेडिकल कालेज के छात्रों के मैस पर गिरा। उस समय छात्र लंच कर रहे थे। जिसमें कई छात्र भी घायल हुए हैं। जिनमें कई की हालत गंभीर है। निश्चय ही यह विमान हादसा हवाई यात्राओं से जुड़ी चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था की जरूरत को बताता है। हवाई हादसे के कारणों की हकीकत जांच के बाद सामने आएगी लेकिन यदि हवाई यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक हुई है, तो उसकी जवाबदेही तय करने की जरूरत है।

# विमान हादसा : यह सरकार व सिस्टम को दोष देने का नहीं, प्रार्थना का समय है

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

अहमदाबाद विमान हादसे के बाद से इस पर संवेदनाएं व्यक्त करने वालों के साथ ही एक ऐसा वर्ग भी सोशल मीडिया पर दिखाई दे रहा है, जो लगातार इस घटना के बहाने अपनी सरकार और पूरे सिस्टम को दोषी करार दे रहा है। जिन्हें देश के बड़े उद्योगपतियों से आपत्ति है, उनका विरोध यहां तक पहुंच गया है कि वह उन्हें भी इस हादसे का दोषी करार दे रहे हैं। एयर इंडिया का निजीकरण करने की आलोचना कर रहे हैं और सरकार को इस दुर्घटना का कारण मानकर उसे कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। किंतु क्या यह व्यवहार ठीक है? जब देश के प्रत्येक नागरिक को इस दुखद प्रसंग में एक साथ खड़े होना चाहिए, जब उन्हें मृतकों के लिए शांति की प्रार्थना करनी चाहिए तब क्या इस प्रकार के लोगों का नकारात्मक व्यवहार उचित कहा जा सकता है?

कई पोस्ट पढ़ते वक्त लगा कि ये क्या लिखा जा रहा है? कहा जा रहा है कि अहमदाबाद सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट के ऑपरेशन और मेंटेनेंस का काम Adani Enterprises की कंपनी Ahmedabad International Airport Ltd (AIAL) देखती है, जिसे 2020 में एयरपोर्ट का ठेका 50 साल के लिए मिला था। एयर इंडिया का मालिकाना हक टाटा ग्रुप के पास है। अक्टूबर 2021 में सरकार ने एयर इंडिया का निजीकरण करते हुए इसे टाटा ग्रुप को सौंप दिया था। निजीकरण के नाम पर जनता की जेब पर डाका डाला जा रहा है लेकिन सुविधाएं घटिया होती जा रही हैं। पब्लिक ट्रांसपोर्ट का जब से प्राइवेटाइजेशन हुआ है तब से स्थिति खस्ताहाल होती जा रही है रोडवेज बसे, ट्रेन और अब फ्लाइट...।

इसी तरह से किसी भी स्तर पर जाकर जिन्हें केंद्र की मोदी सरकार को कोसने का अवसर चाहिए, उन्होंने भी इस हादसे में अपने लिए अवसर ढूंढ़ लिया। अब जो यह लिख रहे हैं, उन्हें पूरी हकीकत भी पहले जान लेना चाहिए। क्योंकि समझनेवाली बात यह है कि अदानी कंपनी का काम एयरपोर्ट की देखभाल है, हवाई जहाज उड़ाने और लैंड कराने का काम एयरपोर्ट ऑथोरिटी का है। फिर भी उद्योगपति गौतम अडानी की जो प्रतिक्रिया सामने आई है, वह एक बार सभी को अवश्य देखना चाहिए। अडानी ने कहा, हम एयर इंडिया की फ्लाइट 171 की त्रासदी से स्तब्ध और बहुत दुखी हैं। हमारी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं, जिन्होंने अकल्पनीय क्षति झेली है। हम सभी अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और जमीन पर मौजूद परिवारों को पूरा समर्थन दे रहे हैं। इस वक्त अडानी समूह एयर इंडिया के विमान AI171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद से चल रहे बचाव और राहत कार्यों में सभी संबंधित



अधिकारियों के साथ समन्वय में काम कर रहा है। एयरपोर्ट के ऑपरेटर के तौर पर, अडानी ग्रुप की ग्राउंड टीमें घटनास्थल पर सबसे पहले प्रतिक्रिया देने वालों में से थीं, जो एयरपोर्ट संचालन, आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ताओं और राष्ट्रीय आपदा टीमों के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए काम कर रही थीं।यहां इससे अधिक हम क्या अपेक्षा कर सकते हैं अडानी ग्रुप से जबकि वह तो अपना काम अच्छे से कर ही रहा है।

हालांकि यह गहन जांच का विषय है कि उक्त हादसा हुआ क्यों पर हमें इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं करना चाहिए कि यह पहला मौका नहीं है जब बोइंग का कोई विमान क्रैश हुआ है। हादसों के मामले में बोइंग विमानों का इतिहास दागदार है। इससे पहले 2024 में दक्षिण कोरिया में बोइंग का विमान क्रैश हुआ था, जिसमें लगभग 180 लोगों की जान चली गई थी। इसमें बोइंग का 737-800 एयरक्राफ्ट शामिल था, जो 737 मैक्स का नया वर्जन था। 2018 और 2019 में भी बोइंग 737 मैक्स का विमान क्रैश हुआ था, जिनमें लायन एयर फ्लाइट 610 और इथियोपियन एयरलाइंस फ्लाइट 302 शामिल थीं। इन दुर्घटनाओं में 346 यात्री और क्रू मेंबर्स की जान चली गई। इस संबंध में अभी तक सामने आए आंकड़ों के अनुसार, बोइंग विमान दुनिया भर में लगभग 6,000 दुर्घटनाओं में शामिल रहे हैं। इसमें 415 घातक थीं और 9,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हुई है। दुनिया भर में हजारों यात्री विमानों में कम से 4,000 से ज्यादा विमान बोइंग 737-800 हैं।

न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में बोइंग विमानों का इस्तेमाल प्रमुखता से किया जाता है। वहीं, पिछले कुछ वर्षों में पायलटों ने इंजन में बर्फ जमने, ईंधन रिसाव, जनरेटर की विफलता और विद्युत प्रणाली में खराबी जैसी समस्याओं की भी शिकायत की है। इन्हीं कमियों के चलते 2024 में कंपनी के एक इंजीनियर, व्हिसलब्लोअर सैम सालेहपुर ने ड्रीमलाइनर के मुख्य भाग में संरचनात्मक समस्याओं के बारे में अमेरिकी सीनेट को बताया था। इसके बाद बोइंग फिर से जांच के दायरे में आ गया। उन्होंने दावा किया था कि छोटी-छोटी खामियां और सही असेंबलिंग न होना विमान के जल्द खराब होने और संरचनात्मक विफलता का कारण बन सकते हैं। एफएए ने एक जांच शुरू की, जो अभी भी जारी है। स्वभाविक है जब तक जांच का कोई परिणाम नहीं आ जाता, ये विमान आसमान में पूरी दुनिया में उड़ते रहेंगे।

**न्यूयार्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका महाद्वीप में बोइंग विमानों का इस्तेमाल प्रमुखता से किया जाता है। वहीं, पिछले कुछ वर्षों में पायलटों ने इंजन में बर्फ जमने, ईंधन रिसाव, जनरेटर की विफलता और विद्युत प्रणाली में खराबी जैसी समस्याओं की भी शिकायत की है। इन्हीं कमियों के चलते 2024 में कंपनी के एक इंजीनियर, व्हिसलब्लोअर सैम सालेहपुर ने ड्रीमलाइनर के मुख्य भाग में संरचनात्मक समस्याओं के बारे में अमेरिकी सीनेट को बताया था। इसके बाद बोइंग फिर से जांच के दायरे में आ गया। उन्होंने दावा किया था कि छोटी-छोटी खामियां और सही असेंबलिंग न होना विमान के जल्द खराब होने और संरचनात्मक विफलता का कारण बन सकते हैं। एफएए ने एक जांच शुरू की, जो अभी भी जारी है। स्वभाविक है जब तक जांच का कोई परिणाम नहीं आ जाता, ये विमान आसमान में पूरी दुनिया में उड़ते रहेंगे। वस्तुतः यहां हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि इस विमान को आधुनिक ओर सक्षम विमान माना जाता है लेकिन इन विमानों का इतिहास सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा रहा है। यह विमान ही क्यों पूरा हवाई सेक्टर ही हमेशा से चिंताओं से भरा रहा है। लाख सावधानी और सुरक्षा के बाद भी घटना कहीं भी कभी भी घट सकती है। यह कोई दावा किसी भी स्तर पर नहीं कर सकता कि दुर्घटना का पता पहले से लगाया जा सकता है।**

वस्तुतः यहां हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि इस विमान को आधुनिक ओर सक्षम विमान माना जाता है लेकिन इन विमानों का इतिहास सुरक्षा चिंताओं से जुड़ा रहा है। यह विमान ही क्यों पूरा हवाई सेक्टर ही हमेशा से चिंताओं से भरा रहा है। लाख सावधानी और सुरक्षा के बाद भी घटना कहीं भी कभी भी घट सकती है। यह कोई दावा किसी भी स्तर पर नहीं कर सकता कि दुर्घटना का पता पहले से लगाया जा सकता है। इस केस में पहले प्लेन के पायलट सुमीत सभरवाल और को-पायलट क्लाइव कुंदर ने mayday कॉल किया था। एयर ट्रैफिक कंट्रोल (ATC) को हादसे के पहले यह बताने की कोशिश की थी कि विमान में कुछ गड़बड़ी है Mayday कॉल का मतलब पायलट के पास मदद मांगने का समय था, लेकिन प्लेन कंट्रोल करने का नहीं।' इसका मतलब यह भी है कि इस विमान में अचानक से आई कोई बड़ी खराबी रही, जो इसके हादसे का कारण बना है। वास्तव में यह वक्त अपनी सरकार पर दोषारोपण करने का नहीं, बल्कि जो मृत हुए हैं, उनके प्रति अपनी सांत्वना व्यक्त करने का है।

राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हुई है। पति-पत्नी के साथ उनके दो जुड़वां बच्चे और एक बेटे की जो अंतिम फोटो सामने आई है, वह सभी को भावुक करती है। प्रतीक जोशी जो लंदन में पेशे से डॉक्टर थे, उनकी पत्नी कोमी व्यास, जुड़वां बेटियां मिराया जोशी और प्रद्युत जोशी, बेटा नकुल जोशी के साथ यात्रा कर रहे थे। प्लेन के टेकऑफ होने से पहले उन्होंने सेल्फी भी ली थी जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मरनेवालों में कई लोग तो अपनी बहुत जिंदगी जी चुके थे, लेकिन ये तीनों बच्चे तो अभी बहुत छोटे ही थे, जिन्हें जीवन में बहुत कुछ देखना था, पर अनहोनी के बारे में क्या भविष्यवाणी की जा सकती है! इस प्लेन क्रैश में नई नवेली दुल्हन खुशबू की पहली उड़ान ही उसके लिए आखिरी साबित हुई जोकि अपने पति के पास लंदन जा रही थी। एक भारत की बेटी राजस्थान के उदयपुर की रहने वाली पायल खटीक जो अपने सपनों को उड़ान देने के लिए लंदन जा रही थी, उसके परिवार के लिए उसकी ये यात्रा अंतिम साबित हुई है। वस्तुतः इस तरह की अनेक कहानियां हैं, जिन्होंने अपना सब कुछ खो दिया, हर कहानी बहुत भावुक करती है और जिंदगी का सबक भी देती हैं कि जीवन में अंतिम क्षण कब, कहां आ जाए कोई भरोसा नहीं। यहां देखो; ये सभी यात्री थे, लेकिन जो कहीं यात्रा नहीं कर रहे थे, ऐसे विमान हादसे में कम से कम पांच एमबीबीएस के छात्र, एक पीजी रेजिडेंट डॉक्टर और बीजे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद के सुपरस्पेशलिस्ट डॉक्टर की पत्नी की भी मौत हुई है। इस हादसे में 60 से अधिक मेडिकल छात्र घायल हुए हैं। अब तक जान गंवाने वालों का आंकड़ा 265 पर जा पहुंचा है। रेस्क्यू टीमों ने विमान के ब्लैकबॉक्स, फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर बरामद कर लिया है, अब रिपोर्ट आनी बाकी है, जिसके बाद यह खुलासा हो सकेगा कि हादसे से पहले अंतिम पलों में में हुआ क्या था। लेकिन जब तक रिपोर्ट नहीं आ जाती, तब तक कम से कम हम इतना तो कर ही सकते हैं जो नहीं रहे, उन मृतकों के लिए शांतिपाठ और जो घायल हैं, उन सभी घायलों के लिए प्रार्थना, न कि अपनी सरकार को घेरने का इसे अवसर मानकर सिर्फ नकारात्मक बातें फैलाने का हम कारण बने।

विचार

# अहमदाबाद में सपनों की उड़ान से सुलगते सवाल

*प्रियंका सौरभ*

अहमदाबाद में 12 जून की सुबह आम दिनों की तरह सामान्य थी। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि आज की दोपहर रुलाने वाली होगी। एअर इंडिया की फ्लाइट ए1-171 लंदन के गैटविक एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरने कुछ ही सेकंड बाद क्रैश हो गई। यह हादसा सिर्फ अहमदाबाद को ही नहीं, पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर गया। इस विमान में 230 यात्री और 12 क्रू मेंबर थे। सभी की अपनी-अपनी कहानियां थीं। कोई पहली बार विदेश जा रहा था। किसी को बेटी की शादी में शामिल होना था। कोई नौकरी के लिए लंदन जा रहा था तो कोई अपने बेटे से मिलने। किसी ने शायद दरवाजा बंद करते समय पीछे मुड़कर देखा हो। मगर अधिकांश ने आखिरी बार कहा होगा-पहुंचकर फोन करना। लेकिन इसका मौका सपनों की उड़ान भरने वालों को नहीं मिला।

इस विमान का बड़ा हिस्सा मेघानी नगर के मेडिकल छात्रावास पर भी गिरा। इससे वहा रह रहे छह छात्र भी मौत के मुंह में समा गए। यह युवा भविष्य में किसी की जान बचा सकते थे। दुर्भाग्य देखिए, उनकी अपनी जानें ही नहीं बच सकीं। किसी मोबाइल फोन की स्क्रीन पर शायद अभी भी ममता का 'मिस्ड कॉल' दिख रहा होगा। किसी के व्हाट्स ऐप पर अब भी लैंड करते ही मैसेज करना लिखा होगा।

हादसे में मर जाना अलग बात है, लेकिन बिना अलविदा कहे दुनिया छोड़ जाना एक अकल्पनीय दुःख होता है। एअर इंडिया का यह ड्रीमलाइनर विमान आधुनिकतम सुरक्षा तकनीक से लैस था। ड्रीमलाइनर 787 को उड्डयन जगत में विश्वसनीय माना जाता है। फिर



सवाल उठता है-कैसे हुआ ये हादसा? क्या विमान में पहले से कोई तकनीकी गड़बड़ी थी? क्या मेंटेनेंस में लापरवाही बरती गई? या फिर यह एक दुर्भाग्यपूर्ण संयोग है?

कैप्टन सुमीत सबरवाल इस विमान को उड़ा रहे थे। वे 8200 घंटे के उड़ान अनुभव वाले वरिष्ठ पायलट थे। उनके साथ सह-पायलट क्लाइव कुन्दर भी थे। उनके पास भी पर्याप्त उड़ान अनुभव था। कहते हैं कि दोनों ने आखिरी क्षण तक विमान को कंट्रोल करने की कोशिश की। ब्लैक बॉक्स से मिली रिकॉर्डिंग में कैप्टन की अंतिम आवाज मेडे कॉल के रूप मे दर्ज है। प्रशासन ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करने में देर नहीं की। खबर फैलते ही अस्पतालों के बाहर परिजनों की चीखें सुनाई देने लगीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। हादसों के बाद हम अकसर संवेदनाएं प्रकट करते हैं। मोमबत्तियाँ जलाते हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट डालते हैं और फिर भूल जाते हैं। लेकिन इस बार कुछ बदलना होगा। कई परिवार ऐसे हैं जिनका एकमात्र कमाने वाला सदस्य इस हादसे में चला गया। कुछ ऐसे हैं जिनके तीन-तीन सदस्य एकसाथ उड़ान पर थे और अब उनकी कोई स्मृति शेष नहीं।

एक छह साल की बच्ची की तस्वीर वायरल हो रही है जो अपने दादा-दादी के साथ पहली बार विदेश जा रही थी। अब उसकी गुलाबी गुड़िया राख में मिली है। एक नवविवाहिता जो ससुराल के लिए रवाना हुई थी, अब ताबूत में लौटेगी। यह कहानियां तकलीफदेह हैं। इस हादसे के बाद हमें दो काम जरूर करने चाहिए। पहला-पीड़ित परिवारों को हर संभव सरकारी, कानूनी और मानसिक सहायता दी जाए। दूसरा-यह सुनिश्चित किया जाए कि भारत की कोई भी उड़ान हो, उसे उड़ने से पहले सौ बार जांचा जाए।

एक शोक रचना याद आ रही है- जो उड़ने चले थे सितारे बन के, वो राख में अब निशान बन के रह गए। यह दुर्घटना उन सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि है जो सिर्फ मंज्ल की आशा लेकर चले थे और अब हमारी यादों का हिस्सा बन गए हैं। वे लौटकर नहीं आएंगे, लेकिन अगर हमने उनकी याद में सिस्टम को बेहतर बना दिया, तो शायद उनके जाने का कोई अर्थ रह जाएगा।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

साहित्य

## तेरी आंखों में जब जब देखा



**दीपक सिंह**

तेरी आंखों में जब जब देखा,  
जो कशिश दिखी दिल पार गयी ।  
आंखों से पढ़ा वो नजराने को,  
प्यार का दम भरते हुए ।  
वे एक नाव पर नहीं टिकते,  
उनकी आंखों को कहते हुए।।  
बस ये जानकर जब देखा,  
तरंग तरंग को काट गयी।  
तेरी आंखों में जब जब देखा,  
जो कशिश दिखी दिल पार गई।  
तुम्हें छोड़ने की आदत सी,  
हर जाम मे रंग भरते हुए।  
तुम्हें परवाह नहीं किसी की,  
तेरे चेहरे की हंसी को कहते हुए।।  
कुछ ही पल का जब साथ देखा,  
जो आह निकली मार गयी ।  
तेरी आंखों में जब जब देखा,  
जो कशिश दिखी दिल पर गयी।।



## राशिफल

**मेषः-** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृषभः-** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है।

**मिथुनः-** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्कः-** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे। वाद-विवाद से दूर रहें।

**सिंहः-** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः-** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे। पिता की तरफ से लाभ होगा।

**तुलाः-** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। प्रवास की संभावना है।

**वृश्चिकः-** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु :-** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय व लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः-** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी। परिवार में सुख- शांति का माहौल रहेगा।

**कुंभः-** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन कष्ट दे सकता है।

**मीनः-** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी। अनिद्रा से परेशान रहेंगे।

# केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

*प्रहलाद सबनानी*

आज से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है।

वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है।

केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है।

इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दर्शाता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं। यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे तो केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के लिए देश में पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने एवं समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाये रखने में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए वित्त की अनुपलब्धता ही मुख्य समस्या के रूप में सामने आती है। परंतु, देश के नागरिक जो गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यमवर्गीय अथवा उच्चवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं, वे यदि केंद्र एवं राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो भारत के लिए आर्थिक विकास की दर को दहाई के आंकड़े तक ले जाने में कोई बहुत अधिक समय नहीं लगने वाला है। केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों एवं निजी क्षेत्र द्वारा देश में गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाने के साथ ही यदि पूंजीगत खर्चों में भी वृद्धि की जाती है तो देश के नागरिकों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित होते हैं एवं इससे देश के नागरिक देश की आर्थिक तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाते हैं। भारत में भी इसी प्रकार की व्यवस्था खड़ी होती हुई दिखाई दे रही है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय (*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**

## खबरें एक नजर में

### डंपर चालक की संदिग्ध मौत, लू लगने से मौत की आशंका

**राठ(हमीरपुर)।** हमीरपुर रोड स्थित सांई मंदिर के पास डंपर चालक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्वजनों ने लू लगने से मौत हो जाने की अशंका जताई है। जनपद महोबा के पनवाड़ी थाने के रिछा गांव निवासी 55 वर्षीय चंद्रभान पुत्र बाबूलाल भाड़े से डंफर लेकर जा रहा था। तभी हमीरपुर रोड स्थित सांई मंदिर के पास अचानक हालत बिगड़ गई। ट्रक में मौजूद हेल्पर राहुल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां इलाज के दौरान चालक की मौत हो गई। मृतक के पुत्र आकाश ने बताया कि उसके पिता के नाम सात बीघा जमीन थी। साथ ही वह डंफर चलाते थे। जिससे परिवार का भरण-पोषण होता था। बताया कि बुधवार की शाम करीब पांच बजे उसके पिता घर से डंफर लेकर निकले थे। रात में वह अंबे पैलेस पठानपुरा मोहल्ला निवासी बुआ सुनीता के यहां रुक गए थे। उसके पिता की लू लगने से मौत हुई है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र आकाश विकास छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी फूला रानी का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गाली-गलौज की पुलिस से शिकायत

**राठ(हमीरपुर)।** चिकासी थाने के चंदवारी डांडा गांव निवासी धीरेन्द्र कुमार पुत्र भगवत राजपूत ने बताया कि बुधवार को दस बजे वह चंदवारी खदान के पास ट्रक की मौरंग समतलीकरण कर रहा था। उसी दौरान गांव के जगमोहन पुत्र कमलापत जवाहर पुत्र रामसनेही ज्ञानेंद्र पुत्र ओमकार उर्फ सुक्काए राम करन पुत्र श्रीनारायण आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त चारों ने लाठी डंडों से मारा-पीटा। मारपीट करने के बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### पौने दो किलो गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** पुलिस ने पारा मोड़ के आगे नरहे बाबा के पास से बांदा जनपद के एक युवक को पौने दो किलो गांजा के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है। थाने के दरोगा सुरेंद्र प्रसाद यादव ने बांदा मार्ग में नरहे बाबा के समीप से बांदा जनपद के पैलानी डेरा निवासी अमितेन्द्र उर्फ जीतू यादव को पौने 2 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा है।

### पति-पत्नी ने मिलकर युवक को पीटा

**सुमेरपुर।** इंगोहटा की एक महिला ने पति-पत्नी के खिलाफ पति के साथ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज कराया है इंगोहटा निवासी रेखा का आरोप है उसका पति पंकज दूध लेकर डेयरी जा रहा था तभी गांव निवासी सद्दाम ने अपनी पत्नी के साथ रास्ते में रोक लिया और गाली गलौज करके मारपीट की है। पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मारपीट करने का मुकदमा दर्ज करके सद्दाम को शांति भंग में जेल भेजा है।

### मृतक ईको वैन चालक के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** पुलिस ने विगत दिनों नरायनपुर कुंडौरा के मध्य हुए एक्सीडेंट के प्रकरण में मृतक ईको वैन के चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू की है। जालौन जनपद के कालपी थाना क्षेत्र के इमिलिया खुर्द बांध निवासी मस्तराम उर्फ विकास पाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि मेरा पुत्र शोभित पाल अपने चाचा शैलेंद्र पालए संत शरणए अनुराग पाल एवं रिश्तेदार संदीप पालए शीलू पाल के साथ शादी में शामिल होने हमीरपुर के देवगांव गए थे। शादी में शामिल होने को उपरांत वापस लौटकर नरायनपुर के समीप शिवाय होटल के पास वाहन का इंतजार कर रहे थे तभी महोबा की तरफ से आ रही ईको वैन ने मेरे पुत्र को जोरदार टक्कर मार दी। इससे मेरे पुत्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई और ईको वैन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलट कर क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना में चालक सौरभ पाल की भी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक चालक सौरभ पाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू की है।

### ग्राम चौपाल में आई शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के हेलापुर व कुम्हऊपुर में ग्राम चौपाल में आवासए पेंशन आदि की शिकायतें आई। जिनका संबंधित अधिकारियों ने मौके पर निस्तारण किया। हेलापुर में सचिव मनीष कौशिक की मौजूदगी में चौपाल का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि आवास से संबंधित दो शिकायत आई थी। जिसमें एक व्यक्ति की शिकायत गलत पाई गई। उसे पहले से ही आवास का लाभ मिल चुका था। वहीं दूसरी शिकायत पर आवास सर्वे में सम्मिलित कर योजना का लाभ दिया जाएगा। इसी तरह कुम्हऊपुर में सचिव रामबाबू गुप्ता के मौजूदगी में आयोजन हुआ। जिसमें आवास, पेंशन, साफ-सफाई की शिकायतें आई। बताया कि इनका मौके पर निस्तारण करा दिया गया है।

### इलाज में मदद से इनकार पर ट्रक चालक व मालिक पर मुकदमा

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** मौदहा कस्बे के कांशीराम कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने ट्रक चालक व मालिक के खिलाफ पुत्र के उपचार में सहयोग न करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। मौदहा के कांशीराम कॉलोनी निवासी भवानीदीन ने मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उसके पुत्र शिवम सोनी को पड़ोसी ट्रक चालक मदन धुरिया खलासी का कार्य कराने के लिए 3 जून को अपने साथ लिवा ले गया था। रात 2 बजे भौनिया के समीप खदान से वापस आते समय ट्रक चालक की लापरवाही से ट्रक पलट गया। इस घटना में उसके पुत्र का पैर टूट गया था। अब चालक एवं ट्रक मालिक उसके पुत्र के उपचार में मदद नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने ट्रक चालक एवं मलिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

### दबंगों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी, शिकायत

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी हिमांशु गुप्ता पुत्र शिवकुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार शाम करीब सात बजे उसका भाई प्रमांशू गुप्ता का जगन्नाथ धाम के पा अभ्यांश अग्रवाल पुत्र ध्वनि अग्रवाल निवासी मुगलपुरा से विवाद हो गया था। चिराग सोनी व अन्य लोगों ने बीच बचाव किया था। तभी नराज होकर रात करीब साढ़े दस बजे अभ्यांश अग्रवाल अपने साथी साथी तनिष्क सविता पुत्र सुनील कुमार सविता निवासी जुगयाना पार्थ बुधौलिया पुत्र चन्द्र प्रकाश बुधौलिया निवासी सिकन्दरपुरा प्रिन्श राजपूत पुत्र शत्रुधन राजपून निवासी धमना हाल पता चरखारी रोड राठ आयन पुत्र इनायत मुशर्तखान पुत्र सुव्वन खान व स्वेह उर्फ सोलू पुत्र सुलेमान खान निवासीगण फरसौलियाना अपने हाथ में लाठीए तमंचा लेकर उसके दरवाजे आ गए और दरवाजा पीटते हुए भाई प्रियांशू को बुलाने लगे। बताया कि डर के कारण दरवाजा नहीं खोला। तभी उक्त लोग चिराग सोनी पुत्र अनिल सोनी दरवाजा पीटते हुए गाली देकर बाहर निकलने के लिये कहने लगे। दरवाजा न खुलने पर उक्त लोग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है।

### युवक ने लगायी फांसी, हत्या का आरोप

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम अरतरा में बीती शाम एक युवक ने संदिग्ध हालत में फांसी लगा ली हालाकि मृतक के भाई ने उसकी पत्नी समेत ससुरालीजनों पर अपने भाई की हत्या करने का आरोप लगाया है। कोतवाली पुलिस घटना की जांच पड़ताल में जुड़ गई है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम अरतरा निवासी दिनेश (35) पुत्र राम औतार सोनकरकी गुरुवार की शाम उसकी पत्नी कपूरी से किसी मामले में विवाद हो गया जिसको लेकर कपूरी ने वहां मौजूद अपनी मां माया व भाई मोनू निवासी जाजपुर घाटमपुर की मदद से दिनेश को जमकर मारा पीटा उसके कुछ देर ही बात दिनेश का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में लटकता मिला। इस घटना से उसके परिजनों में हड़कंप मच गया। मृतक के छोटे भाई निर्मल ने उसकी पत्नी सास व साले पर अपने भाई की हत्या करने का आरोप लगाया है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर कर मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी है। यह घटना गांव में चर्चा का विषय है बनी हुई है।

### भाजपा वाले आपके यहां आए तो इनसे अपने पंद्रह लाख रुपए मांगना: इंजी. ब्रजेश कठेरिया

**महोबा।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी इस बार कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती यही वजह है कि समाजवादी पार्टी जन जन तक अपनी आवाज पहुंचाने के




लिए पीडीए जन पंचायत का आयोजन कर रही है। पीडीए जन पंचायत कबरई कस्बे में सम्पन्न हुई द्य कार्यक्रम में किशनी से सपा विधायक इंजी. ब्रजेश कठेरिया मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा पर जमकर प्रहार करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के नाम पर भाजपा घर घर सिंदूर देने की बात कर रही है अगर यह भाजपा वाले आपके यहां आए तो आप लोग इनसे अपने पंद्रह लाख रुपए मांगना, अपने बच्चों के लिए रोजगार मांगना, अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मांगना। वहीं ब्रजेश कठेरिया ने उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य के सपा के पीडीए को परिवारवादी डिवलेपमेंट अथॉरिटी कहने वाले ट्वीट को लेकर कहा कि मौर्या जी आज भी कुर्ते में प्रेस करवा कर रखे है कि कब उनको सीएम की कुर्सी मिल जाए कब वह सीएम पद की शपथ ले अभी तक उनका यह सपना पूरा नहीं हुआ और हमारे पीडीए पर बात करते है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महेंद्र कठेरिया, जिलाध्यक्ष शोभालाल यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष प्राणसिंह यादव, कुंभकरण यादव, सपा नेता मनोज श्रीवास खिरूही, मारुति लल्लू साहू, आकाश पाठक, मुकेश यादव, अभिमन्यु धनंजय सिंह, महेश निषाद, अशोक कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, अजय यादव, पूर्व सभासद अमित यादव, मुकेश भारती सहित सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नदी के आस-पास पौधे लगाए जाएं: डीएम

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद महोबा के ग्राम पंचायत चाँदौ, बगरौन एवं नथुपुरा में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, द्वारा चन्द्रावल नदी खुदाई कार्य एवं चरखारी के गुमान बिहारी मंदिर/तालाब, जय सागर तालाब तथा मेला परिसर में चल रहे थिएटर जीर्णोद्धार कार्य का औचक निरीक्षण किया गया, तथा कराये गये कार्य का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा चन्द्रावल नदी खुदाई कार्य पूर्ण करने तथा खुदाई कार्य की ड्रोन कैमरे से वीडियोग्राफी कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी नें नदी के आस पास वृक्षारोपण करने, टीलों को समतल करने एवं ह्युम पाइप डालकर



रास्ता बनाने के निर्देश दिए, जिससे नदी में पानी आने में अवरोध ना हो और ग्रामीणों को आवागमन में भी कोई दिक्कत ना हो। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा श्रमिकों से भी वार्ता की गयी। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा चरखारी स्थित गुमान बिहारीजी मन्दिर के दर्शन किये एवं तालाब का निरीक्षण किया, जिसमें जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी चरखारी को तालाब को संरक्षित करने तथा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका चरखारी को तालाब की साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने नगर पालिका परिषद चरखारी क्षेत्रान्तर्गत मेला परिसर में चल रहे थियेटर हॉल के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थियेटर हॉल के पुराने स्वरूप को कायम रखते हुये कार्य को गुणवत्तापूर्ण ससमय पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये एवं नजदीक ही जय सागर तालाब में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य को भी समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, हरेन्द्र कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी चरखारी डॉ. प्रदीप कुमार, तहसीलदार चरखारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चरखारी, सहायक विकास अधिकारी सनत कुमार, सहायक विकास अधिकारी (पं.) ओंकारनाथ, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार, सचिव कु. अनमोल वर्मा, ग्राम प्रधान सन्तोष कुमार एवं तकनीकी सहायक मो. अनीष उपस्थित रहे।

## मच्छर भगाने के लिये जलायी आग, महिला की मौत

**मौदहा, हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र की वृद्ध महिला गुरूवार की रात आग की चपेट में आ गई आनन-फानन परिजनों ने कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर आए जहां ईलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। गुरुवार की रात रीवन गांव निवासी शकुंतला (60) पत्नी रामानंद साहू अपने घर में रात मे मच्छरों से बचाव हेतु धुआं रख आंगन में सो गई सोते समय कपड़ों में आग पकड़ गई और जलने लगे धुएं का गुबार उठता देख पड़ोसी ने अंदर सो रही बहू को आवाज लगाई तब तक महिला गंभीर रूप से झुलस गई परिजन पड़ोसियों की सहयोग से आनन-फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर आगे की कार्रवाई शुरू कर दिया मृतक के चार लड़के हैं दो लड़के दिल्ली विवि में प्रोफेसर है, एक लड़का पटना विवि में प्रोफेसर है, चौथा लड़का घर में रहकर खेती किसानी कर माता-पिता का सहयोग करता है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में हड़कंप मच गई और गांव में शोक के लहर दौड़ गई। ग्रामीण शिव प्रकाश ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात आंगन में धुआं रखकर शकुंतला सो रही थी सोते समय कपड़े आंग की चपेट में आ गए और महिला जल गई जिसे अस्पताल में लाया गया इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में ले लिया गया है, पंचनामा भर आगे की कार्रवाई आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## लू की चपेट में आने से किसान की मौत परिवार में मचा कोहराम

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के पत्योरा ग्राम पंचायत अंतर्गत मजरा शिवरामपुर डेरा निवासी एक किसान की लू लगने से मौत हो गई। किसान दोपहर की तेज धूप में खेत से लकड़ी काटकर लौटने के बाद बेहोश हो गया और फिर उठ नहीं सका। मृतक नेकपाल(60) अपने कच्चे मकान की मरम्मत के लिए बुधवार को दोपहर के समय खेतों में लकड़ी काटने गया था। लौटकर उसने घर पहुंचकर पानी पिया और चारपाई पर लेट गया। कुछ देर बाद जब बहू गुड़िया ने उन्हें भोजन के लिए आवाज दी तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। पास जाकर देखा तो उनकी सांसें थम चुकी थीं। घटना की जानकारी मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुंचे और उन्हें हिलाया.डुलाया लेकिन कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। परिजनों ने बताया कि



अचानक हुई इस घटना से पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पांच पुत्र और चार पुत्रियां छोड़ गया है। उनके साथ विधवा बहू और अविवाहित पुत्र रह रहे थे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद निषाद ने बताया कि नेकपाल दोपहर की भीषण गर्मी में लकड़ी काटने गया था। आशंका है कि अत्यधिक तापमान और हीटवेव के कारण उनकी मौत हो गई।

## योग से खिलाड़ियों की मांसपेसियों में मिलती है राहत: डॉ. कश्यप

- स्टेडियम में मास्टर ट्रेनर ने खिलाडियों व आंगनवाड़ियों को सिखाया योग

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

योग दिवस 2025 एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के थीम आधारित योग को सफल बनाने लिये गुरुवार को राजकीय स्पोर्ट स्टेडियम में मास्टर ट्रेनर डॉ बृजेश के द्वारा जिले के सभी शहरी खिलाड़ियों को योग से मांसपेशियों के खिंचाव दर्द तनाव को दूर करने वाले कई प्रकार के योगों का अभ्यास कराया गया मास्टर ट्रेनर ने कहा कि खेल को हार या जीत के भाव से नहीं बल्कि खेलभावना से से खेलना चाहिये, डॉ कश्यप ने बच्चों के उत्साह वर्धन के लिए योग का कठिन प्रदर्शन भी किया जो बच्चों को





बहुत आकर्षित करता रहा साथ ही योग को हमीरपुर के सभी वर्गों के बीच पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद हमीरपुर के योग मास्टर ट्रेनर डॉ बृजेश कश्यप और पौथिया की योग प्रशिक्षका शिवानी सचान के सामूहिक नेतृत्व में सुमेरपुर खंड विकास अधिकारी भवन में सभी आंगनवाड़ी को योग दिवस की जानकारी दी गई तथा समग्र स्वास्थ्य संवर्धन सम्बद्ध योग तथा गर्भावस्था में प्रत्येक तिमाही के किए जाने वाले योग आहार और दिनचर्या प्रशिक्षण दिया गया जिसमें आंगनवाड़ी स्वयं के स्वास्थ्य के लिए दैनिक योगाभ्यास में ऊषापान ताड़ासन त्रियक ताड़ासन कटी चक्रासन मर्जरीआसान त्रिकोणासन उष्ट्रासन शीतली प्राणायाम सीत्कारी प्राणायाम साथ ही योग के प्रोटोकॉल का अभ्यास सिखाया गया आंगनवाड़ियों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हेतु सकारात्मक सोच का महत्व पूर्ण भूमिका के बारे में सभी को जानकारी दी साथ महिलाओं के कमरदर्द पीसीओडी तनाव प्रबंधन करने वाले योग भी सिखाया गया एजीवन छोटा है इसे गहराई से स्वास्थ्यता के साथ जीना चाहिए समय बदलेगा जरूर, सीडीपीओ प्रीति के नेतृत्व यह कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम की सभी ने सराहना की और डॉ. कश्यप ने अन्त में उपवास चिकित्सा के बारे में सबको जानकारी दी ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक व साथी की मौत, नहीं लगाये थे हेलमेट

**राठ(हमीरपुर)।** गुरुवार की रात ससुराल से वापस जा रहे सेना रोड नहर बाईपास पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक सहित साथी की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों में मातम छा गया है।

जनपद छतरपुर मप्र के नौगांव निवासी 35 वर्षीय संतोष पुत्र छोटेलाल अनुरागी अपने साथी 32 वर्षीय राकेश अहिरवार पुत्र कृपाल अहिरवार के साथ गुरुवार को बाइक से अपनी ससुराल राठ कोतवाली के औंता पत्नी भारती से मिलने आया था। रात में वह अपनी ससुराल से वापस बाइक से साथी के साथ लौट रहा था। तभी सेना रोड नहर बाईपास पर पर अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार





टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। वाहन की टक्कर से बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बाइक सवार युवक सिर पर हेलमेट नहीं लगाए थे। जिससे दोनों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। मृतक अपने पीछे तीन पुत्री अंश माही परी को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक के भाई ईश्वर ने बताया कि उसका भाई दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। तीन पहले ही वह दिल्ली से घर आया था। पति की मौत पर पत्नी भारती का रो रोकर बुरा है। वहीं राकेश के भाई पप्पू अहिरवार ने बताया कि राकेश अविवाहित था। घर से दोस्त के साथ जाने की बात कहकर निकला था। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## फ्रीजर खराब होने से नहीं मिल पा रहा है व्यापारियों को ठंडा पानी

**कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

स्थानीय कृषि उत्पादन मंडी समिति में लगा फ्रीजर खराब रहने से एक वर्ष से मंडी आने वाले लोगों को शीतल पेयजल नहीं मिल पा रहा है। वही बेरी तिराहा में लगा फ्रीजर भी खराब होने से लोगो को ठंडा पानी नहीं मिल रहा है। नगर पंचायत द्वारा न तो सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था की गई है। न ही सार्वजनिक स्थानों पर लगे फ्रीजर ठीक कराए जा रहे है। भीषण गर्मी में लोग परेशान रहते है। कृषि उत्पादन मंडी समिति में लगा फ्रीजर एक वर्ष से खराब पड़ा है। इसको न नगरपंचायत द्वारा ठीक कराया जा रहा है। न ही मंडी समिति द्वारा। किसान कमलेश, जयकरन रमेश आदि ने बताया कि फ्रीजर खराब होने से गर्म पानी निकलता है। मंडी समिति द्वारा ठंडे पानी की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही



है। मंडी में आने वाले किसानों को पेयजल तक नसीब हो रहा है।यह बड़ी विडंबना है कि चार घड़े भी मंडी समिति द्वारा गर्मी को देखते हुए नहीं रखे गए है। इसी तरह बेरी तिराहा में लगा फ्रीजर खराब रहने से यात्रियों को शीतलपेयजल नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत इन खराब फ्रीजर को ठीक नहीं करा पा रहा है। न ही प्याऊ की व्यवस्था की गई है। जब कि प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में नगर पंचायत द्वारा निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था सार्वजनिक स्थानों पर की जाती रही है। इसकी शिकायत जिला अधिकारी से पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीक ने की थी। लेकिन कोई व्यवस्था नहीं हो सकी है। जब कि बेरी तिराहा व मंडी समिति में लोगों की भीड़ बनी रहती है।

## लोड बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों की रात में शुरू हुई अघोषित कटौती

- कटौती शुरू होने से ग्रामीणों की नींद हराम

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** गर्मी का सितम शुरू होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में रात में अघोषित कटौती का दौर शुरू हो गया है। इससे ग्रामीणों की नींद हराम हो गई है। जबकि कस्बे के हालात कुछ बेहतर हैं। गर्मी का सितम चरम पर है। दिन की तरह रात में भी लोग लू का एहसास कर रहे हैं। गर्मी का सितम बढ़ते ही कस्बे को छोड़कर ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति में अघोषित कटौती का दौर चालू कर दिया गया है। जिससे ग्रामीणों के नींद हराम हो गई है। अघोषित कटौती से बच्चों बूढ़ों महिलाओं का बुरा हाल हो गया है। विदोखर सब स्टेशन के उपभोक्ता रामस्वरूप, कौशिल्या, उदय भान, चंद्र प्रकाश, रामबाबू, बाबूराम आदि ने बताया कि पिछले दो दिनों से दिन के साथ रात में कटौती का दौर शुरू हो गया है। इससे लोग परेशान हैं। लोगों के नींद हराम हो गई है। सब स्टेशन की अवर अभियंता महेशचंद्र तिवारी ने बताया कि कटौती उनके स्तर से नहीं, बल्कि 132 केवी पावर हाउस से हो रही है। विद्युत विभाग के एसडीओ एमपी सिंह ने बताया कि कभी-कभी लोड बढ़ने पर बिना बताएं ऊपर से कटौती शुरू कर दी जाती है। पिछले दो दिनों से इसी वजह से इमरजेंसी कटौती की जा रही है।

## सांस्कृतिक मंच पर अवैध कब्जा कर बना दिया गोदाम, ग्रामीणों में पनप रहा आक्रोश

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम जैतपुर स्थित हनुमानजी की पुलिया के पास सार्वजनिक उपयोग के लिए बनाए गए सांस्कृतिक मंच पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर उसे निजी गोदाम के रूप में इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर ग्रामवासियों में गहरा रोष व्याप्त है। लगभग 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह सांस्कृतिक मंच पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल की अनुशंसा पर स्वीकृत किया गया था। मंच का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक एवं अवस्थापना निगम कानपुर के माध्यम से कराया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में





सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। ग्रामीणों का कहना है कि मंच का निर्माण इसीलिए हुआ था ताकि वहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, सामूहिक बैठकों तथा सार्वजनिक आयोजनों का आयोजन किया जा सके लेकिन वर्तमान में एक व्यक्ति ने इस सार्वजनिक स्थल को कब्जे में लेकर वहां निजी गोदाम बना लिया है। इससे ग्रामवासियों को सामाजिक गतिविधियों के आयोजन में कठिनाई हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि अविलंब इस अवैध कब्जे को हटवाया जाए और मंच को पुनः सार्वजनिक उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं कि सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा कैसे होने दिया गया और अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई क्यों नहीं हुई। वे मांग कर रहे हैं कि दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही हो और सांस्कृतिक मंच को ग्राम पंचायत के अधीन सौंपा जाए।

## 157 बोरी चावल पकड़ने का मामला

### पूर्ति निरीक्षक ने दुकान मालिक मुनीम व चालक के खिलाफ दर्ज करायी रिपोर्ट

**राठ(हमीरपुर)।** एक सप्ताह पहले उरई बस स्टैंड के पास से गल्ला व्यापारी के यहां उपजिलाधिकारी अभिमन्यु कुमार के नेतृत्व में नायब तहसीलदार बीरपाल सिंह व पूर्ति निरीक्षक अधिकारी रविन्द्र कुमार ने छापा मारा डीसीएम ट्रक और एक ई रिक्शा से 157 बोरी चावल की पकड़ी थी। चावल के दस्तावेज न दिखाएं जाने पर पूर्ति निरीक्षक ने दुकान मालिक सहित मुनीम व चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पूर्ति निरीक्षक अधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि चार मई को एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार वीरपाल सिंह उरई रोड पर दुकान पर छापा मारा था। जहां दुकान से एक डीसीएम ट्रक व ई रिक्शा में चावल लोड हो रहे थे। मौके पर पहुंच डीसीएम ट्रक व ई रिक्शा को कोतवाली में पहुंचा दिया है।बताया कि डीसीएम ट्रक में 150 बोरी चावल व ई रिक्शा में सात बोरी चावल बरामद किए गए हैं। बताया कि दुकानदार कोई कागजात नहीं दिखा सका है। बताया कि मौके पर रामसनेही से पूछा तो उसने बताया कि वह दुकान का मुनीम है। डेढ़ वर्ष से काम कर रहा है। वह चालक को नहीं जानता है। चालक जीतेन्द्र निवासी भटियाना से पूछा गया तो उसने बताया कि वह गाड़ी उरई मंडी से लेकर आया है। उरई स्टैंड पर प्रांशु की दुकान पर पांच बोरी चावल की उतार रहा था। अन्य बोरी ममना में उतारनी थी। बताया कि जांच में उक्त व्यक्तियों द्वारा चावल की कालाबाजारी का व्यापार किया जा रहा है। यह चावल अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को वितरित किया जाता है। बताया कि चावल को सीज कर दिया गया है। बताया कि दुकानदार प्रांशुए मुनीम रामसनेही चालक जीतेन्द्र के विरुद्ध चावल की कालाबाजारी करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

## सर्व भाषा साहित्यकार गौरव एवं समाज गौरव सम्मान से सम्मानित हुए डॉ बृजेश गुप्ता

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**

बांदा जनपद के सुदामापुरी मोहल्ले निवासी और अंग्रेजी साहित्य में दस पुस्तकों के रचयिता प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता को उनके साहित्यिक योगदान के लिए 'सर्व भाषा साहित्यकार गौरव सम्मान-2025' और समाज गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। उन्हें यह दोनों सम्मान रजिस्टर्ड डाक द्वारा प्रेषित किया गया है। वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान के सभागार में अखिल भारतीय साहित्य परिषद, ब्रज प्रांत के तत्वावधान में सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर कौरवी, ब्रज, खड़ी बोली, बुंदेली, अवधी और भोजपुरी सहित विभिन्न भाषाओं के 101 वरिष्ठ साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं पर्यावरण प्रेमियों को क्रमशः सर्व भाषा साहित्यकार गौरव सम्मान, समाज गौरव सम्मान और पर्यावरण गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्वाह्न 11 बजे अनन्त वीर्य महाराज महामण्डलेश्वर अक्षय पात्र आश्रम के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस विशेष अवसर पर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चन्द्र त्रिवेदी मधुपेश, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज कुमार और राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. पवन पुत्र बादल की विशिष्ट उपस्थिति ने समारोह की शोभा और बढ़ा दी।

यह आयोजन दो सत्रों में सम्पन्न



हुआ, जिसमें प्रदेश के विभिन्न अंचलों से पधारे अनेक प्रख्यात साहित्यकारों ने सहभागिता की। ब्रज प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए भाषाई विविधता को भारतीय एकता का मूल आधार बताया। समापन सत्र में कश्मीर के पहलगाम में शहीद हुए वीरों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। गीता शोध संस्थान के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ एवं प्रांतीय संरक्षक डॉ. उमेशचंद्र शर्मा ने आयोजन समिति के सफल संयोजन की सराहना की। समिति में डॉ. अजीत कुमार जैन, डॉ. एस.पी. मौर्य, संजय पांडेय गौहर, विकास सारस्वत, डॉ. चंद्र प्रकाश शर्मा, संतोष मिश्रा, प्रो. पुरुषोत्तम पाटील, अंजना अंजुम, निरूपमा अग्रवाल, ऋषि, शेखर और कृपांशु खूबचंदानी सहित कई प्रांतीय पदाधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय संयुक्त मंत्री डॉ. पुरुषोत्तम पाटील एवं संगठन मंत्री अंजना अंजुम ने किया। यह आयोजन भाषाई विविधता का उत्सव ही नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक एकता का सशक्त प्रतीक बनकर उभरा। उपस्थित साहित्यकारों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। डॉ. बृजेश पर अतर्रा पी.जी. कॉलेज, बाँदा के एम.एड. छात्र मान सिंह द्वारा हाल ही में एक लघु शोध भी प्रस्तुत किया गया है। शोध-पत्र लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर चुके डॉ. बृजेश वर्तमान में वर्ल्ड यूनियन ऑफ पोएट्स (इटली) में सेक्रेटरी जनरल पद पर कार्यरत हैं। उन्हें वर्ष 2024 में प्रतिष्ठित इतालवी सम्मान 11वें अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार सिटा डेल गैलेटियो एंटोनियो डी फेरारीस से भी नवाजा गया है।

# चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार



**तीन वाहन बरामद**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में थाना देवा पुलिस टीम द्वारा दो आरोपियों. हरिओम पुत्र राममनोहर निवासी केसरीपुर थाना मसौली व. राजितराम पुत्र सुरेश रावत निवासी ग्राम तिलपुरा थाना मसौली को अईमाहार तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 02 अदद मोटरसाइकिल व एक अदद स्कूटी (होण्डा एक्टिवा) व 700/- रुपये नगदी बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना देवा पर अभियुक्तगण के विरुद्ध मु0अ0सं0 338/25 धारा 317(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। अभियुक्तगण का एक गैंग है जो वाहन चोरी जैसी घटनाएं कारित करता है। अभियुक्तगण द्वारा करीब 02 वर्ष पूर्व थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम भेडहापुर मजरे जोलिया बनारसपुर से स्प्लेण्डर प्लस मोटरसाइकिल (UP 34 AU 0290) को चोरी करना स्वीकार किया गया था। जिस सम्बन्ध में थाना देवा पर मु0अ0सं0 430/2023 धारा 379/411 भा0द0वि0 पंजीकृत है। अन्य मोटर साइकिल व एक्टिवा को जनपद लखनऊ से चोरी करना स्वीकार किया गया है।

### चोरी की तीन अन्य घटनाओं का भी खुलासा, दो गिरफ्तार



**बाराबंकी।** थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा लूट/चोरी की तीन घटनाओं का सफल अनावरण करते हुए 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से लूटे का मोबाइल फोन व नकदी, अवैध तमंचा एवं घटना में प्रयुक्त/चोरी की मोटर साइकिल बरामद हुआ है। थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर लूट/चोरी की तीन घटनाओं का सफल अनवारण कर प्रकाश में आए दो अभियुक्तो अंश मिश्रा उर्फ राज मिश्रा पुत्र स्व. अमित मिश्रा निवासी जलालपुर निकट मुस्कान लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर व मोहम्मद असलम पुत्र मोहम्मद मियां निवासी तुलसी मेडिकल स्टोर के सामने झोपड़पट्टी लखपेड़ा बाग थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी को बाबा मक्कादास कुटी के पास से गिरफ्तार किया गया एवं अभियुक्तगण के कब्जे से लूट का एक अदद मोबाइल फोन वीवो व एक अदद पर्स सहित 520/-रुपये नकद, एक अदद अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा करातूस.12 बोर एवं घटना में प्रयुक्त/चोरी की एक अदद मोटर साइकिल हीरो एचएफ डीलक्स UP 41 BJ 0938 बरामद कर थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 590/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम असलम पंजीकृत किया गया।

## बाढ़ सुरक्षा तैयारियों की डीएम ने स्थलीय निरीक्षण कर की गहन समीक्षा



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा, राहत एवं बचाव उपायों की तैयारियों को परखने हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को तहसील रामनगर के विभिन्न संवेदनशील व अति संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन, संयुक्त मजिस्ट्रेट तेजस के0, उप जिलाधिकारी रामनगर विवेक शील यादव, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड शशिकांत सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सेवानिवृत्त हुए लेखाकार को दी गई भावभीनी विदाई



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड त्रिवेदीगंज कार्यालय के सभागार में सेवानिवृत्त लेखाकार का विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व कल अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में शिकार हुए लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लेखाकार सुशील श्रीवास्तव के विदाई समारोह में पहुंचे पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह उन्हें श्री रामचरितमानस की एक प्रति भेंट कर सुखमय पारिवारिक जीवन व्यतीत करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रियंका सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह प्रधान पिंटू वर्मा सहित विकासखंड कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी ग्राम रोजगार सेवक प्रधान आदि माल्यार्पण एवं प्रतीक चिन्ह देकर उनके सुखमय पारिवारिक जीवन की कामना की।

### ग्राम चौपाल लगाकर बीडीओ ने सुनी फरियाद



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सालपुर विकास खण्ड हैदरगढ़ में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि उपमुख्यमंत्री/ ग्राम्य विकास मंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में प्रत्येक विकास खण्ड में ग्राम चौपाल लगाकर जनता की समस्याओं का निस्तारण एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को त्वरित निस्तारण किया जाए । आज की चौपाल में बड़ी संख्या में समूह की दीदियां एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे । ग्रामवासियों द्वारा टूटी स्कूल बाउंड्री बनाए जाने की मांग रखी जिस पर खण्ड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने उपस्थित प्रधान एवं सचिव को आगामी कार्य योजना में शामिल कर बनवाने के निर्देश दिए।

### अलग-अलग हादसों में वृद्ध की मौत, दो घायल



**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग समय व स्थान पर हुए दो सड़क हादसों में एक वृद्ध कि जहां मौत हो गई वहीं दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। शुक्रवार की सुबह लगभग 9 बजे पहला सड़क हादसा भिखरा गांव में निर्माणाधीन पेट्रोल पंप के निकट हुआ। हैदरगढ़ की ओर आ रही बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें बाइक चला रहे कोतवाली के चौबिसी गांव निवासी मान मौर्य पुत्र गुरु सेवक 45 वर्ष व पीछे बैठे गांव के ही राजाराम तिवारी 75 गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के समय राजाराम तिवारी मुकदमे की पेशी पर बाराबंकी जाने के लिए हैदरगढ़ बस स्टेशन आ रहे थे। सीएचसी हैदरगढ़ लाये गये जहां राजाराम तिवारी को जहां मृत घोषित कर दिया गया है वहीं सिर में गंभीर चोटों के कारण मान को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया हैं। इसी हाईवे पर तहसील के सामने आज सुबह लगभग साढ़े ग्यारह बजे हुए हादसे में बाइक सवार थाना सुबेहा के पूरे मल्लाहन गांव निवासी हरीराम पुत्र रामनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए। एसएचसी लाये गये घायल को प्राथमिक उपचार के बाद सिर में चोट के चलते सीटी स्कैन के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### मार्ग दुर्घटनाओं में दो की मौत

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** अलग अलग स्थानो पर हुए हादसों में 2 लोगो की मौत हो गयी।पुलिस ने पंचनामा कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम प्लहरी के निकट गुरुवार को अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बड़ागांव निवासी रईश पुत्र शमशुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गये।जिन्हे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल मे भर्ती कराया इलाज के दौरान घायल की मृत्यु हो गयी। दूसरी घटना जहाँगीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम करन्द के निकट ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी।मृतक की पहचान बिहार प्रांत के धर्मेंद्र के रुप मे हुई है।पूर्व।मंत्री अरविन्द सिंह गोप,पूर्व विधायक रामगोपाल रावत,अजय वर्मा ने पोस्टमार्टम हाऊस पहुंच कर मृतक परिजनो को सांत्वना दी।

### संदिग्ध परिस्थितियों में पानी की टंकी के पास मिला युवक का शव



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** प्यारेपुर गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत बनी पानी की टंकी के पास 25 वर्षीय बराती लाल का शव मिला है।बराती लाल गुरुवार की रात करीब 10 बजे से लापता था।शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे उसका शव पानी की टंकी से लगभग 15 फीट की दूरी पर परिसर में मिला।मृतक के पिता रामकेवल ने पुलिस को घटना की सूचना दी।मृतक के चाचा भगवानदीन के अनुसार घटना का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है।बराती लाल दो बहनों और एक भाई का इकलौता भाई था।अभी उसकी शादी नही हुई है।वही गांव के ओमप्रकाश ने बताया कि पानी टंकी पर कोई गार्ड नहीं रहता है न ही गेट में ताला लगाया जाता है। जिससे गांव के छोटे-छोटे बच्चे व गांव के लोग गर्मी के चलते पानी की टंकी के ऊपर चढ़ जाते हैं और उस पर बैठते हैं।पानी टंकी के ऊपर चढ़ने के दौरान ही यह घटना हो गई है ऐसा प्रतीत हो रहा है।सफदरगंज थानाध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस ने शव का पंचायतनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच की जा रही है।

## मण्डल निदेशक ने सीएचसी का किया निरीक्षण



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या मंडल स्वास्थ्य निदेशक ने जैदपुर सीएचसी का औचक निरीक्षण किया अस्पताल में गंदगी मिली।उन्होने साफ-सफाई और भयंकर गर्मी के मद्देनजर कूलर लगाने के निर्देश भी दिये गये।

जानकारी के अनुसार अयोध्या मंडल के स्वास्थ्य निदेशक डॉ. विनोद वर्मा ने जैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर के कमरो मे गंदगी देखकर उन्होने नाराजगी जताई। स्वास्थ्य निदेशक ने डिस्पेंसरी और लेबर रूम सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। उन्होने ओपीडी रजिस्टर और अटेंडेंस रजिस्टर की भी जांच की।दवाओ का रखरखाव सही ढंग से पाया गया। ओपीडी रजिस्टर भी व्यवस्थित मिला। बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य निदेशक ने कूलर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा रखने के लिए कहा। निरीक्षण के दौरान डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह, डॉ. देवेश पटेल, नजमुल सिद्धिकी, एक्स-रे टेक्निशियन अमित कुमार,डेंटिस्ट अरविंद गुप्ता, वार्ड बॉय श्रवण कुमार सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## अधिवक्ता की प्रथम पुण्यतिथि पर लगा सेवा सहायता का विशाल स्वास्थ्य शिविर

- ग्रामीण क्षेत्र में लोगों की स्वास्थ्य सेवा के लिए पुण्यतिथि पर अनूठा प्रयास, 325 मरीजों का हुआ निःशुल्क उपचार



**हैदरगढ़, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नरौली गांव निवासी अधिवक्ता स्व शिवानंद मिश्र की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके अग्रज भाइयों द्वारा विशाल सेवा सहायता शिविर एवं स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।

इस शिविर में हीलिंक अस्पताल लखनऊ, लोहिया अस्पताल एवं केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिविर में पंजीकृत 325 मरीजों की निःशुल्क जांच उपचार एवं दवा वितरण किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने स्व शिवानन्द मिश्र के चित्र पर पुष्पांजलि करके व फीता काटकर कर शिविर का शुभारंभ किया वहीं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शरद अवस्थी, आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के पिता राजकुमार शर्मा, नगर पंचायत हैदरगढ़ के चेयरमैन आलोक तिवारी सहित गणमान्य लोगों ने पुष्पाजंलि कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष डॉ राम बहादुर मिश्रा ने की तथा संचालन रत्नेश कुमार ने किया। लोहिया अस्पताल एवं केजीएमयू के बाल रोग डॉ गौरव सिंह, डॉ गोविंद पांडेय, हीलिंक क्लीनिक के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ फिरोज, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ नेहा साहू, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ शेखर गुप्ता ने मरीजों का निःशुल्क परामर्श एवं उपचार किया। हीलिंक पैथालॉजी के राघवेंद्र, लक्ष्मी, शुभम ने मरीजों का पंजीकरण कर खून जांचे एवं ईसीजी आदि की निःशुल्क सुविधाएं दी। शिविर में समाजसेवी वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय के संस्थापक मयंक ओझा, बिरजू संस्थान के अध्यक्ष समाजसेवी रत्नेश कुमार की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने कहा कि पुण्यतिथि पर लगाया गया सेवा सहायता का शिविर यह दर्शाता है कि स्व शिवानन्द मिश्र का व्यक्तित्व उच्चकोटि का रहा है। एमएलसी ने कहा कि भाई दिनेश मिश्रा, बृजेश मिश्रा आलोक मिश्रा द्वारा पुण्यतिथि पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को स्वस्थ्य रहने के लिए अनुकरणीय योगदान दिया है। बच्चों का उपचार कर रहे डॉ गौरव सिंह ने बताया कि अत्यधिक बढ़ी गर्मी में बच्चों की विशेष देखभाल करना चाहिए, उन्हें थोड़ी थोड़ी देर पर साफ ताजा पानी पिलाते रहना चाहिए, लू धूप से बच्चों को बचाये। डॉ गोविंद पांडेय ने कहा कि जून से जुलाई में बच्चों में डायरिया की समस्याएं बढ़ जाती हैं जो जानलेवा हो सकती हैं। ऐसे में बच्चों को रिहाल्ड्रेशन से बचाएं। अध्यक्षता कर रहे डॉ रामबहादुर मिश्र ने डॉक्टरों के योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। नन्द कुमार मिश्र ने भावांजलि अर्पित की। आयोजक दिनेश मिश्र ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं बृजेश मिश्र व आलोक मिश्र ने सभी का स्वागत किया और भण्डारे में लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉक्टर राम बहादुर मिश्रा धर्मेंद्र मिश्रा, पत्रकार ओमप्रकाश मौर्य रामानंद कनौजिया, सत्यम दुवेदी, डॉक्टर आशीष तिवारी डॉ नारायण द्विवेदी अनिल द्विवेदी सतीश मिश्रा मंशाराम शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## विमान हादसे में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए लोकदल नेताओं ने शहीद स्मारक पर की प्रार्थना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



अहमदाबाद विमान हादसे में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति श्रद्धांजलि अर्पित करने और परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए पूर्व सैनिक, पूर्व विधायक राष्ट्रीय लोकदल के नेता शिवकरन सिंह ने नगर के शहीद स्मारक में श्रद्धांजलि अर्पित कर हादसे में जान गवाने वालो परिजनों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एयर इंडिया विमान के यात्रियों और जिस बिल्डिंग पर हादसा हुआ उसके डॉक्टर छात्रों के हताहत होने वाले सभी को ईश्वर अपनी शरण में लेते हुए उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे। सभी के परिवारों को दुःख सहन करने की शक्ति मिले। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के तमाम पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया है। अवध के क्षेत्रीय अध्यक्ष राम सिंह पटेल और उनके पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष अखिलेश वर्मा और अन्य सहयोगियों ने इकट्ठा होकर श्रद्धांजलि देने के बाद शहीद स्मारक पर दुर्घटना में जो भी मृतक थे सभी की आत्मा की शांत की दुआ किया ईश्वर से प्रार्थना किया की ऐसी घटनाएं न हो, ईश्वर से प्रार्थना की गई।

### पिता ने पुलिस ने लगायी बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार

**जालौन (उरई)।** प्रतापपुरा स्थित कोल्ड स्टोर पर काम करने वाले व्यक्ति की बेटी दो दिन से लापता है। बेटी का मोबाइल भी स्विच ऑफ बता रहा है। पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। बिहार प्रदेश के ग्राम समसा निवासी सनोज ने पुलिस को बताया कि वह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा के पास स्थित कोल्ड स्टोरेज में काम करता है। उसके साथ परिवार के सभी सदस्य भी रहते हैं। बीती 11 जून की शाम करीब तीन बजे तक उनकी 16 वर्षीय बेटी घर पर ही थी। इसके बाद वह बाहर निकली तबसे वह वापस नहीं लौटी है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला है। वह अपने साथ मोबाइल भी लिए है। लेकिन उसका नंबर स्विच ऑफ बता रहा है। पीड़ित पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए बेटी की सकुशल बरामदगी गुहार पुलिस से लगाई है।

## लू के थपेड़ों से त्रस्त लोगों को राहत के लिये वाटर कैनन से सड़कों पर कराया पानी का छिड़काव

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



भीषण गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों से राहगीरों, दुकानदारों और आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए नगर पालिका परिषद जालौन द्वारा नगर क्षेत्र में वाटर कैनन से सड़कों एवं प्रमुख स्थानों पर पानी का छिड़काव किया गया।

नगर के मुख्य चौराहों, बाजार क्षेत्रों, भीड़भाड़ वाले मार्गों तथा सार्वजनिक स्थलों पर छिड़काव कार्य कराते हुए पालिका की टीम ने दोपहर के समय लोगों को तपन से कुछ राहत प्रदान की। छिड़काव के दौरान धूल शांत हुई और वातावरण में ताजगी का अनुभव हुआ, जिससे आमजन को कुछ समय के लिए गर्मी से राहत मिली। नगर पालिका अध्यक्ष नेहा पुनीत मित्तल के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि गर्मी की गंभीर स्थिति को देखते हुए नगरवासियों की सुविधा के लिए पालिका प्रशासन सतत प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि गर्मी के इस मौसम में सड़कों पर धूल और तापमान की अधिकता लोगों के लिए परेशानी का कारण बनती है, ऐसे में नियमित अंतराल पर पानी का छिड़काव कराया जाएगा। पालिका प्रशासन द्वारा यह भी बताया गया कि आने वाले दिनों में नगर के अन्य हिस्सों में भी इस प्रकार की सुविधा दी जाएगी। साथ ही, सार्वजनिक स्थानों पर पेयजल एवं प्याऊ व्यवस्था को और बेहतर बनाने पर भी कार्य किया जा रहा है। इस दौरान पालिका के कर्मचारियों ने मशीनों की मदद से छिड़काव कार्य संपन्न किया।

नगरवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे गर्मी से राहत दिलाने की एक उपयोगी और जरूरी पहल बताया।

### मनरेगा कार्यों का डीसी ने किया निरीक्षण



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक में मनरेगा के तहत चल रहे विकास कार्यों का गुरुवार को डीसी मनरेगा बृजेश त्रिपाठी ने निरीक्षण किया। उन्होंने खुर्दमऊ में ब्लॉक सिरौलीगौसपुर के सामने हो रहे इंटरलॉकिंग कार्य का जायजा लिया। इसके बाद डूंडी का गढ़हा तालाब और बिरौली तालाब का भी निरीक्षण किया।डीसी ने सभी कार्यों को मानक के अनुरूप करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गांव में ज्यादा से ज्यादा मजदूरों को रोजगार दिया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि कार्यों में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी।वर्तमान में बिरौली ग्राम पंचायत में जोखन तालाब पर 20 महिला और 10 पुरुष मजदूर काम कर रहे हैं। डूंडी ग्राम पंचायत में गाटा नंबर 1215 पर तालाब खुदाई कार्य में 38 पुरुष और 5 महिला मजदूर लगे हुए हैं।निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी अदिति श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक अखिलेश वर्मा, पवन श्रीवास्तव, गजराज वर्मा, रेनू रावत एपीओ मनरेगा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## एआरटीओ कार्यालय पर डीएम-एसपी का औचक निरीक्षण, दो संदिग्ध गिरफ्तार



- कार्यालय के बाहर खुला कैफे संेटर का शटर बंद कर युवक भाग निकले
- बार-बार कार्यालय में आने वाले दलालों को चिन्हित कर की जाए कार्रवाई

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। कार्यालय के बाहर स्थित कैफे सेंटर का शटर बंद कर कुछ लोग भाग निकले। मौके पर मौजूद नगर मजिस्ट्रेट और एसएचओ ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूंछतांछ जारी है।

कार्यालय के औचक निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने प्रवर्तन शाखा, कैश काउंटर, वाहन पंजीयन काउंटर, कॉमर्शियल सेक्शन और ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया की कार्यप्रणाली का गहन अवलोकन किया। उन्होंने सभी पटलों पर लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालय में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए और बार-बार आने-जाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों व दलालों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि स्वयं कार्यालय आकर कार्य संपादित करें और किसी भी दलाल के झांसे में न आएं। यदि कोई व्यक्ति कार्य के नाम पर पैसे की मांग करता है या दलाली की पेशकश करता है, तो उसकी शिकायत कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम नंबर 05162-257090 पर दर्ज कराएं। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार, एसएचओ अरुण राय आदि मौजूद रहे।

## सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह अज्ञात बालक उम्र लगभग 05 माह थाना-राजेपुर, जिला-फर्रुखाबाद के क्षेत्र में प्राप्त हुआ था, जिसे चाइल्ड हेल्पलाइन टीम-1098 के माध्यम से बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया। उक्त बालक को प्राथमिक उपचार के पश्चात बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार दिनांक 20.05.2025 को राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण इकाई, फर्रुखाबाद में आवासित कराया गया है। यदि किसी को बालक के जैविक माता-पिता/वैध संरक्षक के बारे में कोई जानकारी हो तो वह जिला बाल संरक्षण इकाई/बाल कल्याण समिति, फर्रुखाबाद में 02 माह के अन्दर मय साक्ष्य के उपस्थित हो सकता है अथवा सूचना दे सकता है, अन्यथा की स्थिति में उक्त अज्ञात बालक को कानूनी रूप से दत्तक ग्रहण हेतु स्वतन्त्र घोषित कर दिया जायेगा।

**(सचिन सिंह)**
**संरक्षण अधिकारी,**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**
**फर्रुखाबाद**

**(अनिल चन्द्र)**
**जिला बाल संरक्षण अधिकारी**
**जिला प्रोबेशन अधिकारी**
**फर्रुखाबाद**

# भगवान जगन्नाथ का 108 मटकों से हुआ प्रथम स्नान यात्रा महोत्सव

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



श्री श्री गौर निताई परिवार चेरिटेवल ट्रस्ट के द्वारा ज्येष्ठ पूर्णिमा स्नान यात्रा का आयोजन पक्का तालाब परिसर पर किया गया। हमारे स्कंद पुराण के अनुसार भगवान जगन्नाथ जी की वर्ष में एक बार ही होने वाली स्नान उत्सव यात्रा का आयोजन पुरी क्षेत्र की तरह ही किया गया।

भगवान जगन्नाथ जी की विशेष कृपा पात्र बनने के लिए भक्तों ने इस आयोजन को संपन्न किया। इस आयोजन की कथा भगवान के अनन्य भक्त माधव दास से जुड़ी हुई है। जिसके अनुसार भगवान 15 दिन तक गर्भगृह में रहकर काढ़ा खिचड़ी का ही सेवन करते है और फिर 15 दिन के पश्चात अपने भक्तों से मिलने और दर्शन देने के लिए रथ पर सवार होकर निकलते है। उसी भाव में डूबकर भक्तों ने आज भगवान जगन्नाथ का आज पंचामृत के कलश के साथ ही 108 औषधीय जल से युक्त मटकों से भी जलाभिषेक किया गया। पं मनुपुत्र दास द्वारा सभी भक्तजनों ने भजन कीर्तन के साथ महाजलाभिषेक किया और उसके बाद सभी भक्तों को गौर निताई परिवार द्वारा बधाई देते हुए प्रसाद वितरण किया गया। पूजा और भक्ति के अंतर को अवश्य समय लेना चाहिए। पूजा कामनाओं की इच्छाओं पूर्ति का साधन है। और भक्ति भगवत प्राप्ति का साधन है। जिस विधि विधान से यह जगन्नाथ स्नान पूर्णिमा उत्सव संपन्न हुआ उसको समझ पाना और समझा पाना दोनों ही असंभव है।

**-पं मनुपुत्र दास**

# यू विन पोर्टल पर डेटा फीडिंग न किए जाने से डीएम खफा


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

▸ सीएमओ को फीडिंग कार्य सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में यू- विन पोर्टल और आयुष्मान भारत योजना के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्या कार्य होना था। तथा किस कारण नहीं हो पाया और उस कार्य को कैसे पूरा किया जाए। इस पैटर्न में कार्य किया जाए।

जिलाधिकारी ने 860 नवजात शिशुओं के सापेक्ष सौरिख में 03, तालग्राम एवं उमर्दा में एक- एक बच्चा, कुल 05 नवजात शिशुओं का हेपा.बी. वैक्सीनेशन को यू विन पोर्टल पर डेटा फीडिंग न किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि यू-विन पोर्टल पर जिले के सभी नवजात शिशुओं का समय से टीकाकरण व फीडिंग कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिशुओं के प्रारंभिक स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु यह आवश्यक हैं कि कोई भी नवजात टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने निर्देश दिये कि यू-विन पोर्टल पर फीडिंग कार्य में एएनएम व अन्य जिम्मेदार अधिकारी द्वारा लापरवाही करने वालों पर सख्ती से पेश आया जाये। प्रत्येक दशा में यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण एवं वैक्सीनेशन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। कहा कि यू-विन पोर्टल पर सटीक डाटा फीडिंग से स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बनी रहती हैं। उन्होंने विगत 07 दिनो में हसेरन एवं गुगरापुर तथा उमर्दा में 70 वर्ष से अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिको के अधिक संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने पर प्रशंसा करते हुये कहा कि इसी प्रकार सभी ब्लाकों में भी तीव्र गति के साथ वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये जायें। उन्होने कहा कि विगत दिवस ग्राम पंचायत जलेसर ब्लाक गुगरापुर में कैंप के माध्यम से 28 वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

ठीक इसी प्रकार प्लानिंग के तहत कैंप लगाकर कार्ड बनवाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और पात्र लोगों को कार्ड जल्द से जल्द वितरित किए जाएं। जानकारी दी गई कि जनपद में इस सप्ताह में 936 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। बैठक में सीडीओ रामकृपाल चौधरी, सीएमओ डॉ स्वदेश गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# जले हुए गांवों के बनाएं भू अभिलेख : एडीएम

▸ समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण कर शेष ग्रामों का करें सर्वे

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीएम आशीष कुमार सिंह

अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह और अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) देवेन्द्र सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जले हुए गांवो के भू अभिलेख बनाने एवं भू रिकॉर्ड सर्वे के संबंध में बैठक ली।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सर्वेक्षण एवं अभिलेख प्रक्रिया के अंतर्गत अधिसूचित 31 ग्रामों में से 05 गांवों का सर्वेक्षण कार्य चल रहा है। जिसे समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण कर शेष ग्रामों में भी सर्वे कार्य शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामवार भू- मापन, प्रपत्र बनाने एवं पैमाईश आदि किए जा रहे सर्वे कार्यों को खण्डों में विभाजित कर एक टाइम लाइन बनाएं और निर्धारित समय के अंदर कार्य को पूर्ण करें। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ने कहा कि जले हुए गांवो के भू अभिलेख बनाए जाने के अंतर्गत ग्राम कटिघरा में जो 64 आपत्तियां एवं ग्राम सरदामई में 331 आपत्तियां प्राप्त हुई हैं उन्हें समय से निस्तारण किया जाए। इसी प्रकार ग्राम गढ़ियापाह में चको का खाका भूचित्र 30 जून तक तैयार कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जो जिन ग्रामों में अभिलेख बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है।

उसमें तेजी लाएं। बैठक में डिप्टी कलेक्टर रामकेश सिंह, उप जिलाधिकारी तिर्वा अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी रहे।

# प्लेन हादसे के मृतकों को कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के आवास विकास कॉलोनी स्थित गांधी पार्क पहुंचे कांग्रेसी नेताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर अहमदाबाद में हुए प्लेन हादसे में जान गवाने वाले गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री रुपाणी जी तथा बच्चों और डॉक्टर्स को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पीसीसी सदस्य व प्रदेश महासचिव संजय पौल ने कहां प्लेन में तकनीकी खराबी या किसी अन्य कारण की वजह से प्लेन क्रश होकर एक अस्पताल में जा घुसा, जिसमें प्लेन यात्रियों सहित कई डॉक्टरों की भी मृत्यु हो गई। उन्होंने केन्द्र सरकार से निष्पक्ष जांच करके दोषियों को दण्ड दिए जाने की मांग की है। इस दौरान वरिष्ठ नेता ओ.पी त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष अमीर खान, पूर्व नगर अध्यक्ष बहार कुरैशी, जिला महासचिव प्रियंका दुबे, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सी.बी.सिंह, आशीष चौहान, मेराज वारसी, आसिफ, तालिब कुरैशी, अरबाज़ व गोलू वारसी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 50 लाख से अधिक की लागत से होगा निर्माण कार्य

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

▸ टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण होने पर कराई जाएगी कैथ लैब की स्थापना

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री द्वारा जनपद के विकास कार्यों के साथ- साथ प्रशासनिक कार्यों को गति देने और आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में रू0 50.00 लाख से अधिक लागत की निर्माण कार्यों में तेजी लाकर कार्यो को समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराये जा रहे हैं। जनपद में कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लि0 निर्माण इकाई-10, कानपुर द्वारा रू0 1.28 करोड की लागत से राजकीय पॉलीटेक्निक तिर्वा में आवासीय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलीटेक्निक तिर्वा को 5 मई 2025 को हस्तगत करा दिया गया है।

इसी कड़ी में कार्यदायी संस्था उप्र राजकीय निर्माण निगम लिमिटेड, राजकीय मेडिकल कालेज आवासीय इकाई, कन्नौज द्वारा पुनरीक्षित लागत रू0 130.46 करोड़ की लागत से निर्मित राजकीय मेडिकल कालेज परिसर, कन्नौज में हृदय रोग अस्पताल में एक कैथ लैब की स्थापना हेतु दिनांक 23 मई 2025 को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति हो चुकी है। कार्यदायी संस्था परियोजना प्रबन्धक, राजकीय निर्माण निगम, विद्युत इकाई, इटावा द्वारा 6 जून 2025 को टेण्डर की कार्यवाही कर दी गई हैं। टेण्डर की कार्यवाही पूर्ण होने पर कैथ लैब की स्थापना कराई जाएगी।

इसी प्रकार कार्यदायी संस्था सी.एण्डडी.एस., यूनिट-43, उप्र जल निगम (नगरीय), फर्रूखाबाद, मुख्यालय कन्नौज द्वारा रू0 9.30 करोड की लागत से वाह्य न्यायालय छिबरामऊ, जनपद कन्नौज में 03 नग कोर्ट रूम एवं 01 नग मीटिंग हॉल का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर न्याय विभाग, कन्नौज को 22 मई 2025 को हस्तान्तरण की कार्यवाही कराई गई है।

इसी क्रम में कार्यदायी संस्था यू.पी.आर.एन.एस.एस. निर्माण प्रखण्ड, फर्रूखाबाद द्वारा रू0 0.64 करोड की लागत से जनपद में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कन्नौज में ब्लाक पब्लिक हेल्थ, यूनिट का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर स्वास्थ्य विभाग, कन्नौज को दिनांक 27 मई 2025 को हस्तानान्तरण की कार्यवाही तथा रू0 0.64 करोड की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उमर्दा (तिर्वा) में ब्लाक पब्लिक हेल्थ, यूनिट का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर स्वास्थ्य विभाग, कन्नौज को दिनांक 24 मई 2025 को हस्तानान्तरण की कार्यवाही एवं इसी कार्यदायी संस्था द्वारा रू0 5.21 करोड की लागत से समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय में स्टाफ आवास का निर्माण कार्य 11 जून 25 को पूर्ण कराकर हस्तानान्तरण की कार्यवाही कराई जा रही है।

# फातेह बिलग्राम मिशन के मेडिकल कैम्प में पहुंचे 103 मरीज़



**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के मोहल्ला बिरतिया स्थित आजाद मकतब पाठशाला में फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से तिब्बे यूनानी फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चला, जिसमें 103 मरीजों ने पहुँच कर लाभ उठाया। हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी के द्वारा फ़ातेह बिलग्राम मिशन तिब्बे यूनानी फ्री मेडिकल कैम्प में बरेली के मशहूर हकीम अब्दुल हक ने मरीजों को देखा और मर्ज के हिसाब से मरीज को दवाईया दी गई।

# रोडवेज की आड़ में डग्गामार प्राइवेट बस को किया सीज




**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

▸ 20,250 रुपये किया गया जुर्माना
▸ सौरिख से दिल्ली तक सवारी ढोती थी प्राइवेट बस

रोडवेज के कलर में बस रंगवाकर और आगे उत्तर प्रदेश परिवहन निगम लिखकर डग्गामारी कर रही प्राइवेट बस को पकडक़र सीज कर दिया गया। साथ ही उस पर 20250 रूपये का जुर्माना भी लगाया गया। यह बस सौरिख से दिल्ली बाया छिबरामऊ सवारियां ढोने का काम करती थी।

डग्गामारी करने वाली प्राइवेट बस के संचालक ने रोडवेज के कलर में बस रंगवाकर और आगे शीशों पर उत्तर प्रदेश लिखवाकर जहां परिवहन विभाग की आंखों में धूल झोंक रही थीं। वहीं सवारियों को भी गुमराह कर रही थी। यह बस परिवहन विभाग को लाखों रुपये राजस्व का चूना लगा रही थी। छिबरामऊ डिपो प्रभारी रामखिलावन ने बताया कि पिछले लंबे अरसे से इस बस की तलाश थी। इसको लेकर आरटीओ को भी शिकायत की गई थी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े 9 बजे प्रेमपुर के पास इस बस को पकड़ लिया गया। इस दौरान सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सुभाषचंद्र और वह मौजूद रहे। बस में करीब 25 सवारियां थीं। सूचना पर पहुंची पीटीओ सुनीता सैनी ने जब जांच की, तो उसके पास कोई परमिट नहीं मिला। ऐसे में उन्होंने बस को सीज कर निगम मंडी चौकी पर खड़ा करा दिया। साथ ही उस पर 20 हजार 250 रूपये जुर्माना भी लगाया।



## आंगनबाड़ी कार्यकत्री ग्रामीणों को करें जागरूक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** विकास खंड मुख्यालय सभागार में आयोजित हुई बाल सरंक्षण इकाई बैठक में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को जागरूक किया गया।

बैठक में बाल संरक्षण और महिला संबंधित अपराध रोके जाने को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देश दिए गए कि वह गांवों में ग्राम प्रधान की मौजूदगी बैठक कर ग्रामीणों को बाल संरक्षण और महिला संबंधित अपराध रोके जाने को लेकर जागरूक करें। साथ ही उन्हें हेल्पलाइन नंबरों के बारे में भी जानकारी दी। उधर, खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी से परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को गुड टच व बैड टच को लेकर जानकारी देने को कहा गया। इसके साथ ही वहां चाइल्ड समेत अन्य हेल्पलाइन नंबर लिखवाने की भी बात कही गई। बैठक में खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राहुल पाल, जिला सामाजिक कार्यकर्ता अंकुश कुशवाहा, बाल संरक्षण इकाई पुलिस, सीडीपी रमाकांती, बीईओ आनंद द्विवेदी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि मौजूद रहे।

# घरेलू विवाद से परेशान व्यक्ति ने लगाई फांसी

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम भगवंतपुर भड़ियाहीन निवासी एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद से छुब्ध होकर घर के कमरे में फांसी लगा ली। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से उतार कर सौ शैया अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

ग्राम भगवंतपुर भड़ियाहीन निवासी पंकज पुत्र जयदत्त कन्नौज के ग्राम रतनपुर हयात नगर में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात था। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि वह सीडीओ का ड्राइवर था। हालांकि उसके कार्य की पुख्ता जानकारी नहीं हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार पंकज 2 दिन पूर्व ही अपने घर भगवंतपुर आए हुए थे। उसके दूसरे दिन की शाम को घर में कुछ आपसी विवाद हो गया, जिससे छुब्ध होकर शुक्रवार की सुबह पंकज ने कमरे में लगे पंखे पर अंगोछा से फांसी लगा ली। घर वालों ने किसी तरह गेट तोड़कर पंकज को बाहर निकाला और सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक की पत्नी नेहा, पुत्र माधव, पुत्री गौरी तथा दो भाइयों पंकज किशोर और पवन कुमार का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

## धूप की तपिश से गश खाकर गिरे बाइक चालक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बेवर से दवाई लेकर वापस घर पत्नी को साथ लेकर लौट रहे बाइक सवार युवक को धूप की तपिश के कारण ग्राम घिलोई के पास अचानक चक्कर आ गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए सौ शैया अस्पताल ले जाया गया। यहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। नगर के मोहल्ला बजरिया हाल पता तहसील गेट निवासी दीपक पुत्र रामविलास कपड़ों में प्रेस लगने का कार्य करता था। शुक्रवार को वह अपनी पत्नी को बाइक से बेवर किसी वैध के यहां दवाई दिलाने के लिए ले गया था। वहां से वापस लौटते समय धूप की तपिश के कारण अचानक ग्राम घिलोई के पास दीपक की हालत बिगड़ गई। पत्नी ने गाड़ी साइड में खड़ी कराई तभी दीपक को चक्कर आ गया और वह वही गिर कर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। दीपक अपने मां-बाप का एकलौता पुत्र था। मृतक अपने पीछे पत्नी बाबली, दो पुत्र संगम और आंसू तथा पुत्री साधना और वैष्णवी को रोता बिलखता छोड़ गया।

# हत्या के आरोप में सजा काट रहे कैदी की उपचार के दौरान मौत

▸ मृतक के परिजन बोले, जेल प्रशासन की लापरवाही से मौत

**तिर्वा,कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


मोर्चरी के बाहर गमगीन बैठे मृतक के परिजन

राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में शुक्रवार की सुबह एक कैदी की उपचार के दौरान मौत हो गई। कैदी को शुक्रवार को ही जिला जेल से हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज लाया गया था। कैदी की मौत का समाचार मिलते ही परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। परिजनों ने जिला जेल के अफसरों पर लापरवाही के आरोप जड़े हैं।

कानपुर के रामबाग निवासी विजय शंकर तिवारी (68) पुत्र रामकुमार तिवारी हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे थे। उनको एक हत्या के मामले में सजा सुनाई गई थी। पिछले बर्ष वह जिला जेल कानपुर से अनौगी गांव स्थित जिला जेल कन्नौज शिफ्ट किए गए थे। यहां शुक्रवार की सुबह उनकी तबीयत खराब हुई, तो जिला जेल ने उनको मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती करवा दिया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कैदी की मौत का समाचार मिलते ही परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। मेडिकल कॉलेज पहुंची मृतक कैदी की पत्नी अमिता ने जेल प्रशासन के अफसरों से लापरवाही के आरोप जड़ते हुए कहा कि यदि उनके पति की इतनी ही तबीयत खराब थी, तो समय से अस्तपाल में भर्ती क्यों नहीं करवाया गया। उसने जेल अधीक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि जेल अधीक्षक द्वारा जानते हुए भी उसके पति को उपचार नहीं कराया गया। मृतक कैदी के दो बच्चे भी है। जिसमें अवन्या तिवारी व सारिका तिवारी दोनो बेटियां ही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।


फाइल फोटो मृतक कैदी

# गुरसहायगंज में पैदल गश्त कर सीओ ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


पुलिस बल के साथ पैदल गश्त करते सीओ सिटी

शांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने पुलिस फ़ोर्स के साथ पैदल गश्त कर आम जन मानस को सुरक्षा का एहसास करा रही है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप अजेय ने थाना गुरसहायगंज क्षेत्रान्तर्गत पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व आम जनमानस से वार्ता कर उन्हें सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। साथ ही जनता से शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की।

कहा कि सभी जागरूक और जिम्मेदार नागरिक है। इसलिए पुलिस से दूर नहीं बल्कि नजदीक आए। अपने आस- पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की खबर पुलिस को समय रहते दें। ताकि अपराधियों को पकड़कर जेल भेजा जा सके।

# अभियान चलाकर एक बच्चे को बालश्रम से कराया मुक्त

▸ गुरसहायगंज थाना क्षेत्र के बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर चलाया अभियान, किया जागरूक

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


दुकान पर लोगों को जागरूक अधिकारीगण

शासन द्वारा चलाएं जा रहे बाल श्रम अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में प्रमोद कुमार तिवारी प्रभारी थाना एएचटी मय एएचटी टीम व कीर्ति कुरील श्रम प्रवर्तन अधिकारी गुरसहायगंज के द्वारा थाना गुरसहायगंज क्षेत्र के बस स्टैंड, मैकेनिक की दुकानों, रेलवे स्टेशन, मैन बाजार, इत्यादि स्थानों पर बाल श्रम रोकथाम के अंतर्गत भिन्न- भिन्न दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में अवगत कराकर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान बाल श्रम प्रवर्तन अधिकारी के द्वारा एक बच्चे को बाल श्रम से मुक्त कराकर नियमानुसार कार्यवाही की गई। ए.एच.टी टीम व श्रम प्रवर्तन अधिकारी मय टीम द्वारा शासन एंव प्रशासन जारी टोल फ्री हेल्प लाइन नंबरों के संबंध में जानकारी दी।

## प्रतीक्षालय में मिले शव की हुई शिनाख्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि गुरुवार की शाम लगभग 5 बजे नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित यात्री प्रतीक्षालय में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में रखवा कर उसकी शिनाख्त के लिए छानबीन शुरू कर दी थी। शुक्रवार को मृतक की पहचान सकरावा थाना क्षेत्र के ग्राम कुल्लू खेड़ा निवासी 32 वर्षीय संदीप कुमार यादव पुत्र राकेश चंद्र यादव के नाम से हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज

पत्रांक-313/न.पा.प./2025-26 दिनांक- 13.06.2025

## ई-निविदा सूचना

शासनादेश संख्या 3890/9-5/19/149सा/2019 दिनांक 20 सितम्बर 2019 में विहित प्राविधानों के अन्तर्गत अर्ह ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज जनपद-कन्नौज में 15वां वित्त आयोग के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराना चाहती है जिसके लिए अर्ह ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदाएं ई-टेण्डर पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

**Tender Reference Number-2024-25/17ET**

| क्र.सं. | स्टेज | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Publishing Date | 16.06.2025 | 09:00 AM |
| 2 | Document Download/Sale Start Date | 16.06.2025 | 09:00 AM |
| 3 | Seek Clarification Start Date | 16.06.2025 | 09:00 AM |
| 4 | Seek Clarification End Date | 17.06.2025 | 02:00 PM |
| 5 | Pre Bid Meeting Date | 17.06.2025 | 02:00 PM |
| 6 | Bid Submission Start Date | 17.06.2025 | 03:00 PM |
| 7 | Bid Submission Closing Date | 23.06.2025 | 02:00 PM |
| 8 | Bid Opening Date | 23.06.2025 | 03:00 PM |

ई-निविदा हेतु उल्लेखित कार्यों का विवरण उनकी आगणन लागत निविदा की धरोहर राशि (EMD) निविदा मूल्य तथा समयावधि का विवरण, शर्तें व प्रतिबन्ध पोर्टल www.etender.up.nic.in पर दिनांक 16.06.2025 प्रातः 09:00 बजे से देखा जा सकता है। ई-निविदा पोर्टल पर प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा खोलने की तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में अग्रिम कार्य दिवस पर निविदाएं खोली जायेगी।

**अनिल कुमार**
**अधिशासी अधिकारी/टेण्डर कमेटी अध्यक्ष**

**मुन्नी देवी**
**न.पा.प. गुरसहायगंज**

# यातायात नियमों का पालन करें, जीवन बचायें: एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पुलिसकर्मियों को ब्रीफ करतीं पुलिस अधीक्षक

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा पुलिस लाईन फतेहगढ़ में यातायात नियमों का पालन करने हेतु पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया गया।

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह द्वारा शुक्रवार को परेड ग्राउंड पुलिस लाईन फतेहगढ़ में पुलिसकर्मियों को यातायात नियमों का पालन करने के सम्बन्ध में निर्देशित कर बताया गया कि यातायात नियमों का पालन करना सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा कम होता है और यातायात सुव्यवस्थित रहता है। यातायात के दौरान की गयी एक छोटी सी लापरवाही हमारे साथ-साथ हमारे पूरे परिवार के लिए बहुत घातक साबित हो सकती है। दैनिक जीवन में सुरक्षा के साथ-साथ सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने से हमें सुरक्षित रहने में मदद मिलती है। अपने एवं अपने परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए यातायात नियमो का पालन करें। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा दिनांक 11.06.2025 से दिनांक 13.06.2025 तक कुल 244 वाहनों के चालान किये गये। जिसमें पुलिसकर्मियों के कुल 95 वाहनों के चालान किये गये। जिनका शमन शुल्क 105000/- रुपये वसूला गया। एसपी ने इस दौरान कहा कि सड़क पर चलने के दौरान हमेशा सतर्क रहें और आसपास की गतिविधियों पर नज़र रखें, दोपहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहनें, ट्रैफिक सिग्नल्स और संकेतों का पालन करें, रेड सिग्नल पर रुकें और ग्रीन सिग्नल पर ही चलें। सड़क पर निर्धारित गति सीमा का पालन करें। तेज़ गाड़ी चलाने से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ता है। सीट बेल्ट और हेलमेट पहनना सड़क पर सुरक्षित रहने का एक महत्वपूर्ण तरीका है। शराब पीकर गाड़ी चलाना खतरनाक है। गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग बिल्कुल न करें। सड़क पार करते समय हमेशा सही साइड में चलें और ट्रैफिक की दिशा पर ध्यान रखें। पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में मदद करें और उन्हें जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। एम्बुलेंस, दमकल या पुलिस वाहनों को रास्ता दें।

**पैदल यात्रियों को सड़क पार करने में करें मदद**

## पीआरडी जवान की हालत बिगड़ी, लोहिया में भर्ती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पीआरडी जवान की ड्यिूटी के दौरान हालत बिगड़ गयी। उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार पुत्र हरीराम निवासी महमदपुर ब्लाक व थाना राजेपुर पीआरडी जवान है। उसकी डियूटी कर्नलगंज चौकी पर थी। शुक्रवार को डियूटी के दौरान उसकी हालत बिगड़ गयी। उसे पुलिसकर्मियों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पत्नी अनीता का कहना है कि मेरे पति की हालत बिगड़ी, लेकिन चौकी इंचार्ज व दीवान ने लोहिया अस्पताल में भर्ती नहीं कराया।


लोहिया अस्पताल में भर्ती पीआरडी जवान

# अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शा चालक की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


पंचनामा की कार्यवाही करती पुलिस

अज्ञात वाहन की टक्कर से ई-रिक्शाचालक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार सौरभ गुप्ता उम्र 30 वर्ष पुत्र सतीश चंद्र गुप्ता निवासी बहादुरगंज तराई थाना मऊंदरवाजा ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीती रात करीब 1 बजे ई-रिक्शा से सामान लेकर कमालगंज जा रहा था, तभी लेनगांव के सामने याकूतगंज के पास किसी अज्ञात वाहन ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। घटना की सूचना उधर से गुजर रहे राहगीरों ने 108 एंबूलेंस को दी। सूचना पर पहुंची एंबूलेंस से उसे लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की शादी एक वर्ष पूर्व उजाला देवी के साथ हुई थी। याकूतगंज चौकी इंचार्ज राहुल कुमार ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दलित महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास व उत्पीड़न में आजीवन कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



जनपद न्यायालय फर्रुखाबाद

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एस.सी./एस.टी. न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने दलित महिला के साथ गलत काम करने के प्रयास में देवरूप गंगवार पुत्र स्व. दीनदयाल उर्फ पहलवान निवासी ग्राम सैंथरा कायमगंज को आजीवन कारावास व 1,50,000/- रुपया जुर्माना भी लगाया गया।

जानकारी के अनुसार बीते दो वर्षो पूर्व कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया 03 अगस्त 2023 को गुरुवार समय लगभग 9:30 बजे मेरी पुत्री अपने घर से शौचक्रिया के लिए खेत पर गई थी, तभी देवरूप गंगवार उसे खींचकर आम के बाग में ले गया और दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा, जबकि मेरी पुत्री मानसिक रूप विक्षिप्त थी। वहां पर मौजूद अज्ञात लोगों ने इस घटना की वीडियो बना ली। पुत्री ने घर आकर घटना बताई। तब से वह रो रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता हरनाथ सिंह, अनुज कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अभिनितम उपाध्याय ने देवरूप गंगवार को आजीवन कारावास और 1,50,000/- रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## आंधी-बरसात से चरमराई विद्युत व्यवस्था

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** तेज आंधी बारिश से कई बिजली के पोल टूट गये। जिससे विद्युत व्यवस्था चरमरा गयी। कस्बा नवाबगंज स्थित 3311 केवी विद्युत उपकेंद्र से संबद्ध ग्राम सिरमौरा बांगर से रायपुर जाने वाले मार्ग पर एक 33000 वोल्टेज लाइन का विद्युत पोल उखड़ जाने से तथा तेज आंधी व बरसात के कारण मंझना रोड पर कई पेड़ टूटकर गिर पड़े। जिससे विद्युत व्यवस्था बुरी तरह से चरमरा गई है, लेकिन एसडीओ मनीष वर्मा के निर्देशन में तथा जूनियर इंजीनियर नहीम अख्तर अपने समस्त लाइन मैन की टीम को लेकर 33000 लाइन पर कांबिंग शुरू कर दी है। वहीं लाइनमैन प्रमोद कुमार तथा जूनियर इंजीनियर नईम अख्तर ने बताया है की उखड़े हुए पोल के लिए हाइड्रा मंगवाया गया है जिसे जल्द पोल को सीधा करके गाड़ दिया जाएगा। वही जहां तार टूटे हैं उनके लिए लगातार टीम काम कर रही है और देर रात तक जल्द क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बहाल करने का काम किया जाएगा।

# तीन साइबर अपराधी एटीएम कार्ड, सिम, लैपटॉप व 2,450 की नकदी के साथ गिरफ्तार

**गोवा प्रान्त से की गयी गिरफ्तारी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


घटना का खुलासा करते एएसपी व मौजूद अभियुक्तगण

अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी अमृतपुर/अपराध शाखा अजय वर्मा के नेतृत्व में साइबर अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर क्राइम फतेहगढ़ पुलिस द्वारा साइबर थाना पर पीड़ित सुमित कुमार पुत्र रामनरेश सिंह निवासी ग्राम चाचूपुर थाना राजेपुर द्वारा मु0अ0सं0-03/2025 धारा-318(4) बीएनएस व 66 आईटी एक्ट बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में संदिग्ध खातों की डिटेल व कालडिटेल व लोकेशन के आधार पर संदिग्ध अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी हेतु उच्चाधिकारीगण के आदेशानुसार अन्य प्रान्त जाकर ग्राम मरोड थाना सालीगांव जनपद नोर्थ गोवा स्थानीय थाने से पत्राचार कर थाने से पुलिस बल लेकर संदिग्ध अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी की कार्यवाही करते हुए 03 अभियुक्त जिगर प्रहलाद भाई ठक्कर पुत्र प्रह्लाद भाई उम्र करीब 35 वर्ष निवासी म0नं0 16 पालनपुर पोस्ट पालनपुर थाना पश्चिम जिला बनासकंठा प्रान्त गुजरात, वीरेन बाबूभाई पटेल पुत्र बाबूभाई पटेल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी नं0 30 पालनपुर थाना पूर्वा जिला बनासकंठा प्रान्त गुजरात, उमंग हितेश भाई पटेल पुत्र हितेश भाई उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम पालनपुर थाना पूर्व जनपद बनासकंठा राज्य गुजरात को गिरफ्तार किया गया।

विवेचना के क्रम में सम्बन्धित मुकदमा अपराध संख्या 03/2025 धारा 318(4) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट में धारा 317(2), 111(2)(ii) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए मुकदमा पंजीकृत किया गया।


पूजा वाल्मीकि का स्वागत करते सफाई कर्मचारी

## राज्य निगरानी समिति की सदस्य का सफाई कर्मचारियों ने किया स्वागत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सफाई कर्मचारियों के साथ राज्य निगरानी समिति की सदस्य पूजा वाल्मीकि शुक्रवार को कायमगंज नगर पालिका परिषद पहुँचीं। जहाँ उनका सफाई कर्मचारियों ने फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उनके द्वारा सफाई कर्मचारियों से उनके स्वास्थ्य परीक्षण एवं पीपी किट के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नगर पालिका के वरिष्ठ सहायक राम भुवन यादव से सफाई कर्मचारियों से सेलरी के बारे मे जानकारी कर खुश हुईं। इस दौरान सफाई इंस्पेक्टर अनिल आजाद से भी कर्मचारियो के सम्बन्ध मे वार्ता की। इस अवसर पर सफाई नायक सुभाष चन्द्र, विजेन्द्र, विमलेश, रमेश उपस्थित रहे। नगर पंचायत शमसाबाद के बाबू पवन कुमार, नगर पंचायत खिमसेपुर के बाबू राम भुवन यादव मौजूद रहे।

# बरसात से मिली लोगों को राहत, मक्का किसानों के मुरझाये चेहरे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


खेतों में फैली किसानों की मक्का

भारी गर्मी तथा उमस के बीच हुई बरसात से जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वही खेतों में फैली मक्का से किसानों के चेहरे मुरझा गये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज कस्बा नवाबगंज तथा आसपास क्षेत्र में बीते दो सप्ताह से लगातार भीषण गर्मी का दंश लोग झेल रहे थे। जिसमें हर इंसान को भीषण गर्मी की वजह से चैन नहीं मिल पा रहा था।

जिसके चलते शुक्रवार को दिन में भी भीषण गर्मी होने के बाद एकाएक 3:00 बजे के लगभग बरसात होने लगी। जिससे ठंडा मौसम तथा ठंडी हवाओं से लोगों को गर्मी में राहत मिली, वहीं जिन किसानों के खेत में मक्का फैली हुई है उनके चेहरे मुरझाये नजर आए, लेकिन सभी लोगों को गर्मी से राहत मिलते ही लोगों ने कहा कि अभी कोई अधिक नुकसान नहीं होगा, लेकिन गर्मी से तो राहत मिलेगी। कस्बे के आसपास के गांव सिरमौर बांगर, हमीरपुर, हुसैनपुर बेग, जाफर नगर, नागला बारंग, नगला जोधा, सोना जानकीपुर, नगला दुर्गू आदि क्षेत्र में पानी की बरसात से लोगों में ने लोगों ने जहां भीषण गर्मी से कुछ राहत महसूस की, वहीं मक्का किसान साबिर खान, रामबाबू यादव, रणवीर सिंह यादव, गंगा सिंह यादव, इदरीश खान, भूरे ठाकुर, नमन यादव आदि किसान मक्का की फसल को लेकर चिंतित दिखे।

# तेज आंधी-पानी में गिरी पक्की दीवार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


गिरी दीवार की ईंटों को हटाता ग्रामीण

तेज आंधी व बरसात के चलते दीवार गिर पड़ी। जिससे लोग बाल-बाल बच गये। वहीं कुछ टीन शेड भी उड़ गये।

जानकारी के अनुसार अपराह्न करीब 3 बजे तेज आंधी के साथ बरसात होने लगी। इस दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम जाफर नगर में तौफीक पुत्र रफीक के मकान की दीवार भरभराकर गिर गयी। जिससे लोग बाल-बाल बच गये। जब दीवार गिरी, तभी एक ई-रिक्शा वहां से गुजर रहा था, वह भी दीवार की चपेट में आने से बच गया। अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। इसके अलावा गांव में रखे की लोगों के टीन शेड भी उड़ गये। जिन्हें लोगों ने उठाकर पुनः अपने यथास्थान पर रखा।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मार्ग दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जिसे राजेपुर सीएचसी ले जाया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मोनू पुत्र आशाराम निवासी फूलपुर कन्नौज मिर्जापुर रिश्तेदारी से बाइक द्वारा वापस आ रहा था, तभी रास्ते में एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गयी। जिससे वह घायल हो गया। उसे राजेपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से हालत बिगड़ने पर उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल परिसर से हटवाया गया अतिक्रमण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



अतिक्रमण हटवाती पुलिस

डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल परिसर में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस दौरान कई दुकानों को हटवाया गया। इस दौरान कई दुकानदारों के चालान किये गये।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका विनोद कुमार के नेतृत्व में अतिक्रमण अभियान चलाया गया।

इस दौरान कई दुकानदार जो वर्षों से अपनी-अपनी दुकानें लगाकर अतिक्रमण किये थे, उनकी दुकानों को हटवाया गया। साथ की कई दुकानदारों का चालान किया गया। जिसमें धर्मवीर पर 4000, संजू गुप्ता पर 500, रविंद्र ट्रेडिंग कंपनी पर 5000 के अलावा उदयवीर, शिवम, रघुवीर का क्रमशः 500-500 रुपये का चालान किया गया। वहीं कई वर्षों से डॉ0 राम मनोहर लोहिया फील्ड में एक कबाड़ी की दुकान रखे था।

जिसको हटवाया गया। वहीं की दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी-अपनी दुकानें हटा लीं। इस दौरान कादरीगेट थानाध्यक्ष अमोद कुमार सिंह कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# मनरेगा कार्य में लापरवाही बरतने पर बीस रोजगार सेवकों के मानदेय पर लगी रोक

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

मनरेगा कार्य में लापरवाही तथा कुछ पंचायतें शून्य होने पर बीस रोजगार सेवकों का 2 महीने का मानदेय रोक दिया गया। जानकारी के अनुसार कमालगंज खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद शर्मा ने मनरेगा पोर्टल पर छह ग्राम पंचायत शून्य प्रदर्शित होने तथा अन्य पंचायतों में लापरवाही बरतने पर बड़ा एक्शन लिया है। मनरेगा में लापरवाही बरतने वाले बीस रोजगार सेवकों का 2 महीने अप्रैल तथा मई का मानदेय पर खंड विकास अधिकारी ने रोक लगा दी है। रोजगार सेवको को नोटिस थमाते हुए सभी से स्पष्टीकरण मांग लिया गया है। खंड विकास अधिकारी त्रिलोकचंद शर्मा ने कार्य मे लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत अमानाबाद के अमर मौर्या, भूलनपुर चिरपुरा के आशीष चंद्र, शेरपुर सराय के गजराज सिंह, सरफाबाद के शमीम अली, गौसपुर तथा नगला दाऊद के मोहम्मद असलम, रूनी चुरसाई के रघुनाथ, हैदरपुर के राहुल, भटपुरा के संदीप, महरूपुर बीजल के अभिषेक कुमार, पंजूखिरिया के सुनील गुप्ता, बेहटा के शिवपूजन, फतेहउल्लापुर रानूखेड़ा उगरपुर सुल्तान पट्टी के सहदेव सिंह, ईसापुर की अफरोजा बेगम, लक्ष्मण नगला अहमदपुर देवरिया बहोरा के रामनारायण, नियामतपुर ठाकुरान की सुबीन तिवारी, चुनूपुर गढ़िया सिरोंज की फिरोज खान सहित सभी ग्राम पंचायत के रोजगार सेवकों को नोटिस जारी कर मानदेय पर रोक लगी दी है।

# प्रशासनिक अधिकारियों ने लोहिया अस्पताल के चिकित्साधिकारी व कर्मचारियों के साथ बैठक की

**व्यक्तिगत विद्युत कनेक्शन कराने के दिए गए निर्देश**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


अस्पताल परिसर में वार्ता करते अधिकारीगण

प्रशासनिक अधिकारियों ने लोहिया अस्पताल के चिकित्साधिकारी तथा कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें व्यक्तिगत विद्युत कनेक्शन करवाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पियूष दुलारे, लोहिया अस्पताल के अधीक्षक अशोक प्रियदर्शी तथा अधिशासी अभियन्ता दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने लोहिया अस्पताल के कर्मचारियों की बैठक ली। जिसमें व्यक्तिगत रुप से विद्युत कनेक्शन करवाये जाने के लिए आदेशित किया गया। साथ ही कहा गया कि आप सभी लोग शनिवार 14 जून को को प्रातः 10 बजे आधार कार्ड, एक फोटो, आवास आवंटन की प्रति, मानव सम्पदा कोड/आईडी कार्ड कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। यदि किसी के द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है तो उसको विद्युत आपूर्ति नहीं मिलेगी। साथ ही आप कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर कर सकते हैं। जिसमें निर्धारित फीस भी लगेगी। बिना विद्युत कनेक्शन के किसी के आवास में विद्युत चोरी पायी जाती है तो उसके लिए संबंधित विरूद्ध विद्युत विभाग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

# भाकियू स्वराज संगठन ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


ज्ञापन देने के बाद मौजूद भाकियू स्वराज संगठन के पदाधिकारी

भारतीय किसान यूनियन स्वराज संगठन के द्वारा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर मुन्नालाल सक्सेना के नेतृत्व में आठ सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी कायमगंज के द्वारा मुख्यमंत्री को भेजा गया। इसके साथ ही छः सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को संबोधित दिया गया।

मांग पत्र में जनपद की तहसील कायमगंज के अंतर्गत गांव बहवलपुर मिस्तनी से लेकर ढाईघाट तक गंगा नदी के दक्षिणी किनारे गंगा की बाढ़ से जल को रोकने के लिए बंधा बनवाया जाए। जिससे किसानों की फसलें बाढ़ से बर्बाद ना हों, किसानों के द्वारा उत्पादित फसलों का लागत मूल्य से दो गुना एमएसपी निर्धारित किया जाए, फसलों की निर्धारित एमएसपी पर 25 प्रतिशत तक बोनस दिया जावे, कृषि यंत्रों पर जीएसटी समाप्त की जाये, किसानों को सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली 20 घंटे दी जाए, नहरों में पानी प्रारंभ से लेकर अंतिम छोर तक छोड़ा जाए, स्वास्थ्य व्यवस्था बेहतर करने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी प्राइवेट अस्पतालों की जांच कराएं, कस्बा कायमगंज में नकली दवाओं की बिक्री हो रही है। ऐसी दवाएं कायमगंज के डॉक्टर भी लिख रहे हैं जिससे मरीजों को लाभ नहीं मिल रहा है। अच्छे कमीशन के लालच में व्यापार फल फूल रहा है, जिसकी जांच कराई जाए, पुलिस, लेखपाल शिकायतकर्ता की नहीं सुन रहे हैं झूठी रिपोर्ट लगाकर सरकार को गुमराह कर रहे हैं। शिकायतों का निवारण नहीं किया जा रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

अधिकारी कर्मचारियों कर्मचारियों को शिकायत के आधार पर जेल भेजा जाए, कस्बा कायमगंज में विद्युत आने जाने का कोई समय नहीं है लाइनमैन नावेद और कल्लू जब चाहते हैं तब शट डाउन ले लेते हैं।

जिससे रोस्टर के अनुसार बिजली नहीं मिलती। एक्सईएन, एसडीओ व जेई की नहीं चलती। उपरोक्त कर्मचारियों को तत्काल हटाकर अन्य किसी कर्मचारी की नियुक्ति की जाए, नगर पालिका कायमगंज पेयजल के लिए नाली की सिल्ट युक्त गंदा पानी दे रही है। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जाए, कस्बा कायमगंज के मोहल्ला जवाहरगंज में स्थित शापिंग काम्प्लेक्स और बारातघर की साफ-सफाई, रंगाई पुताई कराई जाए और शापिंग काम्प्लेक्स में लगी समय का कनेक्शन पूर्व की तरह वाटर लाइन से कराया जाए जिससे जवाहरगंज में पेयजल की समस्या दूर हो, आदि सहित कई मांगें शामिल हैं। इस मौके पर प्रदेश सचिव मुन्नालाल सक्सेना, जिला महामंत्री मंजेश यादव, जिला उपाध्यक्ष विपिन ठाकुर, ब्लाक अध्यक्ष हेतराम वर्मा, बिंदु सिंह गंगवार, प्रताप सिंह गंगवार, रामलाल गुप्ता, रामवीर, महिपाल सिंह राजपूत और श्रीकृष्ण शाक्य आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रेन से कटकर अधेड़ की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

थाना क्षेत्र के गांव शेखपुर निवासी राम बहादुर ने शुक्रवार सुबह किसी समय ट्रेन से कटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

जानकारी के अनुसार लगभग 50 वर्षीय राम बहादुर कल शाम अपने घर से अपने परिवार को बिना बताए घर से निकल गया। सुबह जब सूचना मिली तब जानकारी हुई है। वहीं परिवार वालों ने बताया कि वह नशे के आदि थे और मानसिक तनाव में रहते थे। जिसके चलते शायद उन्होंने आत्महत्या की है। काफी देर तक ट्रेन से कटा हुआ शव छत विछत पड़ा रहा। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस तथा रेलवे पुलिस ने ग्रामीणों से पूछताछ की, तो कुछ ग्रामीणों ने शेखपुरा गांव निवासी रामबाबू के रूप में उसकी शिनाख्त की। जिसके बाद सुबह घरवालों को सूचना मिली। जिस पर मौके पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के भाई रामसागर ने बताया कि मेरे भाई के 6 बच्चे हैं। जिनमें तीन बच्चे, दो बेटी तथा एक बेटे की शादी हो चुकी है। बाकी बच्चे बाहर कमाते खाते हैं। वही पत्नी किरण के सहित परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# डीएम ने संचालित योजनाओं की करी समीक्षा, दिए निर्देश

- खाद्य तथा रसद विभाग आपूर्ति शाखा के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक


बैठक लेते डीएम व मौजूद अधिकारीगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में खाद्य तथा रसद विभाग आपूर्ति शाखा के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।

जनपद में 38278 अन्त्योदय राशनकार्ड एवं 311582 पात्र गृहस्थी राशनकार्ड प्रचलित हैं। डीएम ने मुख्य सचिव के आदेश के क्रम में 15 जून से 21 जून तक अन्त्योदय राशनकार्ड एवं पात्र गृहस्थी राशनकार्ड का सत्यापन निर्धारित रोस्टर के अन्तर्गत ग्राम सभा की खुली बैठक में कराने के निर्देश दिये तथा सत्यापन में पाये गये अपात्रों का राशनकार्ड निरस्त करने के साथ सचेत किया गया कि कोई भी पात्र व्यक्ति राशनकार्ड पाने से वंचित न रहें। जनपद में रिक्त 13 उचित दर दुकानों का प्रस्ताव 15 दिवस के अन्दर कराने के साथ उनकी नियुक्ति हेतु निर्देशित किया गया।

जनपद में वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डो के सापेक्ष 82.86 प्रतिशत ई0 के.वाई.सी. का कार्य पूर्ण होने के दृष्टिगत डीएम ने समस्त पूर्ति निरीक्षकों अतिशीघ्र शत-प्रतिशत ई-केवाईसी कराने हेतु निर्देशित किया। जनपद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत चयनित 75 मॉडल उचित दर दुकान वित्तीय वर्ष 2023-24 के सापेक्ष 02 मॉडल उचित दर दुकान अपूर्ण है एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित 75 मॉडल उचित दर दुकानों के सापेक्ष मात्र 05 उचित दर दुकानों पर ही निर्माण कार्य प्रारम्भ होने के सम्बन्ध में डीएम ने रोष प्रकट करते हुये समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को पूर्व से लम्बित 02 दुकानों का निर्माण कार्य 15 दिवस में पूर्ण कराये जाने तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में चयनित दुकानों पर निर्माण कार्य 01 सप्ताह में प्रारम्भ कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद में पेट्रोल पम्पों की स्थापना के अन्तर्गत लम्बित एनओसी हेतु समस्त सम्बन्धित विभागों को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देश दिये गये। इसके साथ ही खाद्यान्न के समयबद्ध उठान व वितरण के पारदर्शी व्यवस्था हेतु जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी को भी निर्देशित किया गया। डीएम ने निर्धारित समयावधि में उक्त समस्त कार्यो को पूर्ण कराने के साथ यह भी निर्देश दिये कि उपरोक्त कार्यो में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशाषी अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी, जिला पंचायतराज अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत, जिला अग्निशमन अधिकारी एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व समस्त पूर्ति निरीक्षक जनपद उपस्थित रहें।

# युवक की बरामदगी व आरोपियों पर कार्यवाही की मांग को लेकर दिया धरना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रदर्शन कारियों को समझाती सीओ

अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू मंच के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना देकर कार्यवाही करने की मांग की। जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन में दर्शाया गया कि रमेशचन्द्र पुत्र रामऔतार निवासी ग्राम व पोस्ट याकूतगंज थाना कोतवाली फतेहगढ़ के द्वारा प्रार्थनात्र 27 मई को कोतवाली में दिया गया था। जिसमें 29 मई को धारा 115(2), 352, 251(2), 140(3) मुल्जिमान मलिक, सोरिस पुत्रगण असलम व खालिज पुत्र नामालूम व एक अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पजीकृत कराई थी। उन्हें संभावना है कि रमेश चन्द्र के पुत्र सुनील की मारपीट कर हत्या कर दी गई, शव गायब कर दिया गया। पुलिस मामले को संज्ञान में नहीं ले रही है और न ही सही से विवेचना हो रही है। आरोपियों की अभी तक गिरफ्तारी भी नहीं हुई है। रमेश चन्द्र को न्याय दिलाने के लिए परिजनों के साथ ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना दिया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। साथ ही अभियुक्त की गिरफ्तारी व सुनील की बरामदगी की मांग की गई है। धरने के दौरान सीओ सिटी से हिन्दूवादी नेता व परिजनों से वार्ता हुई, कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

# 16वीं शरीफ पर अकीदतमंदों ने लोको दरगाह पर टेका माथा, की दुआ


दरगाह पर दुआ करते अकीदतमंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ शहर की एतिहासिक वा गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल की लोको स्थिति दरगाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में जिल्हज महीने की 16 वी शरीफ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। दूर दराज से आए अकीदतमंदों ने अपने-अपने तरीके से फूल वा चादर पेश की और साथ ही छठा सालाना उर्स कुतुबुल अफताब शमसी तेहरानी अलैहि रहमा टोंकवी का भी मनाया गया। जिसमे सभी मजहब के जायरीनों ने हाजिरी दी और अपनी अकीदत पेश की और लंगर भी तकसीम किया गया। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम उर्फ मुहम्मद मियां ने खिताब कर कहा की सभी को खानकाहों से अकीदत रखना चाहिए जोकि आपसी भाई चारे को बढ़ावा देती है। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद वसीम साहब ने बताया सूफि संतों ने समाज से बुराइयों को मिटा कर एक साथ समाज की बुन्याद रखी है और चारों ओर मोहब्बत के हमेशा चिराग रोशन करते रहे। इस मौके पर कव्वाल कमालुद्दीन ने कलाम पेश किये। तू बढ़ा गरीब नवाज है, है दयारे फैजो अता यही ये दरे गरीब नवाज़ है।

इसी दर मै भी फकीर हु मुझे अपने ख्वाजा पे नाज़ है। हाफिज फरहान सबरी, अयान साबरी व आरिश साबरी ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की। इस मौके पर अजहर हुसैन, अंसार साबरी, हाजी इशरत साबरी, रफत हुसैन, हनीफ, मोवीन सबरी राहुल, अंसार साबरी, आकाश, शिवम आदि मौजूद रहे।


छात्रों को पुरुस्कृत करते सपा नेता

## सोना जानकीपुर में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

**फर्रुखाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम सोना जानकीपुर नवाबगंज में समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोहित यादव के नेतृत्व में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सामूहिक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव रहे। उन्होंने प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया एवं माल्यार्पण कर बच्चों तथा अभिभावकों का स्वागत किया। सम्मान समारोह का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को प्रोत्साहन देना और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा को सम्मानित करना था। संचालन अखिल कठेरिया ने किया। इस मौके पर रामपाल सिंह यादव, चन्द्र प्रताप सिंह यादव, शीलू, विजेन्द्र यादव आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही अहमदाबाद में हुए हवाई जहाज हादसे में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# ठा. वीरेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

- शहीद ले. कर्नल रजनीश कुमार की प्रतिमा के अनावरण का मांगा समय


मुख्यमंत्री से मुलाकात करते वीरेन्द्र सिंह राठौर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व भाजपा नेता ठा. वीरेन्द्र सिंह राठौर ने शुक्रवार को लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की।

वीरेन्द्र सिंह राठौर ने भोजपुर विधानसभा के ग्राम कंझियाना में शहीद ले. कर्नल रजनीश कुमार की मूर्ति का अनावरण के लिए मुख्यमंत्री से समय मांगा। उन्होंने निमंत्रण को स्वीकार करते हुए समय देने की बात कही। उन्होंने बताया कि 2016 में प्लेन क्रैश के दौरान ले. कर्नल रजनीश कुमार शहीद हो गये थे। उनकी मूर्ति का अनावरण होना है, जिसके लिए मुख्यमंत्री का समय निर्धारित होते ही तारीख मिल जायेगी। उन्होंने फर्रुखाबाद से लिंक एक्सप्रेस-वे स्वीकृत होने पर मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विकास कार्यों के साथ राजनैतिक चर्चा की और जिले का हाल मुख्यमंत्री ने विस्तार से पूछा। वीरेन्द्र सिंह राठौर की मुख्यमंत्री से मुलाकात अहम रही।

# आम के पेड़ों की बिगड़ती स्थिति की जांच कराने के लिए सीडीओ को सौंपा पत्र


सीडीओ को पत्र सौंपते वैभव सिंह राठौर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नंदसा खिमसेपुर के निवासी और रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक वैभव सिंह राठौर ने मुख्य विकास अधिकारी से की मुलाकात कर जनपद में आम के पेड़ों को बचाने की मांग की। नंदसा खिमसेपुर के निवासी और रिवैम्प इंडिया फाउंडेशन के संस्थापक वैभव सिंह राठौर ने आम के पेड़ों की बिगड़ती स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से वैज्ञानिक जांच कराने के लिए सीडीओ को पत्र सौंपा।

उन्होंने पत्र में मांग की कि कमालगंज, कायमगंज और आसपास के क्षेत्रों में आम के पेड़ों में फैल रही रहस्यमयी बीमारी का आईसीएआर द्वारा गहराई से परीक्षण कराया जाए। हाल के वर्षो में इन क्षेत्रों के आम के बागों में पेड़ धीरे-धीरे सूखते जा रहे हैं, जिससे किसानों और बागवानों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। जनपद में आम केवल एक फसल नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। पेड़ों का बिना किसी स्पष्ट कारण के मरना बेहद चिंता का विषय है। हमें यह जानने की आवश्यकता है कि यह समस्या मिट्टी से जुड़ी है, जलवायु परिवर्तन से, कीटों से या किसी फफूंद जनित बीमारी से। इस रहस्य को सुलझाने के लिए आईसीएआर जैसी वैज्ञानिक संस्था की तत्काल मदद आवश्यक है। ग्रामीण विकास और किसानों के हित में लगातार कार्य कर रही है।

यह पहल संगठन की पर्यावरण संरक्षण और कृषि आधारित स्थायी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संबंधित विभाग बागों का दौरा कर जांच करें और फसल बचाने में महत्वपूर्ण पहल साबित हो।

## खबरें एक नजर में

### रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक संपन्न


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रानी लक्ष्मीबाई सम्मान कोष की जिला संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान में 33 लंबित प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि निस्तारण शीघ्र किया जाए। 2 प्रकरण को प्रतीक्षारत रखा गया है। जिसके संबंध में निदेशालय से निर्देश मांगा जाए। पुलिस नोडल अधिकारी पर चार्जशीट हेतु लंबित प्रकरण में पत्राचार किया जाए। शासन से लगे क्यूरी का निस्तारण जल्दी से जल्दी किया जाए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### नशा विरोधी दिवस पर शराब बंदी की उठायी गई मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस पर शराब बंदी संयुक्त मोर्चा ने शराब बंदी की मांग उठायी। शराब बंदी संयुक्त मोर्चा का आंदोलन लगातार जारी है। राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने मांग की है कि प्रदेश में शराब बंद हो। अपराध और दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके। शराब से कई घर बेघर हुए है। देश की आधी आबादी महिलाओं की है, जो शराब से प्रभावित है। आज शहर में कदम कदम पर विदेशी मदिरा के ठेके खुले है। शराब बंदी संयुक्त मोर्चा मांग करती है कि देश भर में हस्ताक्षर अभियान चलाकर शराब बंदी की मांग की जायेगी। इस मौके पर महेन्द्र प्रकाश आर्य, देवकीनंदन गंगवार, हरिनंदन सिंह यादव, सतेन्द्र बाजपेयी, हेमराज, गीता राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

### नगर पालिका में कैंसर एवं हृदय रोग का लगा निःशुल्क कैंप


जाँच करवाते कर्मचारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पालिका कायमगंज और चरक हॉस्पिटल लखनऊ के तत्वावधान में कैंसर एवं हृदय रोग के निःशुल्क कैंप का नगर पालिका परिषद कायमगंज में आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 राहुल यादव और कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर जीशानुद्दीन अहमद द्वारा रोगियों को निःशुल्क परामर्श दिया गया और निःशुल्क जांचों की सुविधा दी गई। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉक्टर शरद गंगवार अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कायमगंज द्वारा किया गया। कैंप में आए हुए रोगियों के लिए चरक हॉस्पिटल में प्रथम बार दिखाने जाने पर ओपीडी निःशुल्क रहेगी तथा जांचों पर 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह जानकारी मार्केटिंग मैनेजर अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा दी गई। उन्होंने बताया चरक हॉस्पिटल लखनऊ आगे भी कैंसर की लड़ाई के लिए निरंतर कैंप करता रहेगा। साथ ही चरक हॉस्पिटल में आयुष्मान कार्डधारकों को निःशुल्क उपचार की सुविधा है एवं मुख्यमंत्री राहत कोष द्वारा भी उपचार की सुविधा होती है। कैंप में लगभग में 125 लोगों ने सुविधाओं का लाभ उठाया।

# जमीन पर कब्जा करने के मामले में भाई सहित पांच पर याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंग भाई व उसके रिश्तेदारों द्वारा जमीन कब्जा कर लेने के मामले में स्थानीय पुलिस द्वारा कार्यवाही न होने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।

कोतवाली फर्रुखाबाद के क्षेत्र राजीव गांधी नगर निवासी अंजली शाक्य पुत्री स्व. वेदराम शाक्य पत्नी अनिरुद्ध सिंह ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि पिता वेदराम शाक्य ने अपने जीवन काल में अपनी मर्जी से 27 अप्रैल 2024 को अपने दत्तक पुत्र कृष्ण कुमार व चार पुत्रियां ऊषारानी, आशारानी, राधारानी, अंजली के हक में किता मकान स्थित विकास नगर बढ़पुर व कृषि भूमि स्थित दुर्गुपुर परगना शमशाबाद की बावत की थी। 29 जुलाई 2024 को पिता की मौत हो गयी। नगर पालिका परिषद में मकान नं0 107 (ओ) अल्हानगर बढ़पुर स्व0 वेदराम शाक्यं के स्थान पर वसीयत के आधार पर प्रार्थिनी व प्रार्थिनी की तीन बहने व भाई के नाम दर्ज हो चुका है। भाई कृष्ण कुमार व उसकी पत्नी शीला देवी व पुत्र अंशल व उसका साला जगत प्रकाश निवासी चौड़याई, थाना गंजडुण्डवारा जिला कासगंज व साढ़ू रामऔतार निवासी हाथीखाना, कोतवाली फतेहगढ़ चालाक, बेईमान व शातिर दिमांग के व्यक्ति हैं, आपस में सांठगांठ करके प्रार्थिनी व प्रार्थिनी की बहनों के हिस्से का मकान बेईमानी से हड़पने की नियत से वसीयत की सम्पूर्ण जानकारी होते हुये भी मकान का दान पत्र कृष्ण कुमार ने अपने पुत्र अंशल के हक में निष्पादित कराकर 14 अक्टूबर 2024 को उपनिबंधक कार्यालय तहसील सदर में पंजीकृत करा दिया, जबकि उक्त मकान में कृष्ण कुमार का 1/5 अंश है। उक्त लोगों द्वारा षड्यंत्र रचकर फर्जी व कूटरचित दान पत्र तैयार कराकर पंजीकृत कराकर मेरे साथ व मेरी बहनों के साथ धोखाधड़ी की है। होली पर 08 मार्च 2025 को प्रार्थिनी अपने उक्त मकान पर अपने पति व बड़े बहनोई राकेश कुमार शाक्य को लेकर मकान पर गयी तो वहां पर उक्त सभी लोग कृष्ण कुमार, शीला देवी, पुत्र अशल व साला जगत प्रकाश मौके पर मिले। सभी लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारने के दौड़ पड़े और धमकी दी कि अगर दोबारा आने की कोशिश की तो जान से मार देंगे।

# यूनुस अंसारी की शिकायत पर नेशनल पब्लिक स्कूल की मान्यता रद्द

- समस्त अभिलेखीय साक्ष्य एवं अपना अभिकथन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गयी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कैंट भूमि पर अवैध रुप से संचालित नेशनल पब्लिक स्कूल की शिकायत पर डीएम ने तीन सदस्यीय समिति गठित की थी। जिसकी जांच आख्या के आधार पर स्कूल की मान्यता रद्द कर दी गई। यूनुस अंसारी पुत्र अब्दुल शकूर पूर्व हवलदार राजपूत रेजीमेन्ट ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। जिसमें दर्शाया कि नेशनल पब्लिक स्कूल जू.हा. स्कूल फतेहगढ़ की मान्यता कैन्ट परिसर की भूमि पर अवैध रूप से ली गयी है। डीएम ने विद्यालय/भवन की जांच हेतु तीन सदस्यीय समिति गठित करते हुये, गठित समिति को प्रकरण के सम्बन्ध में जांच आख्या कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। समिति द्वारा प्राप्त शिकायती पत्र एवं संलग्नकों तथा विद्यालय/भवन की जौंचोपरान्त उप जिलाधिकारी सदर द्वारा आख्या प्रेषित की गयी। 17 जून 2022 के माध्यम से प्रबन्धक नेशनल पब्लिक स्कूल निकट कैन्ट चौराहा फतेहगढ़ से उन्हे मामले से सम्बन्धित समस्त अभिलेखीय साक्ष्य एवं अपना अभिकथन प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गयी।

प्रबंधक रेहाना खान द्वारा अपना प्रतिउतार प्रस्तुत करके यह कथन किया गया कि सर्वे संख्या-228 कैन्ट फतेहगढ़ प्रार्थिनी के स्व0 पति मो0 इस्माइल खान के पुरखों के समय से रक्षा सम्पदा अधिकारी लखनऊ कैन्ट के जी.एल. आच्छ में कुटुम्ब अधिवासी के रूप में दर्ज चला आ रहा है। बाबू, अमीर हुसैन, स्व0 मो0 इस्माईल के पितामाह थे। रक्षा सम्पदा अधिकारी लखनऊ के कार्यालय से प्राप्त जी.एल.आर. की छायाप्रति इस प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न है, वर्तमान में बाबू अमीर हुसैन के विधिक उत्तराधिकारी प्रार्थिनी व उसका पुत्र अन्बर खां व अत्तद खां निवासी 220 कैन्ट फतेहगढ़ तथा मसूद एडवोकेट निवासीगण बंगला नम्बर-18 कैण्ट फतेहगढ़ है। बाबू अमीर हुसैन का विधिक उत्तराधिकारी होने के नाते स्व. मो. इस्माईल खां को उक्त भूमि का किरायानामा लिखने का पूर्ण अधिकार है। स्व. डॉ. जहीर हुसैन व गोठ इस्माईल खां तथा प्रार्थिनी द्वारा छावनी परिषद में हाउस टैक्स जमा करने की रसीदों की छायाप्रतियां इस प्रार्थना के साथ संलग्न हैं। समस्त अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट विदित है कि जिस भूमि पर विद्यालय के स्थापित होने का विवाद है, वह भूमि विद्यालय की नहीं है, अपितु प्रबन्धिका रेहाना खान ने अपने पति इस्माईल खां से पंजीकृत किरायानामा 26 दिसम्बर 2013 निष्पादित कराकर विद्यालय संचालन का कार्य किया जा रहा है। अभिलेखों के अवलोकन में यह तथ्य सम्पुष्ट नहीं हो पाता कि इस्माईल खां को उक्त भूमि का किरायानामा निष्पादित करने का अधिकार रहा था, यह भी एक तथ्य है कि विवादित बिन्दुओं के प्रेक्ष्य में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्रेषित किये गये पत्र के क्रम में मुख्य अधिशाषी अधिकारी छावनी परिषद फतेहगढ़ द्वारा कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं करायी गयी।

कई बार युनुस अंसारी ने विद्यालय की मान्यता निरस्त करने की मांग की गई। जांच समिति ने 14 अगस्त 2024 को विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पता चला कि विद्यालय प्रबंधिका द्वारा छावनी परिषद से विद्यालय संचालन की अनुमति नहीं ली गई थी। कैंटोमेंट बोर्ड की भूमि से विधिक रुप से बेदखल किये जाने के दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में अशासकीय प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूलों की मान्यता हेतु निर्गत शासनादेश बेसिक शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊ में निहित प्रावधानों के अनुपालन हेतु नेशनल पब्लिक स्कूल जू.हा. स्कूल फतेहगढ़ की मान्यता प्रत्याहरण किया जाना उचित प्रतीत होता है। प्रबंधिका रिहाना खान द्वारा प्रस्तुत किया गया अभिकथन संतोषजनक न पाये जाने पर जांच समिति द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या पर बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज सचिव के द्वारा 2 जून को नेशनल पब्लिक स्कूल जू.हा.स्कूल फतेहगढ़ की मान्यता प्रत्याहरण करने हेतु निर्देशित किया गया। जांच समिति द्वारा की गयी संस्तुति एवं बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा दिये गये निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने आदेश जारी करते हुए नेशनल पब्लिक स्कूल जू.हा.स्कूल फतेहगढ़ की मान्यता रद्द कर दी है।

# छात्रों एवं कैडेट्स को एआरटीओ प्रशासन ने सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में किया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

म्यूनिसिपल इं.कालेज फतेहगढ़ में आयोजित किये गये कार्यक्रम में छात्रों एव कैडेट्स को एआरटीओ प्रशासन वृजेन्द्र नाथ चौधरी के द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट अनिवार्य रूप से धारण करें, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात न करें तथा गलत लेन में न चलें। एआरटीओ द्वारा बताया गया कि जनपद में माह मई 2025 में 43 सड़क दुर्घटनाओं में 27 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है, जबकि माह मई 2024 में 33 सड़क दुर्घटनाओं में 14 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। माह मई 2025 में जनपद में दुर्घटनाओं की संख्या में 30.30 प्रतिशत की वृद्धि तथा मृतकों की संख्या में 92.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। एआरटीओ-प्रशासन वृजेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि माह मई 2025 में जनपद में 43 सड़क दुर्घटनायें घटित हुई हैं, जिनमें 20 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है तथा 24 व्यक्ति घायल हुये हैं। इनमें से 33 सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम एक दो पहिया वाहन शामिल है। 07 दुर्घटनाओं में शामिल दोनों वाहन दो पहिया थे, जिनमें 05 व्यक्तियों की मृत्यु हुई व 04 व्यक्ति घायल हुये। एआरटीओ ने बताया कि रांग साइड ड्राइविंग के मामलों में भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 के अन्तर्गत भी कार्यवाही की जा सकती है जिसमें छः माह तक का कारावास या एक हजार तक का जुर्माना अथवा दोनों हो सकते हैं। रांग साइड ड्राइविंग के कारण मृत्यु होने पर किसी भी प्रकार के मुआवजे हेतु कोई भी दावा शासन को नहीं भेजा जायेगा। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुये राह-वीर योजना की जानकारी दी तथा बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 21 अप्रैल 2025 से राह-वीर योजना प्रारम्भ की गयी है, जो 31 मार्च 2026 तक प्रभारी रहेगी। इस योजना के अन्तर्गत घातक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के उपरान्त एक घण्टे (गोल्डन ऑवर) के अन्दर अस्पताल पहुंचाने से घायल के जीवित रहने पर रू0 25 हजार के पुरस्कार का प्राविधान है। घातक दुर्घटना में बड़ी सर्जरी, न्यूनतम तीन दिन अस्पताल में रहना, मस्तिष्क की चोट, रीढ़ की हड्डी की चोट एवं इलाज के दौरान घायल की मौत सम्मिलित है। राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से मृतकों की संख्या में प्रभावी कमी लाई जा सकती है।


योग करते एनसीसी कैडेट्स

वहीं शिवाय योग पीठ के योगाचार्य अमित सक्सेना द्वारा योग कराया। साथ ही सभी एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग प्रेक्टिस तथा सिखलाई एवं आरआरसी संग्रहालय का भ्रमण कराया गया। लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदा प्रबंधन के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने भूकंप, बाढ़, सूखा, आकाशीय बिजली का गिरना, आग लग जाने से सुरक्षा आदि आपदाओं से बचने के उपाय बताए। घरों में गैस सिलेंडर में आग लग जाने पर अग्निशमन सुरक्षा विभाग से आए उपनिरीक्षक भंवर सिंह द्वारा डेमो देकर एनसीसी कैडेट को बचाव एवं सुरक्षा के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि यदि घर में गैस सिलेंडर में आग लग जाए तो घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सूझबूझ से काम कर करना चाहिए। उन्होंने आग बुझाने के कई तरीके बताए। कैम्प में राजपूत रेजीमेंट सेंटर से ड्रिल इंट्रेक्टर ने एनसीसी कैडेट्स को ड्रिल करने के तरीके, सावधान, विश्राम तथा सामने सैल्यूट, दाएं सेल्यूट, बाएं सेल्यूट, का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल अमरजीत सिंह मलिक, मेजर एसके माधव, लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर, लेफ्टिनेंट चंचल शर्मा, लेफ्टिनेंट शिल्की मिश्रा, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव, थर्ड अफसर संतोष शुक्ला, नरेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सूबेदार सुरेश कुमार, सूबेदार दिनेश, सूबेदार शैलेंद्र सिंह, हवलदार सोनू नागर, हवलदार संजय आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# नहीं रहे पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव

- सपा नेताओं ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि


फाइल फोटो छोटे सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य फर्रुखाबाद एवं कन्नौज के कद्दावर नेत पूर्व सांसद छोटे सिंह यादव का मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में देहांत हो गया। उनका निधन समाजवादी आंदोलन की अपूरणीय क्षति है। वे जीवनभर समाज के वंचित, शोषित एवं पिछड़े वर्गो की आवाज बने रहे। उनका सरल व्यक्तित्व, संघर्षशील जीवन और पार्टी के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उनके निधन पर सभी सपा नेताओं ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, आवागमन बाधित



**आवागमन बाधित होने से यात्री हुए हलकान**

**बीजपुर-सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय बाजार सहित शांतिनगर व रायकालोनी में लगभग एक पखवाड़े से बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश एकबार फिर भड़क गया और शुक्रवार की सुबह महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग एनटीपीसी आवासीय परिसर के स्वागत गेट, डोडहर गेट और सिरसोती गेट पर पहुंच कर चक्काजाम कर दिया।

इस दौरान जहां परियोजना में कार्यरत सैकड़ों श्रमिकों की ड्यूटी छूट गई, वहीं जाम के कारण बैढ़न-बीजपुर सड़क मार्ग पर राख परिवहन में लगी सैकड़ों ट्रक और हाइवा की लंबी लाइन लग गई। एनटीपीसी प्रबन्धन के खिलाफ जमकर नारे लगाए। सूचना पर बभनी एसएचओ कमलेश पाल ने धरना स्थल पर बैठे लोगों को समझाया कि मौके पर एसडीएम और सीओ दुद्धी आ रहे हैं आप लोग एक प्रतिनिधि मंडल बनाकर उनके सामने समस्या रखें समाधान किया जाएगा। इस आश्वासन पर लगभग 6 घंटे बाद लोगों ने धरना समाप्त कर गेट खोल दिया, तब जाकर आवागमन शुरू किया गया। धरने पर बैठे लोगों ने आरोप लगाया कि बिजली के बगैर पानी की किल्लत से लोग जूझ रहे हैं। वहीं भीषण गर्मी में बच्चे बुजुर्ग बीमार पड़ गए हैं। मौके पर पहुंचे एसडीएम निखिल यादव व सीओ दुद्धी प्रदीप सिंह चंदेल ने धरने पर बैठे एक प्रतिनिधि मंडल से एनटीपीसी के अधिकारियों की मौजूदगी में शिवालिक अतिथि गृह में वार्ता किया, जिसमें लोगों ने मांग किया कि पूर्व की भांति एनटीपीसी से बिजली सप्लाई कराई जाए। इस दौरान प्रबन्धन और प्रशासनिक अधिकारियों ने आपस मे वार्ता कर साफ शब्दो में कहा कि वैध कनेक्शन धारकों को ही बिजली दी जाएगी। बाकी व्यवसायिक बिजली हेतु यूपीपीसीएल बिजली बितरण निगम से सम्पर्क कर कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी कर लें। इस मौके पर अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन बृजकिशोर पांडेय, डीजीएम टीएसी मनोज रंजन, बिजली बितरण निगम पिपरी एक्सईएन एके सिंह सहित एचआर और टीएसी के तमाम अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान सुरक्षा ब्यवस्था को लेकर पीएसी बल सहित भारी संख्या में जगह जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे।

# संघ कार्यालय में चोरी से मचा हड़कंप

- रात्रि गश्त में लापरवाही बरतने पर आरक्षी निलंबित

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**



नगर के वार्ड नंबर एक स्थित राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यालय को हौसलाबुलंद चोरों ने निशाना बनाते हुए नगदी समेत अन्य सामानों पर हाथ साफ कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वस्तु स्थिति का जायजा लिया। सीओ सीटी की आख्या पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने रात्रि गस्त आरक्षी को निलंबित कर दिया है। बतादें कि नगर के वार्ड नंबर एक दलित मोहाल में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रॉबर्ट्सगंज इकाई का कार्यालय है।

बुधवार की रात छत के रास्ते हौसलाबुलंद चोर कार्यालय में घुस गए। कमरे में रखी आलमारी का लाक तोड़कर 45 हजार रुपए नकदी समेत मोबाइल व अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी वृहस्पतिवार की दोपहर बाद होने पर हड़कंप मच गया। नगर कार्यवाह महेश शुक्ला की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने वस्तु स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने आसपास के घरों में लगे सीसी टीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो रात करीब एक बजे एक युवक कार्यालय में घुसता दिख रहा है। पुलिस को शक है कि उसी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस युवक की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुट गई है। एएसपी मुख्यालय अनिल कुमार ने बताया कि संबंधित क्षेत्र में रात्रि गश्त के लिए कस्बा चौकी के आरक्षी अनिल कुमार की ड्यूटी लगाई गई थी। सीओ सिटी की आख्या के आधार पर गश्त में लापरवाही बरतने पर आरक्षी अनिल कुमार को निलंबित कर दिया गया है। गश्त की चेकिंग करने वाले दल की सक्रियता की भी जांच की जा रही है। सीसीटीवी के आधार पर चोर की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे पकड़कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए की जाए माइक्रो प्लानिंग : जिलाधिकारी

- आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा में आए बदलाव का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण
- समीक्षा बैठक में अनुपस्थित मिले मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने को दिया निर्देश



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी बीएन सिंह ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ आकांक्षात्मक ब्लाक चतरा में शिक्षा, स्वास्थ्य व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराएं जाने के संबंध में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान अनुपस्थित मिले मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को डीएम ने स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। डीएम ने आकांक्षात्मक विकास खण्ड चतरा में आए बदलाव का स्थलीय परीक्षण कर विस्तृत रिपोर्ट प्रति सप्ताह प्रस्तुत करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। कहा कि ब्लाक में कराए जा रहे कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। नीति आयोग द्वारा संचालित इन कार्यक्रमों के माध्यम से शासन की प्राथमिकता अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सेवा एवं विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने इन कार्यक्रमों को 'अन्त्योदय' की संकल्पना का जीवन्त उदाहरण बताते हुए प्रत्येक जनपद एवं विकास खण्ड को सतत निगरानी और परिणाम आधारित रणनीति से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कहा कि ब्लाक क्षेत्रों में योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन के लिए माइक्रो प्लानिंग की जाएं और नियमित अनुश्रवण हो। जनपद, ब्लॉक या व्यक्ति को विकास के लाभ से वंचित नहीं रखा जाएं। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, डीसी मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीत सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### सर्राफा व्यापारियों की सुरक्षा पर एसपी सख्त

- दुकानों में सीसीटीवी कैमरा सक्रिय रखें, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के दिए निर्देश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज सोमेंद्र मीना ने सर्राफा व्यापारियों के साथ आज शुक्रवार को पुलिस सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखीं। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने सर्राफा व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी कई सुझाव दिए। एसपी ने व्यापारियों को दुकानों में सीसीटीवी कैमरा सक्रिय रखने के निर्देश दिए। कैमरों की नियमित जांच करने को कहा। साथ ही दुकानों की समग्र सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दिया। पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि जनपद पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। साथ ही सभी व्यापारियों से सतर्क रहने और पुलिस से निरंतर संपर्क में रहने की अपील की।

### छत से गिरे युवक की मौत, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान सिद्धार्थनगर जिले के उसका बाजार थाना क्षेत्र के भाटिया गांव निवासी सुरेश कनौजिया के रूप में हुई है। गुरुवार को सुरेश अचानक छत से गिर गए। परिजन उन्हें तत्काल बृजमनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि घटना की सूचना सिद्धार्थनगर के उसका थाने को दी गई है। मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

### किशोरी को भगाने वाले के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी के पिता ने शुक्रवार को थाने में तहरीर देकर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है दिए गए तहरीर में बताया है की है गांव निवासी एक युवक मेरी 17 वर्षीय पुत्री से मोबाइल फोन पर बात करता था की बीते 3 जून को पुत्री को बहला फुसलाकर कही भगा ले गया पुत्री की काफी खोजबीन किया लेकिन कही पता नहीं चला है जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर पर किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत पुरवा अवसान सिंह गांव के चक कोटार के पहड़ी पर स्थित सम्राट अशोक वेलफेयर सोसाइटी के प्रांगण में क्षतिग्रस्त मूर्ति के स्थापना के बाद बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापित होने पर खंड विकास अधिकारी ने ग्राम सचिव संदीप कुमार को सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवाने का निर्देश दिया था। खंड विकास अधिकारी के निर्देशन के बाद ग्राम सचिव ने शुक्रवार को सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया। वहां पर स्थापित बौद्ध मूर्ति एवं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति अब सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में रहेगी।

### जमीन विवाद में चटकी लाठियां, एक जख्मी रेफर

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के करौदा गांव में गुरुवार की रात जमीनी विवाद में दो पक्षों में चले लाठी डंडे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस दोनों पक्षों को थाने बुलाकर कार्यवाई में जुट गई है। क्षेत्र के करौदा गांव निवासी 32 वर्षीय सूर्यप्रकाश का पारिवारिक जमीन को लेकर विवाद काफी दिनों से चल रहा था। गुरुवार को विपक्षी सूर्यप्रकाश के पिता से विवाद कर लिए और अपशब्दों के प्रयोग करने लगे। सूर्यप्रकाश के मना करने पर विपक्षीयों ने लाठी डंडे से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। मारपीट होता देख पीड़ित परिवार के सदस्य ने पुलिस को फोन कर जानकारी दी। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती तब तक विपक्षियों ने सूर्यप्रकाश को लाठी से पीट कर घायल कर दिया। पुलिस बेहोशी हाल में सड़क पर पड़े सूर्यप्रकाश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ लेगई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देख, ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया। सूर्यप्रकाश के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर पूछताछ में जुट गई है। थानाध्यक्ष महेंद्र पटेल ने बताया कि जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। दोनों पक्षो को थाने बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

# हीट वेव से महिला की मौत, पुलिस ने परिजनों की सूचना पर की पंचनामा की कार्रवाई

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव में गुरुवार की रात्रि में 52 वर्षीय अधेड़ महिला की हीट वेव की चपेट में आने से मौत हो गई। मौके पर पहुँचे महिला के परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव का पंचायत नामा की कार्रवाई किया है।

थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी मुनीब कोल की 52 वर्षीय पत्नी राजकली परिवार के सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद अपने घर के सामने जमीन पर लेट गई की हीट वेव की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। महिला काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थी शुक्रवार की सुबह नींद खुलने पर पहुँचे महिला के पति ने महिला को मृत अवस्था में देखकर परिजनों व महिला के मायका पक्ष के लोगो को मोबाइल से सूचना दिया। मौके पर पहुँचे मायका पक्ष के लोगो की सूचना पर पहुँचे एसआई श्याम लाल व हेड कांस्टेबल शैलेन्द्र गुप्ता ने मामले की जांच पड़ताल करने के बाद मायका पक्ष व ससुराल पक्ष से तहरीर लेकर पंचायत नामा की कार्रवाई किया है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि महिला काफी दिनों से अस्वस्थ चल रही थी अत्यधिक गर्मी कि चपेट में आने से महिला की मौत हो गई है। पुलिस द्वारा पंचायत नामा की कार्रवाई के महिला के परिजनों ने महिला का अंतिम संस्कार कर दिया है मृत महिला को चार पुत्री व दो पुत्र है सभी के शादी विवाह हो चुके है। मृत महिला का मायका हलिया पहड़ी पर है इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की काफी दिनों से बीमार चल रही महिला की गर्मी से मौत होने की सूचना मिलने पर एसआई व पुलिस कर्मी को भेजा गया था लेकिन महिला के मायका पक्ष व ससुराल पक्ष के लोग पोस्टमार्टम की कार्रवाई नहीं चाहते थे। पंचायत नामा की कार्रवाई के बाद शव को परिजनों को सौप दिया गया है।

## मकान में लगी आग से हजारों रुपये की गृहस्थी का सामान जलकर राख

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ग्राम पंचायत स्थित पोखडौर मजरे में गुरुवार को पक्के मकान में अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण सोफा, बेड सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों की मदद से बाल्टी घडा से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन तब तक सब कुछ जल गया। पीड़ित ने ग्राम प्रधान सहित राजस्व विभाग को आगजनी की सूचना दे दी है। थाना क्षेत्र के हलिया ग्राम पंचायत के पोखडौर माजरा निवासी फूलचंद को मुख्यमंत्री आवास मिला था जिसमें परिवार सहित निवास करते थे अचानक 2 बजे मकान में अज्ञात कारणों से आग लग जाने के कारण उसमें रखा सोफा, बेड, चारपाई, बिस्तर, टीवी, कूलर, पंखा सहित हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान शिव बाबू सेठ ने ग्रामीणों के साथ आग को बाल्टी, घड़ा से बुझाने के बाद राजस्व विभाग को इसकी सूचना देते हुए पीड़ित को सरकारी मुआवजा दिलाने की बात कहा है। पीड़ित ने बताया कि आग जनी से लाखों रूपये की छति हुई है।





## वामा सारथी उ.प्र. पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोशिसन ने बच्चों के साथ मनाया आम का त्योहार

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हथेड़ा व भटवारी, हलिया गांव के मुसहर आदिवासी बस्ती में गुरुवार कि शाम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह के निर्देश पर वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आम का त्यौहार गरीब परिवार के बच्चों के साथ मनाया गया। वामा सारथी क्षेत्राधिकारी सदर अमर बहादुर की पत्नी अर्चना व क्षेत्राधिकारी सीटी की पत्नी मानवी ने दोनों गाँवो के मुसहर बस्ती के गरीब परिवार के बच्चों के साथ आम का त्यौहार मनाते हुए बच्चों को आम बिस्कुट पानी बाटल का वितरण किया है। गरीब परिवार के बच्चे आम व बिस्कुट पानी पाते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे दोनों गांवो के लगभग दो सौ लोगो व बच्चों को आम बिस्कुट पानी का वितरण किया गया है। वामा सारथी के सदस्य भी बच्चों को आम वितरण करने के बाद प्रसन्नता जाहिर किया है। कहां के गरीब परिवार के ऐसे बच्चे जो आम को तो देख रहे है लेकिन आम का स्वाद नही ले पा रहे है। ऐसे परिवार के बच्चों के लिए वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन उनके साथ आम का त्यौहार मनाते हुए बच्चों को आम बिस्कुट पानी का वितरण कर रहे है। इसी प्रकार प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह ने हलिया के आदिवासी बस्ती में सैकड़ो कि संख्या में बच्चों को आम बिस्किट वितरित किया है। इस दौरान सीओ चुनार मंजरी राव, महिला थानाध्यक्ष ज्ञानु प्रिया, प्रभारी निरीक्षक हलिया वीरेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल इमरान, महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर, सुमन आदि मौजूद रही।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए करें पौध रोपण : सीडीओ



**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को पर्यावरण बैंक की टीम ने विकास भवन में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधरोपण के लिए जागरूक किया। बाद टीम के लोगों ने मुख्य विकास अधिकारी जागृती अवस्थी को एक पौधा भेंट किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मियों का हौसला बढ़ाते हुए सभी से माह जुलाई से चलने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को सफल बनाने की अपील किया। कहा कि प्रकृति के साथ ही मानव हित में पौध रोपण बेहद जरूरी है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सभी को वृक्षारोपण करना होगा। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अनूपम त्रिपाठी, क्रांति सिंह, राजा राम दूबे, अभिषेक मिश्रा, देवानंद पाठक, बृजेश श्रीवास्तव, परमानंद, मनोज पांडेय, सलाउद्दीन, वीरेंद्र, राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्गों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, वितरित की गईं निशुल्क दवाएं



**फरेंदा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को आधारशिला वृद्धाश्रम गणेशपुर वार्ड नंबर 4 आनंद नगर, महराजगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी फरेंदा के द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बुजुर्गो के स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया और उसके निदान के लिए सुयोग्य चिकित्सको के द्वारा निशुल्क दवा भी वितरित की गई। इस दौरान डॉक्टर विशाल चतुर्वेदी, डॉक्टर प्रदीप कुमार, डॉक्टर प्रज्ञा सिंह व प्रवन्धक प्रदीप कटियार सहित आधार शिला वृद्धा आश्रम गनेशपुर के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुल से नीचे गिरकर दो युवक घायल, ट्रामा सेंटर रेफर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**





स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव स्थित सुसुआड़ पुल से गुरुवार कि रात्रि में अनियंत्रित होकर सुसुआड़ पुल से नीचे गिरकर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए। जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों घायलों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। दोनों युवकों के परिजन एम्बुलेंस सेवा वाहन 108 से ट्रामा सेंटर मिर्जापुर लेकर चले गए है लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा गांव निवासी 22 वर्षीय विकास कुमार अपने सढ़ू लालगंज थाना क्षेत्र के सहजी गांव निवासी 22 वर्षीय विनय अपने ससुराल हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे की बाइक से वापस लौट रहे थे की जैसे ही हलिया लालगंज मार्ग बसुहरा गांव स्थित सुसुआड़ पुल पर पहुँचे की बाइक अनियंत्रित होकर बाइक सवार दोनों युवक पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह व एसआई अच्छे लाल यादव ने दोनों घायलों को निजी साधन से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आए जंहा पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया है। मौके पर पहुँचे प्रधान सहजी रविशंकर सिंह ने घायलों को ट्रामा सेंटर भिजवाया है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की बाइक सवार सुसुआड़ पुल से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल होकर उपचार के लिए आए थे प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को ट्रामा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया गया है।

# विमान हादसा पर कांग्रेसियों ने जताया दुःख



- मृत यात्रियों के परिजनों को आर्थिक सहयोग की मांग

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मृत यात्रियों की आत्मा की शांति के लिए कांग्रेसियों ने शुक्रवार को शोकसभा किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने दो मीनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड़ ने कहा कि अहमदाबाद विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी समेत 241 लोगों की हुई मौत से देशवासी दु:खी है। बाद उन्होंने हादसे में मृतक के परिजनों को केन्द्र व राज्य सरकार से पांच-पांच करोड़ रूपए का आर्थिक मदद देने की मांग किया। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऊषा चौबे ने विमान हादसा पर दु:ख प्रगट करते हुए कहा कि विमान से लंदन के लिए रवाना हुए यात्रियों की दर्दनाक मौत से हर तरफ शोक की लहर है। केंद्र सरकार से विमान हादसे की उच्च स्तरीय जांच की मांग किया। कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा कि इस घटना से हर व्यक्ति हतप्रभ है। केन्द्र व प्रदेश सरकार को मृतक के परिजनों को अर्थिक मदद देनी चाहिए। इस मौके पर जय प्रकाश, बसावन गुप्ता, राजू कन्नोजिया, शंकर कन्नोजिया, फूल सिंह, शम्भू, बंगाली, चदंन, गुलाबी, अर्चना पासवान आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



- व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जारी रहेगा नियमित निरीक्षण

जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने आज शुक्रवार को जिला अस्पताल का जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में सक्रिय दलालों पर कार्रवाई की। मरीजों और तीमारदारों से सीधा संवाद किया।

डीएम ने ट्रामा सेंटर, ब्लड बैंक और रैन बसेरा का जायजा लिया। बीती रात अस्पताल परिसर में कुछ प्राइवेट अस्पताल संचालकों की मारपीट की घटना सामने आई थी। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। परिसर में बिना कार्य घूम रहे कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में भी लिया गया है।

डीएम ने ओपीडी में मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। दवाइयों की उपलब्धता और चिकित्सकों के व्यवहार के बारे में पूछा। मरीजों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल निर्देश दिए। ट्रामा सेंटर में आपातकालीन सेवाओं और ब्लड बैंक में रक्त की उपलब्धता की जांच की। अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए कि मरीजों को परेशानी नहीं होनी चाहिए।

दलालों द्वारा मरीजों को गुमराह कर निजी अस्पतालों में ले जाने की शिकायतें आम हैं। डीएम ने कर्मचारियों को लापरवाही न बरतने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए नियमित निरीक्षण जारी रहेगा।

# बिजली की अघोषित कटौती से लोग बेहाल

**फरेंदा-महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

- बिजली की आवाजाही से रतजगा कर छतों पर गुजार रहे दिन
- बिजली की आंखों मिचौली से संचालित संयंत्र बंद, रोजी-रोटी का बढ़ा संकट



सूरज की किरणों से बरस रही आग से बढ़ी जानलेवा गर्मी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बिजली कटौती का कोई समय नहीं है रतजगवा कर छतों पर गुजार रहे हैं जिंदगी जिससे चारों तरफ त्राहि त्राहि मची हुई है। जानलेवा गर्मी से गंभीर बिमारियां अपना पैर फैलाती जा रही है जिससे अस्पताल में ओपीडी बढ़ गई है।

दिन प्रतिदिन बढ़ती बिजली कटौती से लोग बुरी तरह से प्रभावित है लेकिन बिजली विभाग के खोमोशी से हो रही अघोषित विद्युत कटौती से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है जिससे अघोषित विद्युत कटौती जानलेवा गर्मी में घातक साबित हो रही है।छोटे वाहनों से यात्रा करने वाले, पैदल चलने वाले व ईरिक्शा से चलने वाले तथा पैदल चलने वाले, दैनिक मजदूरी करने के लिए गरीबों के लिए चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी मुसीबत बनी हुई है। सूरज की किरणों से बरसती आग से चारों तरफ त्राहि त्राहि मची हुई है जिससे पानी की खपत बढ़ गई है। एक बात और देखा जा रहा है नगर पंचायत आनन्दनगर में एक भी इण्डिया मार्का हैंडपंप न होने से राहगीरों के लिए मुसीबत पैदा हो गई है।

इसी दौरान मनमानी तरीके से हो रही बिजली कटौती से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष न होने से सूरज की किरणों से बरस रही आग से राहगीर अलग परेशान हैं। वहीं बिजली की आंख मिचौनी से सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं के कार्य अलग प्रभावित हो रहे हैं साथ ही साथ बिजली से संचालित संयंत्र बंद होने से दैनिक कार्य अलग प्रभावित हो रहे हैं।रात में भी बिजली कटौती होने से रतजगवा कर छतों पर टहल कर लोग रात गुजार रहे हैं। आज शुक्रवार को हल्का बूंदाबांदी से होने से जहां एक तरफ किसानों की खेती किसानी आसान हो गई है, वहीं दूसरी तरफ मौसम ठंड होने के बजाय उमस भरी सड़ी गर्मी पैदा होने से लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। लोगों का कहना है कि बिजली कटौती का कोई समय नहीं है पिंक आवर में अघोषित विद्युत कटौती होती रहती है जिससे सरकारी गैर सरकारी कार्य सफर कर रहे हैं। बिजली पर आश्रित उद्योग धंधे कल कारखाने अलग प्रभावित हो रहे हैं। इस सम्बन्ध में किसान, व्यापारी, सरकारी, गैर सरकारी संगठनों के लोगों का कहना है कि बिजली विभाग केवल बिजली बिल वसूलने में माहिर हैं बिजली उपभोक्ताओं को हो रही दिक्कत के लिए जवाबदेह नहीं है। लोगों का कहना है कि यही एक विभाग है जो जनता की शिकायतों को नहीं सुनता है न ही कोई जवाब देह अधिकारी कर्मचारी जनसमस्याओं को निस्तारण करने के लिए आगे ही आता है न ही कोई जनसमस्याओं के निस्तारण का लेखा जोखा ही रखता है जिससे आयें दिन बिजली बिल में हो रही हेरा फेरी व सुधार को लेकर जनता विभाग का चक्कर लगाती रहती है।आज आलम यह हो गया है कि जानलेवा गर्मी से चारों तरफ त्राहि त्राहि मची हुई है।

Admission Open
Shri Durga Shiksha Niketan PG College
(Affiliated to Lucknow University)
Chhota Bharwara, Near Sahara Hospital, Gomti Nagar, Lucknow-226028
B.A.,B.Com.,M.Com.,M.A. (Soc.), M.A. (Edu.), B.B.A., D.El.Ed. & B.El.Ed.
Helpline No.- 7570001103, 9415138820, 9450093206
Email : sdsncollege031@gmail.com
Website: www.sdsngroupofcollege.org